राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 81
लखनऊ, शुक्रवार 08 नवंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



10 नए संरक्षण गृहों के निर्माण पर 100 करोड़ खर्च करेगी सरकार 03
केंद्र जल्द जारी करेगा आतंक निरोधक नीति : शाह 12

## संक्षिप्त समाचार

### कोचिंग में लगी भीषण आग कर्मियों ने छात्रों की बचाई जान

**कानपुर।** काकादेव थाना क्षेत्र में स्थित आईआईटी नीट की नामी ग्रामी कोचिंग में गुरुवार को अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंचे अग्निशमन दल के कर्मचारियों ने कोचिंग में फंसे छात्र–छात्राओं को बाहर निकालने में कामयाबी पायी और आग पर काबू लिया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा ने बताया कि काकादेव कोचिंग मंडी में स्थित विद्यापीठ कोचिंग के बेसमेंट में गुरुवार को अचानक आग लग गई। जिस समय आग लगी, उस समय कोचिंग के अन्दर काफी संख्या में छात्र मौजूद थे। आग लगते ही वहां अफरा–तफरी मच गई। आग की सूचना पर तत्काल अग्निशमन दस्ते के कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंचे और कोचिंग में मौजूद छात्र–छात्राओं को सुरक्षित बाहर निकाला और उसके बाद आग पर अथक प्रयास के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाने में कामयाब हो गए। दमकल कर्मियों की सूझबूझ की वजह से एक बड़ा हादसा होने से टल गया।

### पूर्व सांसद व संघ के कार्यकर्ता गोपाल व्यास का निधन

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के नेता, पूर्व सांसद और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता गोपाल व्यास का आज सुबह रायपुर में निधन हो गया। उन्होंने 92 साल की आयु में अपनी अंतिम सांस ली। वो तीन अप्रैल, 2006 से दो अप्रैल, 2012 तक राज्यसभा के सदस्य रहे। उन्होंने भाजपा के लिए जमीनी स्तर पर महत्वपूर्ण कार्य किए।उन्होंने राज्यसभा में राष्ट्रीय हितों से जुड़े अनेक मुद्दों को उठाया । आपातकाल के दौरान गोपाल व्यास ने संघर्ष किया और 1975 से 1977 तक रायपुर जेल में बंद रहे। 2019 से वह सक्रिय राजनीति से दूर थे, लेकिन संगठन को मजबूत बनाने में उनका योगदान निरंतर था। करीब एक महीने पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उन्हें सदस्यता दिलाई थी। इस दौरान, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी मौजूद थे।

### सिद्दीकी हत्याकांड : पुणे से दो और आरोपी गिरफ्तार

**पुणे।** एनसीपी नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या के सिलसिले में मुंबई क्राइम ब्रांच ने पुणे से दो और संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही इस मामले में अब तक गिरफ्तार आरोपियों की कुल संख्या 18 हो गई है। इससे पहले बीते बुधवार को मुंबई क्राइम ब्रांच ने पुणे से गौरव अप्पुने (23) को गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान पुलिस को पता चला था कि गौरव ने बाबा सिद्दीकी की हत्या की योजना बनाने के लिए कई बार अन्य आरोपियों से मुलाकात की थी। रिपोर्ट के अनुसार, पुणे के रहने वाले दोनों संदिग्धों को पुणे में गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है कि गिरफ्तार दोनों संदिग्ध आरोपी प्रवीण लोनकर के संपर्क में थे, जिसने कथित तौर पर उन्हें लगभग 30 पिस्टल की गोलियां मुहैया कराई थीं। संदिग्धों को मुंबई लाया गया है और उन्हें अदालत में पेश किया जाएगा। बता दें कि एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी (66) की 12 अक्टूबर को मुंबई के बांद्रा में उनके बेटे जीशान के ऑफिस के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

# जम्मू-कश्मीर को मजहबी उन्माद में धकेलना चाहती है कांग्रेस : योगी

समृद्धि न्यूज

▸ एक स्वर से 140 करोड़ भारतीय बोलेंगे तो दुनिया के किसी इंसान में दुस्साहस नहीं होगा कि वह हमारी ओर टेढ़ी नजर कर पाए



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जम्मू-कश्मीर की नेशनल कांफ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन की सरकार ने वहां की विधान सभा में अनुच्छेद 370 और 35ए को फिर लागू किए जाने का जो प्रस्ताव पारित किया है, कांग्रेस उसका विरोध करे अन्यथा देश में उसकी वही स्थिति हो जाएगी जो जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 और 35ए की हुई है। एक ओर जहां हम लोग समाज को जोड़ने का काम कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कुछ तत्व भारत में रहकर भारत की अस्मिता के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। याद रखना उन्हें हमें बर्दाश्त नहीं करना है। एक स्वर से 140 करोड़ भारतीय बोलेगा तो दुनिया के किसी में दुस्साहस नहीं होगा कि वह हमारे ओर टेढ़ी नजर कर पाए।

अगर हम बंटे रहेंगे तो उसका मनोबल बढ़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने कश्मीर से अनुच्छेद 370 समाप्त किया। आज का भारत किसी को छेड़ेगा नहीं लेकिन जो छेड़ेगा उसको छोड़ेगा भी नहीं। कांग्रेस के समय में बाबा साहब अंबेडकर के न चाहने के बावजूद कश्मीर में अनुच्छेद 370 और 35ए थोप दिया गया। किसी सरकार में उसे हटाने की हिम्मत नहीं हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने साहस दिखाते हुए कश्मीर को 370 से मुक्त कराया।

आज कश्मीर में शैक्षणिक संस्थान खुल रहे हैं, विकास हो रहा है। युवाओं का भविष्य संवर रहा है। योगी ने कहा कि यह वही कश्मीर है जहां से पहले लाखों की संख्या में कश्मीरी पंडितों को कश्मीर छोड़ना पड़ा था। नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस की सरकार ने जम्मू कश्मीर विधानसभा में प्रस्ताव पारित कर कहा है कि 370 फिर से लागू करेंगे। कांग्रेस को विघटनकारी सोच को त्यागना होगा। अब वह लागू नहीं हो सकता। वह अनुच्छेद इतिहास बन चुका है। हमें समझना होगा कि कांग्रेसी जम्मू-कश्मीर को मजहबी उन्माद में फिर से ढकेलना चाहते है।

### जम्मू-कश्मीर विस में 370 पर विधायकों के बीच मारपीट



**श्रीनगर।** जम्मू–कश्मीर विधानसभा में गुरुवार को भी भाजपा और सत्तारूढ़ पार्टी के सदस्यों के बीच अनुच्छेद 370 की बहाली के प्रस्ताव को लेकर विवाद जारी रहा। दोनों पक्षों में नारेबाजी के बीच हाथापाई भी हुई, जिसके बाद मार्शल ने कुछ भाजपा विधायकों को सदन से बाहर निकाला। लगातार हंगामा जारी रहने पर पहले स्पीकर को सदन की कार्यवाही 20 मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी। इसके बाद भी विवाद शांत न होने पर सदन को कल तक के लिए स्थगित करना पड़ा। जम्मू–कश्मीर विधानसभा में अनुच्छेद 370 हटाने के ख़िलाफ बुधवार को एक प्रस्ताव पारित हुआ था। इस पर कल भी सदन में हंगामा हुआ था और हाथापाई की नौबत आ गई थी। इसके बाद सदन की कार्यवाही आज तक के लिए स्थगित की गई थी। विधानसभा में जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो विपक्ष के नेता सुनील शर्मा के नेतृत्व में भाजपा नेताओं ने सदन में पारित प्रस्ताव को वापस लेने की मांग को लेकर नारेबाजी शुरू कर दी। स्पीकर को सदन की कार्यवाही 20 मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी। विधानसभा में हंदवाड़ा विधायक सज्जाद लोन, लंगेट विधायक शेख खुर्शीद, पीडीपी विधायकों और भाजपा विधायकों के बीच हाथापाई हुई। सदन की कार्यवाही फिर से शुरू होने के बाद विपक्ष के नेता ने बोलना शुरू किया, लेकिन उन्हें स्पीकर ने रोक दिया और कहा कि उन्हें अपनी बारी आने पर बोलने दिया जाएगा।

## फैसला : पराली जलाने वालों पर अब लगेगा दोगुना जुर्माना

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वायु प्रदूषण से देश की राजधानी दिल्ली और एनसीआर के लोग बुरी तरह परेशान हैं। इस बीच सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत केंद्र सरकार ने पराली जलाने वाले किसानों पर जुर्माने की राशि बढ़ाकर दोगुना कर दिया है। दिल्ली और एनसीआर में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग संशोधन नियम-2024 प्रभावी होगा। केंद्र सरकार ने इसे लेकर एक नोटिफिकेशन जारी किया है।

बुधवार को प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार पांच एकड़ से अधिक कृषि भूमि वाले किसानों को अब 30,000 रुपये का जुर्माना देना होगा। दो एकड़ से कम भूमि वाले किसानों को अब 2,500 रुपये की जगह 5,000 रुपये का पर्यावरण मुआवजा देना होगा और दो से पांच एकड़ रकबा के बीच वाले किसानों पर 5,000 रुपये की जगह 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। पराली जलाने पर प्रतिबंध पूर्ण रूप से लागू रहेगा। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के विश्लेषण के अनुसार शहर में 1 से 15 नवंबर तक प्रदूषण का चरम रहता है, जब पंजाब और हरियाणा में पराली




जलाने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। पराली जलाने के पीछे मुख्य कारणों में धान-गेहूं की फसल प्रणाली, लंबी अवधि की धान की किस्मों की खेती, मशीनों से कटाई, जिसके कारण खेत में खड़ी पराली, मज़दूरों की कमी और पराली के लिए व्यवहारिक बाज़ार की कमी शामिल है। इस बारे में अब तक किए गये विभिन्न अध्ययनों का अनुमान है कि पराली जलाने की चरम अवधि के दौरान दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र और आस-पास के इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक पीएम के स्तर में 30 प्रतिशत तक का योगदान पराली जलाने से होता है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने पराली जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने में विफल रहने के लिए पंजाब और हरियाणा की सरकारों को फटकार लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने वायु गुणवत्ता आयोग को पराली जलाने की घटनाएं नहीं रोक पाने पर पंजाब और हरियाणा सरकार के अधिकारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया था।

## अमेजन-फ्लिपकार्ट विक्रेताओं के ठिकानों पर छापा

उत्पादों पर भारी छूट देकर स्थानीय प्रतिस्पर्धा कानूनों का उल्लंघन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को कथित मनी लॉन्ड्रिंग गतिविधियों को लेकर अमेज़न और फ्लिपकार्ट सहित ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से जुड़े देश भर के कई विक्रेताओं के यहां छापे मारे। केंद्रीय एजेंसी ने इन विक्रेताओं से संबंधित कम से कम 15 से 16 ठिकानों पर छापेमारी की है।




आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) जांच के तहत अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसी ई-कॉमर्स दिग्गज कंपनियों पर कारोबार करने वाले कुछ विक्रेताओं के खिलाफ छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि यह कार्रवाई कुछ पसंदीदा विक्रेताओं के वित्तीय लेन-देन से संबंधित है, जो अमेज़न और फ्लिपकार्ट जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से व्यापार करते हैं। फेमा के तहत की जा रही इस जांच के संबंध में दिल्ली, गुरुग्राम (हरियाणा), हैदराबाद (तेलंगाना) और बेंगलुरु (कर्नाटक) में कई स्थानों पर तलाशी ली गई। दरअसल, भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग की एंटीट्रस्ट जांच में पाया गया है कि अमेजन और फ्लिपकार्ट ने चुनिंदा विक्रेताओं को तरजीह देकर, कुछ लिस्टिंग को प्राथमिकता देकर और उत्पादों पर भारी छूट देकर स्थानीय प्रतिस्पर्धा कानूनों का उल्लंघन किया, जिससे अन्य कंपनियों को नुकसान हुआ। ईडी अमेज़न और फ्लिपकार्ट जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के संभावित दुरुपयोग की जांच कर रहा है, जो अवैध वित्तीय प्रथाओं में शामिल हो सकते हैं। अवैध वित्तीय गतिविधियों में भी लिप्त होने की सबसे अधिक संभावना है।

### सुप्रीम कोर्ट परिसर में नए म्यूजियम का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के परिसर में गुरुवार को नए म्यूजियम का उद्घाटन किया गया। वर्तमान चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और अगले चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस म्यूजियम का नाम नेशनल जुडिशियल म्यूजियम एंड आर्काइव रखा गया है। म्यूजियम में सुप्रीम कोर्ट के आजादी से पहले से लेकर अब तक के सफर को प्रमुखता से दर्शाया गया है। उद्घाटन अवसर पर चीफ जस्टिस ने कहा कि न्यायिक संस्थाएं नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा में अग्रणी हैं। उन्होंने कहा कि ये म्यूजियम सुप्रीम कोर्ट के महत्व को रेखांकित करता है।

## विज्ञापन के बाद भर्ती प्रक्रिया में बदलाव असंभव

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि किसी पद के लिए विज्ञापन जारी होने के बाद भर्ती प्रक्रिया को बीच में नहीं बदला जा सकता।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा, न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की संविधान पीठ ने तेज प्रकाश पाठक बनाम राजस्थान उच्च न्यायालय मामले में यह फैसला सुनाते हुए कहा कि उम्मीदवारों को आश्चर्य चकित करने के लिए नियमों को नहीं बदला जा सकता। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने कहा कि



भर्ती प्रक्रिया के शुरू में अधिसूचित चयन सूची में रखे जाने के लिए पात्रता मानदंड को बीच में नहीं बदला जा सकता, जब तक कि मौजूदा नियम या विज्ञापन (जो मौजूदा नियमों के विपरीत न हो) इसकी अनुमति न दे। न्यायमूर्ति मिश्रा ने पीठ की ओर से फैसला सुनाते हुए यह भी कहा कि चयन सूची में रखे जाने के बाद उक्त पद के उम्मीदवार को नियुक्ति का अविभाज्य अधिकार प्राप्त नहीं होता, लेकिन सरकार या उसके तंत्र वास्तविक कारणों से रिक्तियों को नही भरने का विकल्प चुन सकते हैं। यदि रिक्तियां मौजूद हैं, तो सरकार या उसके तंत्र चयन सूची में विचाराधीन क्षेत्र के किसी व्यक्ति को नियुक्ति देने से मनमाने ढंग से इनकार नहीं कर सकते। इस मामले को तेज प्रकाश पाठक और अन्य बनाम राजस्थान उच्च न्यायालय और अन्य (2013) के मामले में तीन न्यायाधीशों की पीठ ने पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ को भेजा गया था, जिसने कि मंजूश्री बनाम आंध्र प्रदेश राज्य और अन्य (2008) के मामले में पिछले फैसले पर संदेह जताया था। इस मामले कहा गया था कि चयन मानदंड को बीच में नहीं बदला जा सकता है।

## सशस्त्र बलों के कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्ध : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पूर्व सैनिकों के लिए वन रैंक वन पेंशन योजना लागू करना देश की नायकों के प्रति कृतज्ञता की पुष्टि करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने इस योजना की शुरुआत के 10 वर्ष पूर्ण होने पर कहा कि ओआरओपी सशस्त्र बलों के कल्याण के लिए उनकी सरकार की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। सनद रहे कि भाजपा ने वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में



सत्ता में आने पर वन रैंक वन पेंशन योजना को लागू करने का वादा किया था। प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेन्द्र मोदी ने इस योजना को प्राथमिकता के साथ लागू किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, आज ही के दिन वन ओआरओपी योजना को लागू किया गया था।

### शाहरुख खान को धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले से पुलिस ने फिल्म अभिनेता शाहरुख खान को धमकी देने के मामले में आरोपी फैजान खान को गुरुवार को पंडरी थाना इलाके से गिरफ्तार किया। मुम्बई पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) के अनुसार बांद्रा पुलिस स्टेशन में एक अज्ञात कॉलर का कॉल आया था जिसमें धमकी देते हुए कॉलर ने कहा कि बैंड स्टैंड वाले शाहरुख खान को मार दूंगा। कॉलर ने कहा कि अगर उसे 50 लाख नहीं दिए गए तो वो उन्हें जान से मार देगा। जब कॉलर से उसका नाम पूछा गया तो जवाब मिला मेरे लिए ये मैटर नहीं करता, मेरा नाम हिंदुस्तानी है।

## अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का पाखंड कर रहा कनाडा

▸ ऑस्ट्रेलिया टुडे' को कनाडा में प्रतिबंधित किए जाने की निंदा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत ने कनाडा द्वारा ऑस्ट्रेलिया के भारतवंशी समुदाय के मीडिया प्लेटफॉर्म 'ऑस्ट्रेलिया टुडे' को कनाडा में प्रतिबंधित किये जाने की निंदा की है और इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर कनाडा का पाखंड का उदाहरण बताया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां नियमित ब्रीफिंग में



इस संबंध में पूछे जाने पर कहा, ÷विदेश मंत्री आज सिडनी में हैं। कुछ समय पहले वे व्यापारिक समुदाय और मुख्य कार्यकारी अधिकारियों से बात कर रहे थे। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री के साथ भी बैठक की, जहां उन्होंने 15वीं भारत-ऑस्ट्रेलिया रूपरेखा वार्ता में भाग लिया। विदेश मंत्री ने ऑस्ट्रेलिया के साथ हमारी सभी सुरक्षा चिंताओं पर चर्चा की।÷ ऑस्ट्रेलिया टुडे के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को कनाडा में ब्लॉक किये जाने के संबंध में प्रवक्ता ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया टुडे भारत वंशियों का एक प्रमुख मीडिया मंच है। इसने विदेश मंत्री एस जयशंकर का इंटरव्यू किया और विदेश मंत्री पेनी वोंग के साथ प्रेस ब्रीफिंग को भी कवर किया था। विदेश मंत्री ने हमारे कनाडा के साथ संबंधों के तीन बिन्दुओं पर चर्चा की है। पहला कनाडा सरकार के शीर्ष से बिना सबूत के आरोप लगाने की आदत, दूसरा- हमारे राजनयिकों की निगरानी और तीसरा उग्रवादियों को राजनीतिक स्थान दिया जाना।

### 20 नवंबर को बार्डर पर तैनात रहना है : शिवपाल

**अम्बेडकरनगर ।** यूपी की 9 सीटों पर 20 नवंबर को उपचुनाव होना है। इस चुनाव में भाजपा और सपा के बीच सीधी टक्कर देखने को मिल रहा है। ऐसे में दोनों दल उपचुनाव में जीत के लिए पूरी ताकत झोंकते नजर आ रहे हैं।सपा के राष्ट्रीय सचिव और उपचुनाव में पार्टी प्रभारी शिवपाल सिंह यादव लगातार रैलियां और सभाएं कर रहे हैं। सपा के राष्ट्रीय सचिव शिवपाल सिंह यादव अंबेडकर नगर जिले की कटेहरी विधानसभा सीट पर पहुंचे। उन्होंने कटेहरी सीट होने उपचुनाव में गड़बड़ी की आशंका जताई।

# डॉ. अनीता रंजन समेत व्रती महिलाओं ने अस्ताचलगामी सूर्य को दिया अर्घ्य

▸ पांचाल घाट पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ उत्साह से मना छठ पूजा का पर्व

समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद।** छठ महापर्व के तीसरे दिन पांचाल घाट स्थित गंगा तट पर मेजर एसडी सिंह आयुर्वेदिक पीजी कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल की डायरेक्टर डॉ. अनीता रंजन ने सभी के साथ मिलकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। पूजा में मेडिकल कॉलेज के चेयरमैन डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने सहयोग किया।

बताते चलें कि छठ पर्व की शुरुआत कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी के दिन नहाय खाय से होती है। पंचमी को खरना, षष्ठी को डूबते सूर्य को अर्घ्य और उगते सूर्य सप्तमी



पांचाल घाट पर पूजा अर्चना करतीं डॉ0 अनीता रंजन व डॉ. जितेंद्र सिंह यादव आदि

को अर्घ्य देकर व्रत समाप्त होता है। इस चार दिवसीय त्योहार में सूर्य और छठी मैया की पूजा की जाती है। इस दिन व्रत करना बहुत कठिन माना जाता है क्योंकि इस व्रत को कठोर नियमों के अनुसार 36 घंटे तक रखा जाता है।

आस्था का महापर्व छठ खासतौर से दिल्ली बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश में मनाया जाने वाला एक प्रमुख पर्व है। चार दिवसीय पर्व सूर्यदेव और छठी मैया को समर्पित होता है। छठ पूजा का धार्मिक और सांस्कृतिक दोनों ही दृष्टि से बहुत महत्व माना गया है। 7 नवंबर को छठ पूजा के तीसरे दिन सूर्यदेव को संध्या अर्घ्य दिया गया। मान्यताओं के अनुसार छठ के तीसरे दिन डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद शाम में व्रती महिलाएं व्रत कथा का पाठ भी करती हैं। कहा जाता है कि संध्या अर्घ्य देने के बाद व्रती महिलाओं को इस व्रत कथा का पाठ करना बेहद जरूरी है। छठ का व्रत संतान की लंबी आयु और समृद्धि के लिए किया जाता है। इस व्रत को करने से परिवार में सदैव खुशहाली बनी रहती है।

वहीं अगर जिनकी गोद सूनी और वे छठ का व्रत करती हैं तो छठी मईया की कृपा से जल्द उन्हें संतान की प्राप्ति होती है। बता दें कि छठ पूजा में डाला का विशेष महत्व होता है। डाला का अर्थ है बांस की डलिया। इस डाला को कोई पुरुष या महिला अपने सिर पर रखकर तालाब या नदी किनारे बने छठ घाट तक ले जाता है। इस डाला में छठ पूजा से जुड़ी सभी पूजा सामग्री रहती है। इस महापर्व में बिहार की पूर्णिया लोकसभा के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव की माता जी भी मौजदू रहीं। इस अवसर पर मुख्य रुप से डॉ. जितेंद्र सिंह यादव, डॉ. अनीता रंजन, डॉ. नीतूश्री, ऊषा, डॉ. मुकेश विश्वकर्मा, पिंकी, प्रियंका, गीता, रेखा, साधना, निर्मला आदि ने भी सहयोग किया।

### महाभारत काल में माता कुंती के पुत्र दानवीर कर्ण ने भी सूर्यदेव को दिया था जल अर्घ्य



छठ पूजा कार्यक्रम में व्रती महिलाओं के साथ डॉ. अनीता रंजन आदि

धर्म ग्रंथों में वर्णित पौराणिक कथाओं के अनुसार महाभारत काल में माता कुंती के पुत्र दानवीर कर्ण ने भी सूर्यदेव को जल अर्घ्य दिया था।

कर्ण को माता कुंती के अलावा, सूर्यदेव का पुत्र भी माना जाता है। सूर्य देव की दानवीर कर्ण पर विशेष कृपा थी। ऐसा कहा जाता है कि कर्ण रोजाना सुबह उठकर घंटों तक पानी में खड़े होकर सूर्यदेव को अर्घ्य देते थे। सूर्यदेव की कृपा से कर्ण एक महान योद्धा बन गए थे।

इसके अलावा छठ पर्व से जुड़ी एक और कथा का पुराणों में उल्लेख मिलता है। इस कथा के अनुसार, महाभारत में जब पांडव अपना सारा राजपाट जुए के खेल में हार बैठे थे, तब द्रौपदी ने भी छठ व्रत रखा था। द्रौपदी के व्रत और पूजा से प्रसन्न होकर षष्ठी मैया ने पांडवों को उनका राज्य वापस लौटा दिया था।

# भीरा पर्यटन सर्किट का वन मंत्री ने किया शुभारंभ

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

भीरा वन रेंज दुधवा टाइगर रिजर्व बफर जोन मे भीरा पर्यटन सर्किट पर्यटन सत्र 2024-25 का मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के वन मंत्री डॉ अरुण कुमार सक्सेना ने गुरुवार को फीता काट कर हरी झंडी दिखा कर बफर जोन भीरा पर्यटन सर्किट का शुभारंभ किया।

दुधवा नेशनल पार्क की सफारी गाड़ियों में महाराजा अग्रसेन अकाडमी से आए बच्चों को सफारी में बैठा कर पर्यटन सर्किट में घुमाया बच्चों ने खूब मनोरंजन किया।वन मंत्री ने बताया कि पर्यटको के लिए 12 महीने भीरा पर्यटन सर्किट खोला जायेगा और दुधवा टाइगर रिजर्व जो



मंगलवार को बंद रहता था उसे भी अब प्रति दिन खोला जायेगा ताकि पर्यटकों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो,सरकार पर्यटन के साथ-साथ रोजगार बढ़ाने का काम कर रही है,क्षेत्रीय लोगों को ट्रेनिंग दी जाएगी और मधुमक्खी पालन का कार्य भी करवाया जाएगा। करीब 21 किलोमीटर में भीरा पर्यटन सर्किट फैला है जिसमें पर्यटक टाइगर,हाथी,पंछी, मछली, अजगर और हिरन आदि वन्य जीवों के दीदार कर सकेंगे। जिससे पर्यटन के क्षेत्र में बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्रीय लोगों को रोजगार मिलेगा।

**वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, भीरा में संबोधन के दौरान बोले-**

- मंत्री ने कहा-प्रयास रहेगा कि दुधवा नेशनल पार्क 1 नवम्बर से 30 जून तक खुला करे।
- ये भीरा पर्यटन सर्किट 12 महीने खुलेगा जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अधिक अवसर मिलेंगे।
- वन मंत्री ने कहा- ये करीब 21 किलोमीटर में फैला वनक्षेत्र है, इसमें जो गाइड तैनात किए जाये वो सब स्थानीय ही होंगे।
- मंत्री डॉ. अरुण सक्सेना बोले-भीरा पर्यटन केंद्र में सोविनियर शॉप और कैंटीन की स्थापना भी की जाएगी।

वन मंत्री द्वारा सभी दुधवा टाइगर रिजर्व के गाइडों को जैकेट वितरण की गई ,जैकेट पाकर गाइडों के चेहरे पर मुस्कान दिखी।इस मौके पर मुख्य अतिथि वन राज्य मंत्री डॉ.अरुण कुमार सक्सेना, विशिष्ट अतिथि मनोज सिंह, आई. एफ.एस मौजूद रहे। पहली बार भीरा पर्यटन पर्यटन सर्किट के शुभारंभ के दौरान ललित कुमार वर्मा मुख्य वन संरक्षक दुधवा टाइगर रिजर्व, उप निदेशक बफर जोन सौरेश सहाय, संजय कुमार बिश्वाल उप निदेशक दक्षिण खीरी, रेंजर सहित वन विभाग के अधिकारी गण व गोला विधायक अमन गिरी, डाक्टर बच्चू सिंह,वन बीट हॉस्पिटल के संस्थापक सरदार बहादुर सिंह, क्षेत्रीय ग्राम प्रधान व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# बाइक में पेट्रोल भरवाने गए युवक की सड़क हादसे में मौत

**मितौली खीरी।** थाना क्षेत्र के हरगांव पिपरझला मार्ग पर दतेली पेट्रोल पम्प के पास ट्रैक्टर ट्रॉली की जोरदार टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया,घायलावस्था में ग्रामीणों ने एम्बुलेंस को फ़ोन कर सीएचसी मितौली पहुँचाया जहाँ डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया । सूचना पर पहुंची मितौली पुलिस ने शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।



थाना क्षेत्र के पहाड़ा गाँव के रहने वाले 35 वर्षीय अरविंद पुत्र रामगोपाल बुधवार देर शाम को पेट्रोल टंकी पर बाइक में पेट्रोल भरवाने गया था बताते हैं उधर से धान भरी ट्राली आ रही थी। जिसकी टक्कर लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों व पुलिस के सहयोग से एम्बुलेंस से मितौली सामुदायिक स्वास्थ केंद्र भेजा गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक के मृत होने की सूचना पर घर मे कोहराम मच गया। पत्नी सहित बच्चों का रो रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने शव का पंचायत नामा भरकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। मृतक अपने पीछे पत्नी सहित दो पुत्रियों को छोड़ कर चला गया।

# ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

उच्च प्राथमिक विद्यालय ब्लाक बिजुआ के नौसर गुलरिया में ग्राम प्रधान स्थानीय प्राधिकारी निकाय के सदस्यों व परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापक के लिए ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि ने कहा कि वर्तमान में प्राथमिक विद्यालय शिक्षा के मामले में अग्रणी साबित हो रहे है। यही नहीं वह कान्वेंट विद्यालयों को भी पीछे छोड़ रहे हैं। कहा कि ग्राम प्रधान विद्यालयों की भौतिक आवश्यकताओं को पूरा करने में सहयोग करें। जिससे हर अभिभावक अपने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिला सके। केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न शिक्षा नीतियों का लाभ प्रत्येक



वर्ग के बच्चे को मिल सके। इस मौके पर अवधेश मिश्र, कलक्टर राज, बलराम मौर्य, आशुतोष वर्मा, अनिल वर्मा, संजय सिंह, रमेश वर्मा सुधीर बाजपेई, प्रतिपाल सिंह, सुधीश बाजपेई, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बिजुआ वीरेंद्र भूषण, खंड विकास अधिकारी बिजुआ महावीर प्रसाद, डॉ बच्चू सिंह, वेद दीक्षित, प्रभाकर शर्मा, धीरेंद्र सिंह, जयपाल गौतम, आशीष तिवारी, सतनाम सिंह सहित शिक्षक व बच्चे, अतिथि मौजूद रहे।

# मनरेगा अध्यक्ष ने उप मुख्यमंत्री से मुलाकात कर गिनाईं समस्याएं

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

गुरुवार को मनरेगा मजदूर मिस्त्री महासंघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष विश्वकर्मा समाज के वरिष्ठ नेता ऋषि संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि जनपद सहित पूरे प्रदेश की कई समस्याओं को लेकर लखनऊ पहुंचे। जहां उन्होने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निवास पर भेंट करते हुए विस्तार से वार्ता की। मुलाकात कर लौटे राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शर्मा ने बताया कि वार्ता के दौरान उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने विश्वास दिलाया। कि 2024 के बाढ़, बरसात, अग्निकांड में जो मकान क्षति ग्रस्त हुए है। उनकी सूची जल्द से जल्द उत्तर प्रदेश के सभी ब्लॉकों में पहुचाई जायेगी। सभी को आवास एवं शौचालय दिलाएं जायेंगे। इसके

**मजदूर मिस्त्री महासंघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उत्तर प्रदेश के शहरी आवास विकास मंत्री राकेश राठौर गुरु से भी मुलाकात की**

बाद श्री शर्मा ने बापू भवन पहुंच कर उत्तर प्रदेश के शहरी आवास विकास मंत्री राकेश राठौर गुरु से मुलाकात की। उनको भी प्रदेश की तमाम समस्याओं से अवगत कराया। आवास विकास मंत्री ने कई बिंदुओं को गंभीता से लेते हुए कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके पश्चात राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि संतोष कुमार शर्मा ने पुलिस मुख्यालय पहुंच कर उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को संबोधित ज्ञापन पुलिस



उपमहानिरीक्षक राधेश्याम जी को पांच सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा। श्री शर्मा ने पुलिस उपमहानिरीक्षक से वार्ता करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के किसी पुलिस विभाग अधिकारी व कर्मचारी की ड्यूटी के दौरान मृत्यु हो जाती है। तो उनके परिजनों को मुआवजा व पोस्टिंग के लिए आए दिन पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी गण परेशान करते है। मृतक पुलिस के परिजनों को कानून बनकर एक महीने के अंदर मृतक पुलिस के परिजनों को उनका पैसा व योग्यता के आधार पर पोस्टिंग की जाए। श्री शर्मा महिलों पर जोर देते हुए कहा कि पुलिस विभाग में जो महिला अधिकारी व कर्मचारी गर्भवती होती है। तथा गर्भवती होने से जब तक उनका बच्चा दो साल का न हो जाए तब तक उनको मनचाही जगह महिला पुलिस अधिकारी व कर्मचारी की पोस्टिंग की जाए। सभी चौकी इंचार्ज व सिपाहियों को सरकारी मोबाइल नंबर दिया जाए। पुलिस अधिकारी व कर्मचारी के माता पिता व पत्नी गंभीर बीमार/अधिकतम विकलांगता से पीड़ित है। उन पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को मन चाही स्थांतरण प्रदेश में किया जाए। जिससे अपने माता, पिता, पत्नी देखभाल व पालन पोषण कर सकें। तथा उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु ने कहा कि उत्तर प्रदेश के कि सभी बिंदुओं पर प्राथमिकता से कार्रवाई की जाएगी।

# नवगठित वरिष्ठ नागरिक मंच ने सपरिवार धूमधाम से मनाया प्रकाशोत्सव



**गोला गोकर्णनाथ खीरी (लखीमपुर)**

वरिष्ठ नागरिक मंच के तत्वाधान प्रकाश पर्व दीपावली पर दीप जलाकर जमकर आतिशबाजी के साथ एक दूसरे को सुखमय जीवन की कामना की। शहर के भूतनाथ क्रासिंग के निकट स्थित मैरिज लान में वरिष्ठ नागरिक मंच के सदस्यों ने सामूहिक रुप से एकत्र होकर दीपावली प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया। प्रतीकात्मक आतिशबाजी के साथ दीप जलाए। इस मौके पर मंच के सभी सदस्य सपरिवार मौजूद रहे। साथ ही सभी ने एक साथ मिलकर विभिनन खेलकूद के माहौल में पर्व की खुशियां मनाई। इसके बाद लकी ड्रा का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर सभा के संरक्षक डा जेपी जायसवाल सहित जनार्दन गिरि, देवेन्द्र गिरि, कृष्ण कुमार गुप्ता, अरजेन्द्र सिंह, मंत्री केके शुक्ला, अध्यक्ष प्रमोद साहनी, सुरेन्द्र साहनी, डा हरिओम सेठी, मधुसूदन गिरि, जोगेश साहनी, अशोक सक्सेना, शारदा प्रसाद, रामगुलाम पांडे, राजनारायन राठी, राजेश पुरवार आदि मौजूद रहे।

# कार-बाइक की भिड़ंत में दो घायल, एक गंभीर

**बिजुआ खीरी।** कोतवाली भीरा क्षेत्र के मलूकापुर मोड पर कार और बाइक की टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची डायल 112 व पडरिया तुला पुलिस चौकी टीम ने खून से लथपथ दोनों घायलों को एम्बुलेंस की मदद से बिजुआ सीएचसी पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने गम्भीर हालत देखते हुए ओएल ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया, एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। तेतारपुर निवासी दीपू अपने मौसा शिवराम निवासी गुलरीपुरवा पतरासी थाना फूलबेहड़ के साथ भीरा-लखीमपुर राज्य मार्ग से बृहस्पतिवार को पलिया अपने किसी कार्य से जा रहे थे तभी मलूकापुर मोड़ के पास सामने से आ रही तेजरफ्तार कार ने टक्कर मार दी, जिससे शिवराम का सर फट गया



खून से लथपथ शिवराम के सर का इतना रक्तस्राव हो रहा था कि सिपाहियों की वर्दी खून से भीग गयी थी। फिर भी फर्ज के आगे वर्दी की बगैर परवाह किये कांस्टेबल मोहित कुशवाहा व बंटी कुमार अपने कर्तत्व्य के पथ पर लगे रहे और घायलों को अपने हाथों में उठाकर एम्बुलेंस मे लदवा कर बिजुआ अस्पताल पहुंचाया।

और बाइक क्षतिग्रस्त हो गई हादसे के बाद मौका पाकर कार चालक, कार मौके पर छोड़कर फरार हो गया। दोनो क्षतिग्रस्त वाहन पुलिस ने अपने कब्जे में ले कर कार चालक की तलास जारी कर दी है।

# घाटों पर सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर पुलिस ने किए पुख्ता इंतजाम

**बिजुआ खीरी।** थाना भीरा क्षेत्र अंतर्गत सभी चारो छठ घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर चप्पे चप्पे पर पुलिस के जवान तैनात रहे। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष पुष्पराज कुशवाहा ने बताया कि छठ आस्था का महापर्व है। महापर्व



पर व्रतियों को किसी तरह की परेशानी न हो इसके लिए प्रशासन हर संभव कोशिश कर रहा है। छठ को शांतिपूर्ण और सुरक्षा के माहौल में संपन्न कराने हेतु थाना क्षेत्र में कड़े बन्दोबस्त किए गए है। सभी चारो घाटों में पहला सुन्दरनगर टांगिया दूसरा मालपुर ,तीसरा बेल्हा सिकतिहा व चौथा पडरिया तुला के घाटों और रास्तों पर पुलिस के जवानों को वर्दी व सादे ड्रेस में तैनात किया गया है।

# स्काउट गाइड पदाधिकारियों ने डीएम से की भेंट, स्कार्फ, बैच लगाकर दीं स्थापना दिवस की शुभकामनाएं



**लखीमपुर खीरी।** जिले में भारत स्काउट गाइड का स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट में स्काउट गाइड पदाधिकारियो ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल से भेंट की। जिला आयुक्त (गा.) एडल्ट रिसोर्स डॉ ज्योति तिवारी ने संस्थाध्यक्ष/ डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल को संस्था का स्कार्फ एवं बैच लगाकर सम्मान किया। जिला संगठन आयुक्त (गा.) डा. मधू बाजपेई और संजीता शर्मा ने भी डीएम को बैज लगाया। स्काउटिंग से सम्बन्धित पत्रक जिला प्रशिक्षण आयुक्त विष्णु दत्त भार्गव ने भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव डॉ केसी मिश्र द्वारा किया गया।

इस अवसर पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने विद्यार्थियों को अनुशासन, सेवा और नेतृत्व के गुणों से सुसज्जित कर राष्ट्र निर्माण में अपना अभूतपूर्व योगदान देने वाले भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के स्थापना दिवस की सभी स्काउट्स एंड गाइड्स व जनपदवासियों को हार्दिक बधाई दी। कहा कि इस संगठन के योगदान से युवा पीढ़ी का वर्तमान निरंतर सुदृढ़ व राष्ट्र का भविष्य उज्ज्वल हो रहा है।

# पत्रकार की हत्या के विरोध में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**लखीमपुर (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**

इंडियन कौंसिल ऑफ़ प्रेस के जिला लखीमपुर खीरी के पदाधिकारियों ने एसडीएम सदर रत्नाकर मिश्र को पत्रकार की हत्या के विरोध में ज्ञापन सौंपा। आपको अवगत करा दें कि फतेहपुर के पत्रकार दिलीप सैनी की निर्मम हत्या के विरोध में इंडियन कार्उसिल ऑफ प्रेस ने एक जुटता दिखाते हुए एसडीएम सदर को ज्ञापन सौंपा। संगठन की ओर से दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग भी की और सभी पदाधिकारियों ने एक स्वर में दिलीप सैनी की हत्या के पीछे जिम्मेदार अपराधियों को फांसी देने की मांग करते हुए पत्रकारों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को एक करोड रुपए की आर्थिक सहायता देने की भी मांग की। इंडियन कार्उसिल ऑफ प्रेस के जिला अध्यक्ष लखीमपुर अनुज शुक्ला ने कहा कि सरकार ने पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर जो निर्देश जारी किए थे उनका पालन नहीं हो रहा है, यदि पुलिस सतर्क होती तो इतनी बड़ी घटना



घटित न होती और प्रशासन से यह भी मांग करते हुए कहा कि पत्रकारों को उचित सुरक्षा मुहैया कराई जाए जिस से पत्रकार अपना कार्य निर्भय होकर निष्पक्ष रूप से कर सकें। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अनुज कुमार शुक्ला जी, प्रदेश सचिव पुष्पेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष आकाश पाण्डेय, जिला संगठन मंत्री रवि अवस्थी, जिला सचिव नीरज वर्मा सहित अनेक सदस्य गण मौजूद रहे।

# फर्जी मीटर रीडर बनकर लूट करने वाले लुटेरे चढ़े पुलिस के हत्थे

**मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

दिन दहाड़े हुई लूट में पुलिस ने पर्दा फास करते हुए तीन लोगों को नामजद कर उनके कब्जे से 2 अदद देशी तमंचा एवं दो जिन्दा कारतूस मोटरसाइकिल मरामद दर्शायी। नगर के मोहल्ला पूर्वी लखपेड़ा गुलौली रोड पर स्थित बिनोद कुमार कुशवाहा पुत्र जयपालसिंह ग्राम सुखवसा विद्यालय में पढ़ाने गए थे कि 12:30 बजे फर्जी मीटर रीडर बनकर उनकी पत्नी तृप्ति देवी से तीन लुटेरो ने तमंचा की नोक पर 5000 रुपये सोने के कुंडल अंगूठी पैंडल मंगलसूत्र एक जोड़ी पायल उड़ा ले गए थे जिसमे पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बरा रोड संदिग्ध अवस्था मे खड़े चारो पुलिस देख अपने को घिरा महसूस



कर अपराधियो ने फायरिग शुरू कर दी। पुलिस की जबाबी कार्यवाही में जितेंद्र के बाये पैर में गोली लगी। शेष दोनों के तत्काल दबोच लिया पूछतांछ में उन्होंने अपना नाम बिनोद कुमार जितेंद्र कुमार मिराज को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 2 देशी तमंचा दो जिन्दा कारतूस व घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल मय जेवर बरामदगी दिखायी गयी तथा तीनो अपराधियो के विरुद्ध मुकदमा पंजिकृत कर जेल भेज दिया है।

# दिसंबर तक स्कूलों की रिपोर्ट सबमिट करेंगे यूनिवर्सिटी के छात्र

**यूनिवर्सिटी के छात्रों को दिया जाएगा सोशल ऑडिट का जिम्मा**

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

बेसिक स्कूलो की सोशल ऑडिट ऑफ समग्र शिक्षा के अंतर्गत इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के तहत जिले में सोशल ऑडिट का कार्य पूरा होना है। जिसमे सरकार ने जिले के प्रथम चरण में 20 प्रतिशत विद्यालयों का सोशल ऑडिट कराया जाना निश्चित किया है। इसे लेकर नगर पालिका परिषद गोला के सभागार में बैठक आहूत की गई। जिसमें आये हुए क्लस्टर सोशल ऑडिटर को साफ्ट




के बारे में जानकारी प्रदान की गई। मीटिंग में आए अधिकारीगण जिला प्रभारी रोहित कुमार व मास्टर ट्रैनर प्रथम रवि प्रकाश, मास्टर ट्रेनर द्वितीय अनुज अवस्थी समेत तमाम लोग शामिल हुए। जिला प्रभारी रोहित कुमार यादव के हवाले से मास्टर ट्रेनर द्वितीय अनुज अवस्थी ने बताया कि यह काम भारत सरकार के निर्देश पर किया जाना है और इस सोशल ऑडिट के लिए यूनिवर्सिटी के छात्र लगाए जाएंगे। जनपद प्रभारी रोहित यादव ने बताया। कि यह कार्य दिसंबर माह के अंत तक पूर्ण कर रिपोर्ट सबमिट कर दी जाएगी।

# नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के इनामिया आरोपी को पढ़ुआ पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**निघासन खीरी।** निघासन इलाके के पढ़ुआ थाना क्षेत्र में रिश्तों को तार तार कर एक छह साल की नाबालिग बच्ची से उसके ममेरे भाई ने दुष्कर्म जैसी जघन्य घटना को अंजाम देकर मासूम बच्ची को बेहोशी की हालत में छोड़कर मौके से फरार हो गया था। मामले में पढ़ुआ थानाध्यक्ष निराला तिवारी ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकद्दमा दर्ज कर आरोपी की तलाश के लिए टीम गठित कर उत्तराखंड सहित अन्य स्थानों पर धर पकड़ शुरू कर दी थी।

गुरुवार को पढ़ुआ थानाध्यक्ष निराला तिवारी के नेतृत्व वाली टीम ने मुखबिर की सूचना पर थाना पढ़ुआ में पॉक्सो एक्ट समेत अन्य




धाराओं में वांछित 10000 रुपये का इनामिया अभियुक्त जितेन्द्र उर्फ सारंगा उर्फ गुड्डू उर्फ रवि पुत्र राम मनोहर उर्फ मनोहर नि. कटहा थाना पढ़ुआ जनपद खीरी को सिसैया क्रेशर के पास टांडा मोड़ से गिरफ्तार नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

# फीता काटकर अन्नपूर्णा भवन का किया उद्घाटन

**संसारपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

मनरेगा योजना के तहत ब्लॉक बांकेगंज तहसील गोला की ग्राम पंचायत संसारपुर मे निर्मित अन्नपूर्णा भवन का उद्घाटन गुरुवार को प्रधान पति राम प्रसाद देवल ने फीता काटकर किया और सार्वजनिक वितरण प्रणाली मे उचित दर दुकानों के लिए बहुत अच्छा कार्य बताया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राशन वितरण की दुकानों को माडल बनाने के उद्देश्य से अन्नपूर्णा भवन बनवाने का खाका तैयार किया जिसके तहत ब्लाक मे अन्नपूर्णा भवन बनना था। विकास खण्ड बांकेगंज की ग्राम पंचायत संसारपुर मे बनकर तैयार हुई अन्नपूर्णा भवन का उद्घाटन करते ग्राम पंचायत




संसारपुर प्रधान प्रतिनिधि रामप्रसाद देवल ने कहा कि अन्नपूर्णा मॉडल की दुकानों में राशनकार्ड धारकों को निर्धारित तिथियों में खाद्यान्न का वितरण किया जायेगा और इलेक्ट्रॉनिक कांटे और ई-पॉस मशीन से वितरण होगा, जिससे पारदर्शिता रहेगी। बहुत ही जल्द ग्रामीणों को आवश्यकताओं के अनुरूप एक स्थान पर कई सुविधाएं उपलब्ध हो जाएगी जिससे लोगों के समय की बचत होगी। उन्होंने कहा कि अन्नपूर्णा भवन में उचित दर की दुकान एवं जनसुविधा केन्द्र में आय, जाति, जन्म, निवास प्रमाण पत्र, आधार, पेंशन और अन्य सेवाओं की सुविधा सरकार की योजना के अनुसार बहुत ही जल्द उपलब्ध करायी जाएगी। इस मौके पर क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों में ग्राम पंचायत सदस्य शकील कुरेशी, मुकेश अर्कवंशी, बिंद्रा प्रसाद वर्मा, मुकेश गुप्ता, सफीउल्लाह आदि अनेक लोग मौजूद रहे।

# यूपी पर्यटन विभाग ने लंदन में रोड-शो कर महाकुंभ, अयोध्या व काशी का किया प्रचार

**‣ यूपी पर्यटन के मामले में अव्वल : जयवीर**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन ने लंदन में तीन दिवसीय वर्ल्ड ट्रेवेल मार्केट डब्ल्यूटीएम के अंतिम दिन रोड शो के माध्यम से ब्रिटेन के साथ अन्य देशों के टूर-ट्रेवेल आपरेटर्स को महाकुंभ, अयोध्या, काशी, मथुरा की महिमा से परिचित कराया।

महाकुंभ में संगमनगरी प्रयागराज आने के लिए आग्रह किया। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि लंदन में 05 नवम्बर से 07 नवम्बर तक टूरिज्म एक्सपो वर्ल्ड ट्रेवेल मार्केट का आयोजन किया गया। इसमें विश्व के अधिकतर देशों से हजारों लोग हिस्सा लिया। उत्तर प्रदेश में स्थित महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों को विश्व स्तर पर प्रचारित और प्रसारित करने के लिए बहुत अच्छा मंच साबित हुआ। इसमें उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने स्टाल लगाया था। जहां पर अयोध्या, काशी, महाकुम्भ, सारनाथ, कुशीनगर सहित प्रदेश के अन्य पर्यटन स्थलों को प्रदर्शित किया गया।

विभिन्न देशों से आने वाले पर्यटकों को विभिन्न माध्यमों से इन स्थलों के बारे में जानकारी दी गई। इस आयोजन की विशेषता यह रही कि आगंतुकों ने प्रशंसा करने के साथ भ्रमण करने की इच्छा जताई। प्रचार-प्रसार के क्रम में अंतिम दिन सात नवंबर को रोड शो निकाला गया, जिसमें लगभग 100 लोग शामिल हुए। इसमें विभिन्न देशों के आगंतुकों को बताया गया कि यूपी भगवान राम और कृष्ण की धरती है। यही पर भगवान शिव के त्रिशूल पर विराजमान काशी है। अनेक ऐसे आध्यात्मिक स्थल हैं। यहां के नेशनल पार्क और टाइगर रिजर्व के बारे में भी लोगों को बताया गया। उत्तर प्रदेश घरेलू पर्यटन के मामले में अभी पहले स्थान पर है।

# 10 नए संरक्षण गृहों के निर्माण पर 100 करोड़ खर्च करेगी सरकार

**‣ मानकों के अनुरूप होगा गृहों का निर्माण**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** यूपी में महिला कल्याण विभाग ने बच्चों के सर्वांगीण विकास और सुरक्षा के लिए एक नई और महत्वपूर्ण पहल की है। इस पहल के तहत राज्य के विभिन्न जनपदों में 10 नए बाल संरक्षण गृहों का निर्माण और संचालन किया जाएगा।

इन संरक्षण गृहों का उद्देश्य बच्चों को सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण प्रदान करना है, जहां वे अच्छे नागरिक के रूप में विकसित हो सकें। एक अधिकारी ने बताया कि महिला कल्याण विभाग द्वारा प्रस्तावित इस योजना के अनुसार, प्रदेश के मथुरा, प्रयागराज, कानपुर नगर, आजमगढ़, झांसी, अमेठी, देवरिया, सुल्तानपुर, तथा ललितपुर में इन संरक्षण गृहों की स्थापना की जाएगी। हर संरक्षण गृह में 100-100 बच्चों को रखने की क्षमता होगी। इनमें 1 राजकीय बाल गृह (बालिका) 1 राजकीय बाल गृह (बालक), 7 राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर), किशोर न्याय बोर्ड सहित 1 प्लेस ऑफ सेफ्टी गृह शामिल है। इन संरक्षण गृहों में बच्चों को न केवल रहने की सुविधाएं दी जाएंगी, बल्कि उनके शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास का भी ध्यान रखा जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशानुरूप महिला एवं बाल विकास विभाग इन संरक्षण गृहों की स्थापना से असहाय और संवेदनशील बच्चों को एक नया जीवन देकर समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास कर रहा है। इन गृहों में बच्चों को एक संरक्षित वातावरण में शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, मानसिक स्वास्थ्य सहायता और जीवन कौशल जैसी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इस योजना के तहत राज्य सरकार ने बाल संरक्षण गृहों के निर्माण के लिए आवश्यक फंड भी निर्धारित किए हैं। सभी गृहों का निर्माण योगी सरकार अपने बजट से करेगी। वहीं इन गृहों के संचालन में केंद्र सरकार द्वारा मिशन वात्सल्य योजना के प्रावधानों के केंद्रांश-60 प्रतिशत और राज्यांश-40 प्रतिशत के अनुसार राज्य सरकार पर 7.96 करोड़ रुपये का व्यय भार आएगा।

**मानक के अनुसार होगा बाल गृह का निर्माण**

मुख्यमंत्री बाल आश्रय योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 100 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है। योजना के सफल संचालन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह भी सुनिश्चित किया है कि इन गृहों का निर्माण और प्रबंधन गुणवत्ता मानकों के अनुसार किया जाएगा। इसके लिए सरकार ने टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से कंसल्टेंट्स का चयन भी किया है, ताकि इन बाल संरक्षण गृहों में दी जाने वाली सेवाओं का उच्चतम स्तर सुनिश्चित किया जा सके। इस योजना के तहत बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए विशेष प्रशिक्षित कर्मचारियों की नियुक्ति की जाएगी, जो उनकी सुरक्षा और कल्याण के प्रति संजीदा होंगे। इन बाल संरक्षण गृहों में बच्चों को उनकी उम्र और जरूरतों के हिसाब से सेवाएं दी जाएंगी, ताकि वे मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रह सकें।

## खबरें एक नजर में

### लखनऊ पब्लिक कॉलेज में मनाय गया वार्षिकोत्सव



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ पब्लिक कॉलेज, सेक्टर-ई, आम्रपाली योजना में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। संस्थापक अध्यक्ष एवं सांसद-डॉ. एस. पी. सिंह प्रशासनिक प्रमुख कांति सिंह, और सम्मानित निदेशक नेहा सिंह ने अपनी उपस्थिति से इस अवसर की शोभा बढ़ाई। यह संगीत कार्यक्रम दस वर्षों की यात्रा में अर्जित सभी उपलब्धियों की थीम पर आधारित था। गायक मंडली ने खुद पर विश्वास करने और अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करने वाले दस मधुर गीत गाए। युवराज सिंह ने भी गायन मंडली द्वारा गाए गए काव्यात्मक अंदाज में कॉलेज की उपलब्धियों और सम्मान का वर्णन करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। दिवा सिंह और महर्षि अग्निहोत्री ने देवी दुर्गा और महिषासुर का बखूबी प्रतिनिधित्व किया। कलिंग युद्ध की एक और मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुति ने भारतीय इतिहास में महत्वपूर्ण क्षण का प्रदर्शन किया, जो महान अशोक द्वारा विजय और आक्रामकता से शांति और नैतिक नेतृत्व के दर्शन में परिवर्तन का प्रतीक है, जो बौद्ध धर्म का एक महत्वपूर्ण संरक्षक बन गया। कार्यक्रम में मुख्य किरदार अर्श खान, अय्यान और अभव विमल ने निभाये। स्कूल बैंड के सार्थक मौर्य, संस्कृति, स्तव्या ने दस रॉकिंग धुनें बजाईं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दस गौरवपूर्ण क्षणों का जश्न था, जिसमें शाखा ने खूबसूरती से अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में अपने माता-पिता के साथ नाम रोशन करने वाले मेधावी छात्रों को सम्मान पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### समाचार पत्र वितरक के पिता का निधन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** चौक समाचार पत्र वितरक कल्याण समिति चौक डिपो के वितरक अनुराग सैनी के पिता सुनील कुमार सैनी इनकी उम्र 70 वर्ष का निधन 6 नवंबर को रात्रि आठ बजे हो गया। वह तीन माह से बीमार चल रहे थे इनका अंतिम संस्कार 7 नवंबर को गुलाला घाट पर किया गया। यह अपने पीछे हरा-भरा परिवार छोड़ गए। शोक संवेदना के साथ स्वर्गीय सुशील कुमार सैनी की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर चौक डिपो के प्रदीप कुमार वर्मा (अध्यक्ष), विनोद सैनी, अशोक सैनी, दिलीप सैनी, मनोज सैनी, एवं परिवार उपस्थित रहे।

### चलती कार में लगी आग, चालक ने गाड़ी रोक बचाई जान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में पारा के खुशहालगंज आउटर रिंग रोड पर गुरुवार चलती सीएनजी कार में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। चालक ने बोनट से धुआं निकलता देख कार को सड़क किनारे खड़ा किया। उसके बाद उसमें सवार पत्नी और बच्चों समेत नीचे उतर कर दमकल को सूचना दी। दमकल के पहुंचने से पहले कार ने आग पकड़ ली। दमकल कर्मियों ने 14 मिनट में आग को बुझा लिया। पुलिस के मुताबिक बक्शी का तालाब निवासी इस्लाम अपनी पत्नी नाजिया और बेटी अनबिया (2) के साथ गुरुवार को आउटर रिंग रोड से होकर बख्शी तालाब जा रहे थे। खुशहालगंज के पास अचानक कार में शॉर्ट सर्किट होने से इंजन से धुआं निकलने लगा। उन्होंने समय रहते कार रोककर ली और परिवार समेत उतर गए। जबतक कार का बोनट खोलते आग की लपटें निकलने लगी। एफएसओ धर्मपाल ने बताया दमकल कर्मियों ने 15 मिनट में आग पर काबू पा लिया। इस दौरान मोहनलालगंज की तरफसे काकोरी की ओर जाने वाले रास्ते को रोका गया था। इस्माइल रविवार को उन्नाव के सोहरामऊ स्थित ससुराल साले की शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए हुए थे।

### वरिष्ठ नागरिकों, पत्रकारों, सैनिकों के लिए अलग से बनेंगे काउन्टर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** संभागीय और उपसंभागीय परिवहन कार्यालयों में वरिष्ठ नागरिकों, मान्यता प्राप्त पत्रकारों, सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों एवं महिलाओं को सुविधा हेतु पृथक से काउन्टर बनाये जायेंगे। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि परिवहन विभाग का कार्यालय प्रत्यक्ष रूप से आमजन मानस से जुड़ा हुआ है। हमारे यहां ड्राइविंग लाइसेंस, वाहनों के फिटनेस, पंजीयन एवं अन्य वाहन संबंधी कार्यों का निष्पादन प्रतिदिन होता है। ऐसे में परिवहन विभाग के कार्यालयों में आने वाले वरिष्ठ नागरिकों, सैनिकों, महिलाओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इसी के दृष्टिगत यह निर्णय लिया गया है।मंत्री ने बताया कि परिवहन कार्यालयों में प्रत्येक कार्य के लिए अलग काउन्टर बने हुए हैं, जिन पर आवेदक अपने कार्यों को कराते हैं। आवेदको की संख्या अधिक होने के कारण वरिष्ठ नागरिकों, मान्यता प्राप्त पत्रकारों, सैनिकों एवं महिलाओं को अपने कार्य कराने में असुविधा हो रही थी। अब अलग से काउन्टर बन जाने से इन सभी को काफी सुविधा होगी। डीएल, वाहन फिटनेस इत्यादि संबंधी कार्य आसानी से हो सकेंगे।

### युवती को कार में जबरन बैठा ले गए दबंग, जांच में जुटी पुलिस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अर्जुनगंज स्थित एशिया पैसिफिक रेजिडेंसी के रहने वाले लोगों का आरोप है कि कॉलोनी के कुछ घरों में अवैध रूप से होटल चल रहे है। मकानों में संदिग्ध गतिविधियों को लेकर पहले भी कई बार शिकायत की गई लेकिन कभी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फसिटी अंजनी कुमार मिश्र का कहना है कि शिकायत मिली है। मामले की जांच की जा रही है। कॉलोनी वासियों ने 59 सेकंड का वीडियो पुलिस को दिखाया है। इस वीडियो में कुछ युवक एक कार में जबरन लड़की को बैठाते हुए दिख रहे कार के शीशे बंद हैं। कार के अंदर से लड़की बुरी तरह से चीख रही है और बाहर निकलने की कोशिश कर रही है। लड़की को जबरन ले जाने की वजह पूछने पर लड़के बोलने लगे नशा मुक्ति केंद्र ले जा रहे हैं। इसके बाद असलहा निकालकर लोगों को धमकाया। वहां से भागने के दौरान जब गार्ड ने गेट बंद करने की कोशिश की तो उस पर भी असलहा तान दिया।

### आबकारी विभाग ने की छापेमारी, 70 लीटर शराब बरामद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में आबकारी विभाग ने कच्ची शराब के खिलाफअभियान चलाया है। नगराम और गोसाईगंज थाना क्षेत्र में यह कार्रवाई की गई है। गांव भज्जा खेड़ा, मोती का पुरवा, जौखंडी में संदिग्ध घरों, खेतों, बगीचों, तालाबों के किनारे दबिश और छापेमारी की गई।

इस दौरान दबिश मौके से लगभग 70 लीटर अवैध कच्ची शराब और 450 किलोग्राम लहन बरामद हुआ है। जिला आबकारी अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि लगातार अभियान चलाया जा रहा है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर कार्रवाई हो रही है। कच्ची शराब बनाने वाले 3 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। इसके साथ ही हाइवे और ठेकों के किनारे भी अभियान चला है। यहां पर भी लोगों को चेतावनी दी गई है। आबकारी निरीक्षक लक्ष्मी शंकर बाजपेई, विवेक सिंह, अजीतपाल सिंह, योगेंद्र नाथ सिंह, प्रभात कुमार, स्मिता सहित अन्य लोग मौके पर मौजूद रहे।

### फर्जी अंक व प्रमाण पत्र बनाने वाला आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मध्य क्षेत्र के थाना महानगर पुलिस ने फर्जी दस्तावेजों के निमार्ण और विक्रम से संबंधित एक आरोपी गिरफ्तार किया है, आरोपी राम प्रकाश वर्मा निवासी हसनपुरा सिवाह जनपद बिहार का निवासी है, हाल पता थाना इंदिरानगर जनपद लखनऊ, को मुखबिर सूचना मिली, थाना प्रभारी अखिलेश कुमार मिश्रा ने पुलिस टीम गठित कर मुखबिर बताए हुए स्थान पर पहुंचकर घेर घार कर पकड़े गए, थाना प्रभारी अखिलेश कुमार मिश्रा अहम भूमिका निभाते हुए नजर आ, कब्जे से फर्जी दस्तावेज व प्रमाण पत्र एवं एक लैपटॉप पेपर कटिंग मशीन व दो मोबाइल फोन बरामद किया गया, इसमें कुछ आरौपी फरार चल रहे हैं, आरोपीयों तलाश जारी है, इसी क्रम में, डीसीपी, दिशा-निर्देश पर गठित की काई टीमें लगातार अपराधियों को धर पकड़ कर रही है,जिसमें आज थाना महानगर प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्रा, नेतृत्व में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

# मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करती है श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा : योगी

**‣ सीएम योगी ने श्री राघवाचार्य महाराज का आशीर्वाद लिया**

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ/प्रतापगढ़।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को प्रतापगढ़ के बेलखरनाथ धाम के निकट करमाही गांव में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री योगी यहां पूर्व जल शक्ति मंत्री महेंद्र सिंह के आवास पर चल रही कथा का श्रवण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कथाव्यास जगतगुरू स्वामी श्री राघवाचार्य जी महाराज का आशीर्वाद लिया। साथ ही उन्हें अंगवस्त्र और माला पहनाकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान डॉ. महेंद्र सिंह के पूर्वजों को पुष्प माला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

योगी ने श्रीमद् भागवत महापुराण को मोक्ष ग्रंथ बताते हुए कहा कि यह कथा मोक्ष अर्थात मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करती है। कार्यक्रम में जगतगुरू स्वामी श्री राघवाचार्य जी महाराज ने मुख्यमंत्री के कार्यों की प्रशंसा की और कहा कि उत्तर प्रदेश में तीर्थस्थलों के विकास और अयोध्या नगरी के संवर्धन के प्रयासों से प्रदेश को वैश्विक ख्याति प्राप्त हो रही है। मुख्यमंत्री ने श्रीमद् भागवत महापुराण कथा को सुनने के अवसर को पावन और सौभाग्यशाली बताया। उन्होंने जगतगुरू स्वामी श्री राघवाचार्य जी का अभिनंदन करते हुए कहा कि स्वामी जी की विद्वता कथा के जरिए समाज की समसामायिक समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करती है। उन्होंने यह भी कहा कि हर व्यक्ति के लिए कार्यक्षेत्र में सफलता प्राप्त करना ही उसकी मुक्ति का मार्ग हो सकता है। इस अवसर पर डॉ. महेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने भी कथाव्यास जगतगुरू स्वामी श्री राघवाचार्य और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अंगवस्त्र भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

कार्यक्रम में विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य, विधायक जीत लाल पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व विधायक धीरज ओझा और भाजपा के कई अन्य पदाधिकारी सहित प्रयागराज मण्डल के एडीजी भानु भास्कर, आईजी प्रेम कुमार गौतम, मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत, जिलाधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार और मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दिव्या मिश्रा सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

### छठ घाट पहुंचे योगी, छठी माता का किया पूजा-अर्चन

**लखनऊ।** लोक आस्था के महापर्व के तीसरे दिन आज अस्ताचलगामी (डूबते हुए) सूर्य को अर्घ्य दिया।छठ पूजा का पावन पर्व पूरे उत्तर प्रदेश में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी राजधानी में छठ घाट पर पहुंच कर पूजा अर्चना किए हैं। सीएम के साथ छठ घाट पर डिप्टी सीएम बृजेश पाठक भी मौजूद थे। छठी मईया का पूजा करने के बाद राजधानी के लक्ष्मण मेला मैदान में पहुंचे सीएम ने कहा कि छठी मईया के आशिर्वाद बनल रहे, उन्हीं की कृपा से जीवन है। यह पर्व सूर्य उपासना से जुड़ा हुआ है। लोक आस्था को जीवंत बनाए रखना है। सीएम ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, सामाजिक समरसता और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का संदेश देते, सूर्योपासना और लोक-आस्था के महापर्व छठ की प्रदेश वासियों को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं!

# दलितों व पिछड़ों के हक की लड़ाई लड़ रहे राहुल, बौखलाई भाजपा : अजय

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** पूरे देश में राहुल गांधी के द्वारा संविधान बचाने और दलितों और पिछड़ों की हक की लड़ाई लड़ने के अभियान से बौखलाई भारतीय जनता पार्टी अब अपना असली दलित, पिछड़ा और संविधान विरोधी चेहरा प्रदर्शित कर रही है। जिस तरह देश के लोगों ने संविधान के रक्षा और अपने अधिकारों लिए एकजुट होकर लोकसभा चुनाव में भाजपा को बहुमत के आंकड़े से रोककर उनकी तानाशाही सोच को हराने का काम किया। उससे बीजेपी नेताओं की नींद उड़ गई है। जनता के द्वारा दी हार बीजेपी के नेता पचा नहीं पा रहे हैं।

इसीलिए समय समय पर अपनी दलित पिछड़ा विरोधी और संविधान विरोधी मानसिकता उजागर कर रहे। ये बातें कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने गुरुवार को कही। यह बता दें कि यूपी के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि उनका बयान देश में अशांति फैलाने वाला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा ही दलितों-पिछड़ों के साथ अन्याय किया है। इसी का जवाब देते हुए अजय राय ने कहा कि मंत्री दिनेश सिंह ने जो झूठ प्रेस के सामने बोला है। मंत्री के पद पर रहते हुए संवैधानिक पद की शपथ लेते हुए झूठ बोला है। उससे यह साबित हो गया है कि बीजेपी को दलित और पिछड़ों की हक और प्रतिनिधित्व की जो लड़ाई राहुल गांधी लड़ रहे हैं। वह हजम नहीं हो रही, राहुल गांधी जी जातीय जनगणना के मुद्दे को उठा रहे हैं। अमेठी से सांसद किशोरी लाल शर्मा ने दिनेश सिंह द्वारा झूठे आंकड़े पेश करने पर पलटवार करते हुए कहा कि रायबरेली की जनता दिनेश सिंह से सवाल पूछ रही है कि उन्होंने कितने दलितों पिछड़ों को बढ़ाया, सच्चाई यह कि दिनेश सिंह ने दलितों पिछड़ों का हक मारा, एक पिछड़े नेता का टिकट कटवाकर अपने भाई को लड़ाया, दिनेश सिंह झूठे आंकड़े का हवाला देकर मनगढ़ंत आरोप लगा रहे हैं। सच्चाई यह है कि कांग्रेस ने सदैव 1951 से अब तक दलितों और पिछड़ों को सम्मान सहित प्रतिनिधत्व देकर आगे बढ़ाने का काम किया है।

# मनरेगा के कार्यों की ड्रोन तकनीक से सरकार कर रही है निगरानी

**‣ बाराबंकी-रायबरेली की ग्राम पंचायतों में पहुंचेगी ड्रोन टीम**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मनरेगा योजनांतर्गत किये गये कार्यों की ड्रोन तकनीकी से निरंतर निगरानी और निरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। वर्तमान सरकार का तकनीक के इस्तेमाल पर विशेष बल है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्राम्य विकास विभाग की ग्रामोन्मुखी योजनाओं का क्रियान्वयन जहां बेहतर तरीके से किया जा रहा है, वहीं योजनाओं को अमलीजामा पहनाने में कहीं घालमेल न होने पाये, इसके लिए सतत् रूप से निगरानी किये जाने की व्यवस्था की गयी है।

मनरेगा के कार्यों की गुणवत्ता पर प्रभावी व पैनी नजर रखने के भी सख्त निर्देश दिए गए हैं। मनरेगा कार्यों की ड्रोन तकनीक से वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी कर निगरानी का कार्य निरंतर जारी है। राज्य मुख्यालय स्तर पर तैनात टीमों द्वारा जनपदों में जाकर कार्यों की निरंतर ड्रोन तकनीक से विडीयोग्राफी, फोटोग्राफी का कार्य किया जा रहा है। अब टीम बाराबंकी और रायबरेली में पहुंची टीम भ्रमण कर योजना के कार्यों को परखेगी। मनरेगा योजना अन्तर्गत कार्यस्थलों पर निगरानी ड्रोन प्रणाली से भी की जा रही है। ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशो के क्रम में राज्य मनरेगा मुख्यालय पर ड्रोन टीम तैनात की गयी थी। राज्य स्तरीय ड्रोन टीम का उपयोग मनरेगा कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियमित निरीक्षण निगरानी के लिये किया जा रहा है। आयुक्त, ग्राम्य विकास जीएस प्रियदर्शी द्वारा बाराबंकी और रायबरेली जनपद की चिन्हित की गई 20-20 ग्राम पंचायत में वर्ष 2023-24 में मनरेगा के अन्तर्गत करायें गये कार्यों की ड्रोन टीम से वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी कर निरीक्षण, निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं। इस सम्बन्ध में बाराबंकी और रायबरेली के मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं कि वह ड्रोन टीम को सहयोग प्रदान करने हेतु अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाना सुनिश्चित करें। रोस्टर के अनुसार बाराबंकी और रायबरेली के अलग-अलग विकास खण्डों की 20-20 ग्राम पंचायतों में 08 नवंबर से 17 नवंबर तक ड्रोन टीम सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन करेगी।

### 45 जिलों में लहसुन की खेती को बढ़ावा देने के लिए 40 प्रतिशत मिलेगा अनुदान

**लखनऊ।** प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि प्रदेश में लहसुन की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत विशेष योजना बनाई है। यह मिशन भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित है और इसे 45 जनपदों में लागू किया जा रहा है। सहारनपुर, मेरठ मुजफ्फरनगर, बुलन्दशहर, गाजियाबाद, बरेली, मुरादाबाद, आगरा, मथुरा, मैनपुरी, हाथरस, कानपुर, इटावा, कन्नौज, लखनऊ, उन्नाव, सीतापुर, रायबरेली, बाराबंकी, सुल्तानपुर, प्रयागराज, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, बस्ती, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर, बलिया, कुशीनगर, महराजगंज, बांदा, हमीरपुर, जालौन, चित्रकूट, महोबा, ललितपुर, मिर्जापुर, सोनभद्र, भदोही, गोरखपुर, झांसी, अयोध्या एवं फर्रूखाबाद शामिल हैं। इस मिशन के अंतर्गत केन्द्रांश 60 प्रतिशत तथा राज्यांश 40 प्रतिशत निर्धारित किया गया है।इस योजना के तहत प्रदेश में प्रति हेक्टेयर 30 हजार रुपये की अनुमान्य इकाई लागत तय की गई है। इसमें किसानों को प्रति हेक्टेयर 40 प्रतिशत, यानी अधिकतम 12 हजार रुपये का अनुदान दिया जाएगा।

# सपा कार्यालय के सामने टावर पर चढ़ा संविदा कर्मी

**मुख्यमंत्री के तथाकथित दरबार की सच्चाई, जहां नहीं कोई सुनवाई : अखिलेश यादव**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में सपा कार्यालय के सामने संविदा कर्मचारी पेट्रोल लेकर टावर पर चढ़ गया। बार-बार जान देने की धमकी देने लगा। पत्नी-बच्चे नीचे खड़े थे। पुलिसकर्मी उसे समझाने की कोशिश में लग गए, लेकिन कर्मचारी जिद पर अड़ा रहा। इसके बाद फायर ब्रिगेड की हाइड्रोलिक लिफ्ट बुलाई गई। एसीपी हजरतगंज कर्मचारी के बेटे के साथ लिफ्ट से ऊपर गए। उसने किसी तरह से समझाया। इसके बाद उसे नीचे उतारा गया। इस घटना पर अखिलेश यादव ने तंज कसा। कहा ये है मुख्यमंत्री के तथाकथित दरबार की सच्चाई है। जहां कोई सुनवाई नहीं होती।

कर्मचारी राजू सैनी अलीगढ़ का रहने वाला है। वह परिवार के साथ जनता दरबार में शिकायत करने आया था। पत्नी से पुलिस को शिकायत पत्र मिला। इसमें लिखा है- परिवहन विभाग के अधिकारी भ्रष्टाचार करते हैं। प्रताड़ित करते हैं। दो बार कर्मचारी से मारपीट भी की गई। वहीं, पत्नी का कहना है कि अफसर पति से जर्जर बस चलवाते हैं, जिससे कभी भी हादसा हो सकता है। अफसर जबरन खराब गाड़ी चलाने और नौकरी ने निकालने की धमकी देते हैं। डीजल चोरी का आरोप लगाकर सैलरी से रुपए की कटौती करते हैं। सैलरी कम मिलने के कारण बच्चे की पढ़ाई-लिखाई नहीं हो पाती। उनको जरूरत की सुविधा तक नहीं दे पाते हैं। कई ड्राइवर-कंडक्टर सुसाइड भी कर चुके हैं। 5 साल में 10-15 बार शिकायत की गई, लेकिन सुनवाई नहीं हुई।

### दुष्कर्म पीड़िता का जहर खाकर आत्महत्या करना महिला सुरक्षा पर सवाल

**लखनऊ।** प्रेमी के धोखा देने से और कहीं सुनवाई न होने से आहत युवती ने थाने में विषाक्त पदार्थ खा लिया जिससे उसकी मौत हो गई। इस घटना को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि ऊपर-से-नीचे तक महा-भ्रष्टाचार में लिप्त भाजपा राज में पुलिस के भ्रष्ट और अमानवीय व्यवहार से दुखी होकर, महीनों की हताशा के बाद, दुष्कर्म की शिकार पीलीभीत की एक युवती का जहर खाकर आत्महत्या करना बेहद दुखद घटना है। इस बात की पुष्टि का सबूत मृतका द्वारा दिये गये वीडियो में दर्ज है। भाजपावाले 'महिला सुरक्षा' पर क्या अब कोई बड़बोला बयान देना चाहेंगे। अधिकारियों की बेईमानी में भाजपाइयों की हिस्सेदारी ही समस्या की मूल जड़ है। इसकी गहन जांच हो और जिसको भी इस घूस में हिस्सा मिला है, उस पर दंडात्मक कार्रवाई हो। उप्र सरकार अपने भ्रष्टाचार और हृदयहीन व्यवहार के लिए स्वयं 'निंदा-प्रस्ताव' पारित करे और अपने ही ऊपर 1 करोड़ का जुर्माना लगाए और मृतका के परिजनों को ये संवेदना राशि दे। जन-जन कहे आज का, नहीं चाहिए भाजपा! गौरतलब है कि पीलीभीत में एक दुष्कर्म पीड़िता ने थाना अध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए थाने में ही जहर खा लिया। घटना से पीड़िता की हालत बिगड़ गई और उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां है जहां से उसे बरेली रेफर किया गया। बरेली में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, पीड़िता की ओर से आठ माह पूर्व युवक पर दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, जिसमें तीन माह पूर्व एफआर लग चुकी है।

### जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में रिक्त पदों के लिए साक्षात्कार नौ को

**लखनऊ।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में रिक्त पदों को सेवानिवृत्त कार्मिकों एवं अतिथि शिक्षकों को मानदेय के आधार पर भरे जाने के लिए 09 नवम्बर को पूर्वाह्न 11 बजे से लखनऊ स्थित कार्यालय उपनिदेशक, समाज कल्याण लखनऊ मंडल, 23, कैन्ट रोड, टिकरा हाउस, रेडिशन होटल के सामने साक्षात्कार आयोजित किया गया है। इस साक्षात्कार में आवेदक शैक्षिक अभिलेख, अनुभव प्रमाणपत्र, सेवानिवृत्ति का प्रमाणपत्र, पासपोर्ट साइज एक फोटो ,आधार कार्ड की मूलप्रति के साथ अभिलेखों की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति साथ लेकर साक्षात्कार हेतु निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर ससमय उपस्थित होना है।

**आस्था** | **उपासकों ने डूबते और उगते सूर्य को अर्घ्य देकर अपने व्रत का किया पारण**

# छठ महापर्व के साक्षी बन रहे अमृत सरोवर, गूंजे छठ मइया के गीत

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** लोक आस्था के महापर्व छठ को प्रदेश भर में बड़ी ही धूमधाम से मनाया जाता है।। उपासकों द्वारा डूबते और उगते सूर्य को अर्घ्य देकर अपने व्रत का पारण किया जाता है। व्रती भगवान सूर्य की आराधना करते हैं। प्रदेश भर में जहां-जहां पर इस पर्व को मनाया जाता है, वहां मनरेगा योजना के अंतर्गत विकसित किये गये तालाब, अमृत सरोवर का सौंदर्यीकरण किया गया है। छठ पूजा से पहले ही इसकी स्थानीय स्तर पर तैयारी कर तालाबों का सौंदर्यीकरण किया गया।

तालाबों का रंग-रोगन एवं लाइटिंग कर सौंदर्यीकरण का एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया गया है। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा के तहत बनाए गए अमृत सरोवरों पर छठ की छटा दिखाई भी दे रही है। बड़ी संख्या में अमृत सरोवरों पर छठ पूजा का आयोजन किया जा रहा है। विकसित अमृत सरोवरों पर साफ-सफाई,पक्की सीढ़ियों के निर्माण और स्वच्छ पानी होने से छठ पूजा करने में लोगों को मदद मिल रही है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दिशा-निर्देशन में छठ महापर्व शुरू होने से पूर्व ही सभी घाटों, नदियों, तालाबों और अमृत सरोवरों पर साफ-सफाई कर स्वच्छ जल उपलब्ध कराया गया है। ग्राम पंचायत स्तर पर विकसित किए गए अमृत सरोवरों पर बड़ी संख्या में लोग छठ पूजा को मना रहे है। छठ महापर्व पर अमृत सरोवरों पर महिलाओं द्वारा विधिपूर्वक घाट बांधकर पूजा की जा रही है। अमृत सरोवरों पर छठ पूजा करने की सारी व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने के साथ साफ-सफाई एवं लाइटिंग की व्यवस्था भी कराई गई। घाटों की सुंदरता बढ़ाने के लिए रंगीन लाइटों का भी प्रयोग किया गया।

बिहार के साथ साथ उत्तर प्रदेश में भी छठ का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। खासकर पूर्वांचल में बड़ी संख्या में विकसित अमृत सरोवरों पर छठ महापर्व की पूजा और छठी मइया के गीतों से माहौल भक्तिमय हो रहा है। वाराणसी, गाजीपुर, मऊ, बलिया, सोनभद्र, देवरिया, आजमगढ़, गोरखपुर, कुशीनगर के साथ कई जनपदों में अमृत सरोवरों पर आस्था का जन सैलाब उमड़ रहा है।अमृत सरोवरों पर मनाई जा रही छठ पूजा को लेकर आयुक्त, ग्राम्य विकास जीएस प्रियदर्शी द्वारा बताया गया कि ग्रामीण इलाकों में विकसित अमृत सरोवरों पर बड़ी संख्या में छठ पूजा का सफल आयोजन बड़ी उपलब्धि है तथा इससे स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा भी मिल रहा है। तथा लोग जल संरक्षण से जुड़ी विभागीय योजना का लाभ भी उठा पा रहे हैं।

# ग्राम पंचायत फिरोजपुर का प्रधान कर रहा मनरेगा में भ्रष्टाचार

**पूर्व में समृद्धि न्यूज़ ने किया था भ्रष्टाचार का खुलासा तो प्रधान ने पत्रकार को धमकाया कहां बिना पूछे गांव में घुस मत जाना**

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।

योगी सरकार एक तरफ भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने और जिरोटालरेंस की निति पर काम करने की बात कर रही है वहीं दूसरी तरफ गोण्डा जिले में कार्यरत जिम्मेदार अधिकारियों के चलते केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी मनरेगा योजना जमीनी धरातल पर उतरने से पहले ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है। इस पूरे भ्रष्टाचार में डीसी मनरेगा से लेकर झंझरी विकास खंड के सभी जिम्मेदार अधिकारी भी संलिप्त नजर आते है क्योंकि इनकी संलिप्तता के बगैर यह सब संभव ही नही है। विकास खंड झंझरी की ग्राम पंचायत फिरोजपुर एवं चकसड़ में मनरेगा से चलाए जा रहे कार्यों में जिम्मेदार अधिकारियों के संरक्षण में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है पूरे मामले में तकनीकी सहायक,रोजगार सेवक व प्रधान की मिलीभगत सामने आयी है। ग्राम पंचायत के फिरोजपुर में दो कार्यो में 78 श्रमिकों की हाजिरी लगाई जा रही है। लेकिन धरातल पर कुछ और ही है।

वहीं सूत्र बता रहे है कि पहले कार्य नवरीया बगिया से चवन्नी के खेत तक मिट्टी पटाई कार्य पर 40 श्रमिक की फर्जी हाजिरी दर्ज की जा रही है जबकि काम कई दिनों से बंद है। दूसरे कार्य नवरीया बगिया से अलगू के खेत तक कच्ची सड़क तक मिट्टी पटाई कार्य पर 38 श्रमिको की हाजिरी लगाई जा रही है वही मौके पर करने वाले श्रमिको की संख्या मात्र




एक दर्जन से भी कम है। रोजगार सेवक घोटाला न पकड़ा जाए इसलिए ऑनलाइन हाजिरी में खेल कर देर रात को पुरानी पुरानी फ़ोटो की फ़ोटो लगा रहे है। जब इस प्रकरण पर ग्राम प्रधान फिरोजपुर से वार्ता की गई तो पत्रकार को धमकाते हुए कहा की दोबारा बगैर मुझसे पूछे हमारे ग्राम पंचायत में घुसने की कोशिश मत करना वर्ना.......। ग्राम पंचायत चकसड़ में गौशाला में मिट्टी पटाई कार्य पर 45 श्रमिको की उपस्थिति दर्ज की गई है,लेकिन मौके पर कार्य नही चलाया जा रहा है।

क्या ग्राम पंचायत फिरोजपुर, चकसड़, गोविंदपारा, नारायणपुर वैली,ताजपुर, आदि गावों में बिना कार्य कराये ही फर्जी हाजिरी दर्ज कर की जा रही है ? क्या विशेष आशीर्वाद के पीछे डीसी मनरेगा और बीडीओ पर कोई राजनीतिक दबाव है या कोई विशेष उद्देश्य ..? वही क्या हकीकत इसके विपरीत है ? सूत्रों के मुताबिक काम बहुत पहले ही पूर्ण हो चुका है,उसके बावजूद पंचायत सहायक के द्वारा फर्जी हाजिरी दर्ज की जा रही है इसके पीछे की वजह भी कमीशन की है क्योंकि स्टीमेट बनाने से पहले बनाने वाला कमीशन लेकर आवश्यकता से कई गुना ज्यादा मजदूरों का स्टीमेट बनाता है जिसके चलते काम पहले ही पूरा हो जाता है और आगे के भुगतान के लिए फर्जी वाड़ा किया जाता है। वही डीसी मनरेगा से जब फोन पर बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने कहा कि मैं अभी मीटिंग में हूं।

# लेखपाल का रिश्वत लेते वीडियो वायरल, उठ रहे सवाल

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।



जिले में भ्रष्टाचार सर चढ़कर बोल रहा है। यहां आये दिन सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों के रिश्वत लेने के वीडियो सामने आ रहे हैं।

इसी प्रकार गोंडा जिले की सदर तहसील में घूसखोरी का एक गंभीर मामला सामने आया है। भूमि की पैमाइश के लिए पांच हजार रूपये रिश्वत लेते हुए एक लेखपाल का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में लेखपाल प्रशांत विक्रम सिंह को चाय की चुस्की लेते हुए खुलेआम रिश्वत लेते हुए देखा जा सकता है। बताया जा रहा है कि यह वीडियो करीब एक महीने पुराना है,जिसमें प्रशांत विक्रम लेखपाल जो सदर तहसील में तैनात हैं वह एक व्यक्ति से 5000 रूपये की घूस लेते हुए दिखाई दे रहे हैं।

मामला गोंडा के केशवपुर पहड़वा के बांसपुरवा का बताया जा रहा है। जिसे एक न्यूज चैनल के ट्विटर अकाउंट के माध्यम से प्रसारित किया गया है। यह वायरल वीडियो दर्शाता है कि तहसील के अधिकारियों में भ्रष्टाचार कितना गहरा पैठ बना चुका है,जो कि आम जनता के लिए एक बड़ी चिंता का विषय है। प्रशासन की चुप्पी सवालों के घेरे में,प्रशासन पर उठ रहे हैं सवाल। इस वीडियो के वायरल होने के बाद जिला प्रशासन पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। प्रशासनिक अधिकारियों का अब तक इस मामले पर कोई स्पष्ट बयान नहीं आया है। ऐसे में अब देखना यह है कि क्या इस भ्रष्टाचार पर कोई कड़ी कार्रवाई होगी या फिर यह मामला भी अन्य घूसखोरी मामलों की तरह फाइलों में दबकर रह जाएगा। बता दें कि इस घटना ने सरकारी तंत्र में भ्रष्टाचार के गंभीर कारनामे उजागर किया है,और आम जनमानस के भीतर भारी असंतोष का माहौल उत्पन्न कर दिया है।

# पिकअप ने कार में मारी ठोकर, ड्राईवर सहित दो की मौत

**हादसे में तीन बच्चे घायल,मेडिकल कॉलेज में भर्ती**

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।



जिले के मनकापुर कोतवाली क्षेत्र में मनकापुर- उतरौला मार्ग पर मरौचा गांव के समीप बुधवार की देर रात एक तेज रफ्तार पिकअप ने सामने से आ रही कार को जोरदार टक्कर मार दी,इस भीषण हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए और कार चालक समेत दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। कार में बैठे तीन बच्चे गंभीर रूप से घायल हुए हैं उन्हें इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक बलरामपुर जिले के रेहरा थाना क्षेत्र के ग्वालियर ग्रांट गांव के रहने वाले अश्वनी कुमार मिश्रा अपने मित्र की अल्टो कार से परिवार के साथ अपनी ससुराल गए थे। बुधवार की देर रात वह ससुराल से अपने गांव लौट रहे थे। अश्विनी के साथ उनकी बेटी प्रतिज्ञा मिश्रा (12) प्रज्ञा मिश्रा (15) व बेटा प्रियांशु मिश्रा (10) भी था। कार को उनके मित्र जयसेन वर्मा चला रहे थे। मनकापुर उतरौला मार्ग पर वह मरौचा गांव के समीप पहुंचे थे कि विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी कार में ठोकर मार दी। ठोकर इतनी जबरदस्त थी की अल्टो कार के परखच्चे उड़ गए। भिड़ंत के बाद धमाके की आवाज सुनकर गांव के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और घटना की सूचना पुलिस को देकर कार में फंसे लोगों को निकालना शुरू किया। कुछ ही देर में कुड़ासन चौकी की पुलिस व मनकापुर के प्रभारी निरीक्षक संतोष मिश्रा भी मौके पर पहुंच गये। पुलिस सभी घायलों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची,जहां डाक्टर ने अश्विनी मिश्रा (38) व कार चालक जयसेन वर्मा (52) को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल तीनों बच्चों को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक संतोष मिश्रा ने बताया कि मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल के मोर्चरी हाउस में रखवा दिया गया है। मृतक के भाई की तहरीर पर पिकअप चालक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# 12 वर्षों से तैनात दीवान का डीआईजी ने किया गैर जनपद तबादला

**तबादले के बावजूद जिले में जमे हैं दीवान चंद्रकेश भास्कर**

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।



पिछ्ले 12 वर्ष से जमे दीवान सिपाही और निरीक्षक , उपनिरीक्षक का स्थानांतरण उपपुलिस महानिरीक्षक देवी पाटन ने दो माह पूर्व मडल के जिलों में किया था। कोतवाली देहात में तैनात दीवान चन्द्र केश भास्कर पिछ्ले 12 वर्षो से जिला में तैनात है।

डीआईजी ने उसका स्थानांतरण बीते आठ अगस्त को बलरामपुर जिले के लिए किया था। स्थानन्तरण होने के बाद भी बलराम पुर जिले में नही गया। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बीते 26 सितंबर को कोतवाली देहात में तैनात दीवान चन्द्र केश भास्कर का स्थानन्तरण नगर कोतवाली के लिए किया था। पिछ्ले चार साल से कोतवाली देहात में दीवान के पद पर कार्यरत है। विभागीय पुलिस की साठगांठ से दीवान जिले में पिछ्ले 12 वर्षों से अंगद पाव की तरह जमा हुआ है।

# महिला चिकित्सालय में मरीजों को दी जाये जरूरी सुविधा

**बाहर से न करायी जाये किसी भी प्रकार की जांच : चारू चौधरी**

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।



उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी ने जिला महिला चिकित्सालय व वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण किया। उनके साथ उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य ऋतु शाही भी रहीं।

जिला महिला चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष चारू चौधरी ने महिला मरीजों से रूबरू होते हुए उनसे सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने जिला महिला चिकित्सालय के सीएमएस डॉ. देवेन्द्र सिंह को निर्देशित किया कि चिकित्सालय में आने वाली महिलाओं को सरकार द्वारा प्रदान की जा रही समस्त सुविधाएं प्रदान की जाय। यह ध्यान रखा जाय कि ओपीडी समय से खुले और मरीजों को उपचार प्रदान हो सके। किसी भी प्रकार की जांच बाहर से न करायी जाय। उन्होंने निर्देशित किया कि पैरामेडिकल स्टाफ, स्टाफ नर्स व आशा कार्यकत्रियों को प्रशिक्षित कराया जाय। उन्होंने यहां ओपीडी, लिफ्ट सुविधा, दवा कांउटर, जांच मशीनों, आपरेशन कक्ष, पोस्ट डिलेवरी वार्ड, प्री पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड, आयुष्मान वार्ड, आदि का भी जायजा लिया। उपाध्यक्ष ने वन स्टाप सेंटर में खाना, बिस्तर, प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी की तथा संरक्षित पीड़िता से भी वार्ता किया।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर शिल्पा वर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी, महिला थानाध्यक्ष प्रतिभा सिंह, संरक्षण अधिकारी चन्द्रमोहन वर्मा, परियोजना समन्वयक आशीष मिश्रा, पंकज कुमार राव, सिद्धनाथ पाठक आदि मौजूद रहे।



# कुंदुरखी में बजाज ग्रुप लगाएगा डिस्टलरी प्लांट

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** बजाज हिंदुस्तान शुगर लि. इकाई कुंदरखी में प्रस्तावित 690 किलो लीटर प्रतिदिन क्षमता बी हैवी शीरा, केन सिरप तथा अनाज आधारित डिस्टलरी के साथ ही 15 मेगा वॉट सह उत्पादन विद्युत संयंत्र हेतु जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस परियोजना की अनुमानित लागत 787 करोड़ आएगी। प्रस्तावित डिस्टलरी के लिए बजाज ग्रुप के पास जमीन पहले से उपलब्ध है। जनसुनवाई के शुरुआत में बजाज ग्रुप के चीफ सस्टेनेबिलिटी ऑफिसर डॉ. ए.वी. सिंह, इकाई प्रमुख पी.एन. सिंह तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों एवं प्रबुद्ध किसानों द्वारा अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार को बुके दे कर स्वागत किया। कार्यक्रम में संतोष कुमार उत्तर प्रदेश पर्यावरण व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अयोध्या, बजाज चीनी मिल कुंदरखी इकाई प्रमुख पी.एन. सिंह, बजाज एनर्जी के इकाई प्रमुख, एचएस प्रमुख एवं कंसल्टेंट सहित अन्य अधिकारी गण मंचासीन रहे। कार्यक्रम के शुरुआत में कंसल्टेंट द्वारा डिस्टलरी उद्योग के पूरे विधि का विस्तारपूर्वक विवरण प्रस्तुत किया।

# शॉर्ट सर्किट से लगी आग, बारह दुकानें जलकर राख

**कटरा बाजार नगर पंचायत के पीपल चौराहे की है घटना**

कटरा बाजार/ गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।



स्थानीय थाना क्षेत्र के अन्तर्गत कटरा बाजार नगर पंचायत के पीपल चौराहे के पास रात करीब दो बजे एक सब्जी की दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई,जो तेजी से आसपास की अन्य दुकानों में फैल गई। इस हादसे में करीब एक दर्जन दुकानें जलकर खाक हो गईं। आग लगने से दुकानदारों को लाखों रुपये का नुक़सान हुआ है। घटना की सूचना मिलने के बाद करीब एक घंटे में पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम और स्थानीय लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। रामदीन की सब्जी की दुकान से शुरू हुई आग ने आसपास की दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। दुकानों से उठती लपटों और भारी धुएं के कारण स्थानीय लोग आग बुझाने की हिम्मत नहीं जुटा पाए। फायर ब्रिगेड के पहुंचने से आग को और अधिक फैलने से रोका जा सका। इस हादसे से प्रभावित कई दुकानदारों के रोजी-रोटी पर संकट खड़ा हो गया है। वहीं तहसील प्रशासन ने घटना स्थल पर राजस्व विभाग के कर्मचारियों को भेजकर नुकसान का आंकलन करने का निर्देश दिया है। कटरा बाजार क्षेत्र के विधायक बावन सिंह ने भी जिला स्तरीय अधिकारियों से बात करके पीड़ित दुकानदारों को मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा जल्द ही नुकसान की रिपोर्ट तैयार कर पीड़ितों को आर्थिक सहायता मुहैया कराई जाएगी। बता दें कि इस अग्निकांड की घटना ने क्षेत्र के दुकानदारों की चिंता बढ़ा दी है और प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की जा रही है ताकि प्रभावित दुकानदार अपने कारोबार को दोबारा शुरू कर सकें।

## कार्यकत्री व सहायिकाओं के मानदेय भुगतान की समस्याओं का हुआ समाधान: डीपीओ

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** जिला कार्यक्रम अधिकारी राज कपूर ने बताया कि जनपद मे पीएफएमएस पोर्टल पर 250 से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकत्री/ सहायिकाओ का मानदेय प्राप्त होने मे जो बाधा आ रही थी उसका निराकरण कर दिया गया है। राज कपूर ने बताया कि यह समस्या आधार मे जन्मतिथि अथवा नाम मे संशोधन के कारण उत्पन्न हुई थी जिसका पीएफएमएस प्रणाली पर अपडेशन एवं आहरण वितरण अधिकारी के स्तर से अप्रूव कर देने से समस्या का समाधान हो गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी राज कपूर ने बताया कि समस्या का समाधान हो जाने से आगामी माहों में सम्बन्धित को मानदेय का नियमित भुगतान प्राप्त होगा तथा अवशेष माहों का मानदेय एरियर के रूप में खातों में भेजा जायेगा। जिन आंगनबाड़ी कार्यकत्री/ सहायिका के आधार व जन्मतिथि मे कोई संशोधन नही हुआ है उनका मानदेय खाते मे रेगुलर प्राप्त हो रहा है।

# ग्रामीण के मकान में लगाया आग, पिता और पुत्री झुलसे

**पड़ोसी पर लगा आग लगाने का आरोप**

बहराइच,समृद्धि न्यूज़।

जिले के अगैया निवासी एक ग्रामीण के मकान गुरुवार तड़के आग लग गई। जिसके चलते मकान में सो रहे पिता और बेटी झुलस गए। दोनों को गंभीर हालत में सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। कोतवाली नानपारा अंतर्गत अगैया निवासी राम फेरन चौहान पुत्र छेदी चौहान के मकान में गुरुवार सुबह पांच बजे आग लग गई।

आग लगने से राम फेरन चौहान के फूस का छप्पर जल गया। वहीं मकान में सो रहे राम फेरन चौहान (45) और बेटी पूनम (18) जलकर झुलस गई। आसपास के लोगों ने परिवार के लोगों को घर से बाहर निकाला। इसके बाद फूस के मकान में आग बुझाया। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया।

यहां हालत गंभीर होने पर दोनों को मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया गया। राम फेरन ने पड़ोसी राकेश पुत्र भल्लर चौहान पर मकान में आग लगाए जाने का आरोप लगाया है। कोतवाल प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद केस दर्ज किया जायेगा। उन्होंने बताया कि सुरक्षा को लेकर गांव में पुलिस तैनात है। मौके का पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रदुम्न सिंह और कोतवाल ने निरीक्षण भी किया है।

# इज्जत घर के बहाने डीपीआरओ ने छात्रा से किया दुष्कर्म

**आवास पर बुलाकर ले गया था प्रभारी एडीओ पंचायत, डीएम ने गठित की जांच कमेटी**

बहराइच ,समृद्धि न्यूज़।

जिले के हरदी थाना क्षेत्र निवासी किसान डिग्री कॉलेज में परास्नातक की छात्रा ने जिला पंचायत राज अधिकारी पर शौचालय दिलवाने के नाम पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। जिसमें महसी के प्रभारी एडीओ पंचायत पर छात्रा को डीपीआरओ आवास पर ले जाने का आरोप है। शिकायती पत्र मिलने पर डीएम ने पांच सदस्यीय टीम गठित कर जांच के निर्देश दिए हैं। हरदी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी छात्रा शहर के किसान डिग्री कॉलेज में परास्नातक में पढ़ाई कर रही है। छात्रा ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया है। जिसमें छात्रा का कहना है कि उसकी मां ने शौचालय के लिए आवेदन किया है। जिस पर विकास भवन स्थित डीपीआरओ कार्यालय में उसे दीवाली से पहले बुलाया गया था। जहां पर महसी ब्लॉक के प्रभारी एडीओ पंचायत प्रवीण श्रीवास्तव अपने साथ शौचालय दिलवाने के नाम पर जिला पंचायत राज अधिकारी आवास पर ले गए। इसके बाद वहां एडीओ पंचायत ने कमरे में जाने की बात कही। कमरे के अंदर जाने पर डीपीआरओ ने गलत हरकत की। इसके बाद दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देकर पांच हजार रुपये दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए डीएम ने सीडीओ, जिला विद्यालय निरीक्षक, सिटी मजिस्ट्रेट समेत पांच अधिकारियों की टीम गठित कर जांच के निर्देश दिए हैं। वहीं आरोप लगने के बाद डीपीआरओ अवकाश पर चले गए हैं। जिलाधिकारी का कहना है कि शिकायती पत्र मिली है। इसकी वह रिपोर्ट भी बना रही है। शासन को भेजा जाएगा।

**एडीओ पंचायत ने एक अन्य के साथ किया दुष्कर्म**

छात्रा ने शिकायती पत्र में लिखा है कि डीपीआरओ के आवास में दुष्कर्म का वीडियो प्रभारी एडीओ पंचायत प्रवीण कुमार के पास है। उस वीडियो के द्वारा ब्लैक मेल किया जा रहा है। भाजपा कार्यालय के निकट मोहल्ला माधवरेती में एक कमरे में प्रभारी एडीओ पंचायत एक अन्य के साथ मिलकर उसके साथ दुष्कर्म किया। साथ ही वह बार बार दुष्कर्म के लिए बुलाते हैं। जिससे वह काफी परेशान है।

# बुजुर्गों को भी मिलेगा आयुष्मान कार्ड का आशीष

बहराइच,समृद्धि न्यूज़।

आयुष्मान भारत योजना के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान कार्ड बनवाने की प्रक्रिया को बेहद सरल कर दिया गया है। अब कोई भी लाभार्थी अपने मोबाइल में आयुष्मान ऐप डाउनलोड कर, सरलता से अपना कार्ड बना सकता है।

**पांच लाख तक नि:शुल्क करा सकेंगे इलाज**

**ऐसे बनवाएँ आयुष्मान कार्ड** सबसे पहले अपने मोबाइल में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना ऐप को डाउनलोड करें और बेनेफिशरी लॉगिन विकल्प पर जाएँ। पेज के सबसे नीचे दिए गए 'Click Here for Enrollment of 70 Years or More' विकल्प पर क्लिक करें।3. अपना आधार कार्ड नंबर दर्ज करें। इसके बाद आपके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी (वन टाइम पासवर्ड) प्राप्त होगी। 4.ओटीपी दर्ज करते ही, आपके विवरण स्क्रीन पर दिखाई देंगे। सभी आवश्यक जानकारी भरें और प्रक्रिया को पूर्ण करें। कुछ ही मिनटों में आपका आयुष्मान कार्ड तैयार हो जाएगा, जिससे आप 5 लाख रुपये तक का मुफ्त उपचार लाभ उठा सकेंगे। सीएमओ ने की अपील मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार शर्मा ने सभी पात्र वरिष्ठ नागरिकों से इस आसान प्रक्रिया का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

# महिला ने कतर्नियाघाट के जंगल में लगायी फांसी

**शवनोमेन्स लैंड से करीब डेढ़ किलोमीटर अंदर रोहनी के पेड़ से फंदे से लटका मिला नेपाली महिला का शव**

बहराइच,समृद्धि न्यूज़।



नेपाल राष्ट्र की निवासी एक महिला ने भारतीय क्षेत्र में स्थित कतर्नियाघाट के जंगल में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। नोमेन्स लैंड से करीब डेढ़ किलोमीटर अंदर रोहनी के पेड़ से बंधे फंदे से नेपाली महिला का शव लटकता पाया गया। पंचनामा के बाद महिला के शव को नेपाल पुलिस की मौजूदगी में परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। बहराइच के कोतवाली मुर्तिहा क्षेत्र अंतर्गत कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के धर्मापुर के जंगल में सीमा (नोमेन्स लैंड) से करीब डेढ़ किलोमीटर अंदर रोहनी के पेड़ से फंदे से नेपाली महिला का शव लटकता पाया गया।

एसएसबी 70वी वाहिनी के एसीबी आदर्श कुमार ने बताया कि बुधवार को नेपाल पुलिस व नेपाली नागरिक एक महिला की तलाश में निकले थे जिनके द्वारा मदद मांगने पर उनके साथ वन विभाग की टीम व एसएसबी निशानगाड़ा व एसएसबी की बीओपी बेनवा कुआं और धर्मापुर की टीम द्वारा जंगल में संयुक्त गश्त किया गया। इस दौरान नोमेन्स लैंड से करीब डेढ़ किलोमीटर भारतीय क्षेत्र में एक रोहनी के पेड़ पर फंदे से लटकते महिला का शव बरामद किया गया। महिला की सास सुंदर कली पत्नी रामप्रसाद ने बताया कि मृतका उसकी बहू है जिसका नाम अस्मिता पत्नी गणेश हैं जो मिलन टोल वार्ड नंबर 01 थाना गुलरिया जिला बर्दिया की रहने वाली है। पूंछताछ में सास ने बताया कि बुधवार की सुबह बहू अस्मिता घर पर झगड़ा करके यह कहकर निकली थी कि वह फांसी लगाने जा रही है। एसएसबी व कोतवाली मुर्तिहा की टीम ने कागजी कार्यवाही कर नेपाली महिला के शव को उनके परिजनों व नेपाल गुलरिया के क्षेत्राधिकारी ऋषिराम घर्ति मगर के सुपुर्द कर दिया है।

# डीसीए फाइटर्स एवं डीसीए राइडर्स के बीच खेला गया मुकाबला

**डीसीए फाइटर्स की तरफ से कृष्णा सिंह को चुना गया मैन ऑफ द मैच**

बहराइच ,समृद्धि न्यूज़।



डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन बहराइच के सौजन्य से पांचवें स्व रविन्द्र नाथ मैमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को दो मुकाबले खेले गए। पहले मुकाबले में डीसीए हीरोज के कप्तान पीयूष जायसवाल ने टास जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने का निर्णय लिया। असद शाह के 67 एवं पीयूष के 54 रनों की बदौलत निर्धारित ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 162 रन बनाए। डीसीए वारियर्स की तरफ से आदर्श एवं अक्षज त्रिपाठी ने 2-2 विकेट लिए।163 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए वारियर्स की पूरी टीम 15 ओवर में 71 रनों पर आल आउट हो गई। हीरोज की तरफ से मो मैकाइल ने 3, अफजल एवं सत्य बाजपेई ने 2-2 विकेट लिए।

# सभी व्यवस्थाएं रखी जायें दुरूस्त ताकि श्रद्धालु को न हो असुविधा: डीएम

**छठ पूजा पर डीएम-एसपी ने विश्रामघाट की साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का लिया जायजा**

बहराइच ,समृद्धि न्यूज़।



छठ पूजा पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के साथ ब्लाक रिसिया अन्तर्गत बलभद्दरपुर स्थित विश्रामघाट का निरीक्षण कर साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए मौके पर मौजूद खण्ड विकास अधिकारी रिसिया एस.पी. गौतम को निर्देश दिया कि त्यौहार के अवसर पर साफ-सफाई के बेहतर प्रबन्ध के साथ-साथ प्रकाश की समुचित व्यवस्था की जाय तथा चूनाकारी भी करायी जाय। विश्रामघाट के निरीक्षण के दौरान डीएम व एसपी ने घाट परिसर में स्थित धुरिया बाबा स्थल व राणी सती मन्दिर में दर्शन कर पूजाअर्चन किया। रिसिया से लौटते समय डीएम व एसपी ने झिंगहाघाट व बेरिया का निरीक्षण कर घाट की साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाओं का जाय?ा लेते हुए मौके पर मौजूद नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर व अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बहराइच प्रमिता सिंह को निर्देश दिया कि छठ पूजा के दृष्टिगत सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबन्द रखी जायें ताकि किसी श्रद्धालु को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाये। इस अवसर पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि जनपद में छठ पूजा के दृष्टिगत कुल 129 स्थल चिन्हित किये गये हैं। जहां पर श्रद्धालुओं के लिए साफ-सफाई, प्रकाश इत्यादि के माकूल बन्दोबस्त सुनिश्चित करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

डीएम ने बताया कि सम्बन्धित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया गया है कि सुरक्षा के दृष्टिगत बैरीकेडिंग करायी जाय तथा जहां पर पानी गहरा है वहां पर चेतावनी फ्लैग लगाये जायें तथा महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम की भी व्यवस्था की जाय। डीएम ने बताया कि सभी 129 स्थलों का नामित अधिकारियों द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया जा रहा है।

# बैडमिंटन टूर्नामेंट में दूसरे दिन खेले गये 60 मुकाबले

**बहराइच की अरुणिमा 30-10 से रही विजयी**

बहराइच ,समृद्धि न्यूज़।

इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेली जा रही स्व.मदनलाल अग्रवाल स्मारक राज्य स्तरीय आमंत्रण बैडमिंटन प्रतियोगिता के दूसरे दिन अंडर 15 ,17 वर्ग के कुल 60 मुकाबले खेले गये। विशिष्ट अतिथि जितेंद्र प्रताप सिंह जीतू,अमरेंद्र प्रताप सिंह,मौजूद रहे। अंडर 15 बालिका वर्ग में अरुणिमा बहराइच व तनुपाल अयोध्या के मध्य मुकाबला खेला गया। जिसमें अरुणिमा 30-10 से विजयी रही। दूसरा मुकाबला अपर्णा लखनऊ व विदुषी बहराइच के मध्य खेला गया । जिसमें विदुषी 30-14 से विजयी रही। तीसरा मुकाबला शगुन गोरखपुर व गौरी लखनऊ के मध्य खेला गया। जिसमें शगुन 30-18 से विजयी रही। अंडर 17 बालिका वर्ग में जानवी लखनऊ व विदुषी बहराइच के मध्य मुकाबला खेला गया। जिसमें विदुषी 30-7 से विजयी रही। दूसरा मुकाबला शगुन गोरखपुर व संवि लखनऊ के मध्य खेला गया ।जिसमें शगुन 30-16 से विजयी रही। तीसरा मुकाबला गौरी लखनऊ व श्रेया अयोध्या के मध्य खेला गया।

# डीएम ने क्रॉप कटिंग का किया निरीक्षण

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

धान की पैदावार की हकीकत देखने के लिए जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने सदर तहसील क्षेत्र के सताव ब्लॉक के दरीबा गांव में पहुंची। उनकी देखरेख में क्रॉप कटिंग कर उत्पादकता का आकलन किया गया। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत फसल धान कटाई के कुल चार खेतों में प्रयोग किए गए। एक निश्चित त्रिकोण क्षेत्र में फसल कटाई करके यह देखा गया कि कितनी उत्पादकता प्राप्त हो रही है।

इसके के अंतर्गत दो खेतों में क्रॉप कटिंग की गई, जिसमें गाटा संख्या 492 में लगभग 55.9 कुंतल/हेक्टेयर के हिसाब से तथा गाटा संख्या 781 में 75.7 कुंतल/ हेक्टेयर के हिसाब से उपज प्राप्त हुई। इसी प्रकार गाटा संख्या 496 में 48.9 कुंतल /हेक्टेयर, गाटा संख्या 767 में 7.6 कुंतल/हेक्टेयर के अनुपात में उपज प्राप्त हुई। बता दें कि क्रॉप कटिंग से फसल की पैदावार देखी जाती है इसमें रेंडम आधार पर खेतों को चुनकर फसल की उत्पादकता का आकलन किया जाता है। कम उत्पादकता होने पर बीमा कंपनी किसानों को लाभ देती है, इसलिए किसानों को अधिक से अधिक फसल बीमा करा लेना चाहिए। इस मौके पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल कुमार शर्मा, तहसीलदार प्रज्ञा द्विवेदी, राजस्व निरीक्षक संतलाल, अपर सांख्यिकीय अधिकारी धीरेन्द्र कुमार यादव, लेखपाल प्रवीण कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहें।



## धान की फसल काटते समय मधुमक्खियों ने किया हमला, मां और बेटी घायल

**बछरावा रायबरेली।** खेतों के बगल में पेड़ के ऊपर लगी मधुमक्खी अचानक हमलावर हो गई और धान की फसल काट रही मां और बेटी चपेट में आ गई जिसके चलते दोनों गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना गुरुवार दोपहर 3ः00 बजे की है। थाना क्षेत्र महाराजगंज ग्राम अलोला में गीता देवी पत्नी ओमप्रकाश उम्र 40 वर्ष एवं उनकी पुत्री स्वाति उम्र 15 वर्ष एवं घर के अन्य परिजन भी खेत में धान की फसल काट रहे थे। खेत के बगल में ही एक पेड़ पर मधुमक्खी का छत्ता लगा हुआ था। अचानक मधुमक्खी उड़ने लगी और धान की फसल काट रहे लोगों पर हमलावर हो गई। फसल काट रहे किसानों में भगदड़ मच गई जिसमें गीता देवी एवं उनकी पुत्री स्वाती दोनों मधुमक्खियां की चपेट में आ गई, दोनों को मधुमक्खियां ने काट कर घायल कर दिया। परिजन एंबुलेंस की सहायता से बछरावां सीएचसी लेकर पहुंचे जहां माता और पुत्री का इलाज किया जा रहा है।

# जिलाधिकारी-पुलिस अधीक्षक से मिले डलमऊ नगर पंचायत अध्यक्ष

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

आगामी विशाल कार्तिक पूर्णिमा मेला की तैयारीयों को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष ब्रजेश दत्त गौड़ ने जिला अधिकारी रायबरेली हर्षिता माथुर एवं पुलिस अधीक्षक रायबरेली डॉ यसवीर सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष ने कार्तिक पूर्णिमा मेला की तैयारी एवं समस्याओं से अवगत कराया और विशाल कार्तिक पूर्णिमा मेला में लाखों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष ब्रजेश दत्त गौड ने दोनों अधिकारियों को कार्तिक पूर्णिमा मेला 2024 डलमऊ महोत्सव एवं गंगा आरती के लिए आमंत्रित किया जिस पर जिलाधिकारी रायगढ़ बरेली एवं पुलिस अधीक्षक रायबरेली ने आमंत्रण स्वीकार करते हुए स्वीकृत प्रदान की जिस पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने दोनों अधिकारियों का आभार व्यक्त किया जिलाधिकारी रायबरेली द्वारा कार्तिक पूर्णिमा मेला 2024 को सकुशल संपन्न करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।



## खबरें एक नजर में

### बीजेपी करती है नकारात्मक राजनीतिः शशिकांत शर्मा



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता शशिकांत शर्मा पिछले कई दिनों से करहल विधानसभा सीट पर पार्टी प्रत्याशी तेज प्रताप सिंह यादव के लिए गांव-गांव जाकर वोट मांग रहे हैं। 21 अक्टूबर को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने शशिकांत शर्मा के लिए पत्र जारी करते हुए यह निर्देश दिया था कि वे करहल सीट पर चल रहे उपचुनाव के प्रचार में पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने का काम करें। जिसके बाद से शशिकांत शर्मा ने करहल में ही डेरा डाल दिया है और लगातार पार्टी के छोटे से बड़े नेताओं के साथ कन्धे से कन्धा मिला कर पार्टी के लिए प्रचार कर रहे हैं। इस दौरान शशिकांत शर्मा ने करहल -110 विधानसभा क्षेत्र के लगभग एक सैकड़ा ग्राम सभाओं एवं पुरवों में पहुंच कर आम जनता तक पार्टी प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने की अपील है इसके साथ ही पार्टी के सांसद वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र यादव एवं राष्ट्रीय सचिव व पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा के साथ कई नुक्कड़ सभाओं में भाग लिया। बयान जारी करते हुए शशिकांत शर्मा ने कहा कि भाजपा नकारात्मक राजनीति करती है और भाजपा की नकारात्मक राजनीति को जनता अब बखूबी समझ चुकी है और हमारे नेता अखिलेश यादव के द्वारा पीडीए की एक जुटता के लिए जो नारा दिया गया है वो अब ज़मीन पर दिखने लगा है पीडीए की एक जुटता में ही पीडीए की जीत है, करहल सीट पर समाजवादी पार्टी का प्रत्याशी भारी मतों से जीतेगा और बीजेपी प्रत्याशी की जमानत जब्त होगी।

### सराहनीय कार्यः पुलिस ने की घायल की मदद, पहुंचाया अस्पताल



**भदोखर रायबरेली।** शिकवा शिकायतों के बीच खाकी का मानवीय चेहरा भी सामने आया। बीती रात भदोखर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भावगांव के पास बाइक सवार बृजेश मौर्य पुत्र अयोध्या प्रसाद मौर्य निवासी कंचौंदा मुउदिनीपुर थाना भदोखर जोकि फोन पर बात करते हुये अपने घर जा रहे थे तभी अचानक ब्रेकर पर बाइक अनियंत्रित हो जाने के कारण बाइक सवार बृजेश गंभीर रूप से घायल हो गये थे जिन्हें मौके पर क्षेत्र में मामूर उपनिरीक्षक सुमित श्योरान द्वारा मरणासन्न देखकर अपने निजी वाहन में बिठाकर जिला अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया तत्कालिक इलाज से घायल बृजेश उपरोक्त की स्थिति सामान्य है। घायल के परिजनो द्वारा पुलिस के इस कार्य की सराहना की गयी।

### साधन सहकारी समिति मनुवागढ़ का भवन जर्जर, किसानों की समस्याओं को लेकर चिंता बढ़ी



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** विकासखंड रेहरा बाजार के ग्राम पंचायत मनुवागढ़ में स्थापित साधन सहकारी समिति का भवन पिछले छः सालों से बंद होने के कारण चर्चा में है। यह भवन जो दस गांवो का साधन है। जिसमें मनुवागढ़, ओबरीडीह, जाफरपुर, पलई, रहमतपुर, देवरिया आदम, जिगनी, कथरहा एवजपुर, मददौचौरा, कुरथुआ के किसानों के लिए अनाज भंडारण, उर्वरक वितरण और अन्य कृषि संबंधित सुविधाओं का मुख्य केंद्र है। बदहाल स्थिति के कारण किसानों की चिंता का कारण बन गया है। भवन की हालत अत्यन्त दयनीय है। छत से प्लास्टर गिरता रहता है, और अंदर जाना भी खतरे से खाली नहीं है। डर लगता है कि कब ये भवन गिर जाएगा।।कई बार उच्च अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। बारिश के समय हालात और भी बदतर हो जाती है। हमें जरूरी सामान लेने में भी मुश्किलें आती हैं। समिति के सचिव सुधीर कुमार शुक्ला ने बताया कि हमने कई बार इस मुद्दे पर उच्च अधिकारियों को सूचित किया है। भवन की मरम्मत के लिए फंड का आवंटन किया जाना चाहिए। हमारी पूरी कोशिश है कि जल्द से जल्द इसका समाधान हो। यह मामला अब सिर्फ एक भवन का नहीं, बल्कि किसानों की सुरक्षा और सहूलियत से जुड़ा हुआ है। अगर जल्द ही प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं देता है, तो यह जर्जर भवन कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। देखना होगा कि प्रशासन कब इस पर कदम उठाता है।

### लोकतंत्र सेनानी चौधरी इरशाद अहमद गद्दी ने अपर आयुक्त कमलेश चन्द्र को सौंपा ज्ञापन

**उतरौला (बलरामपुर)।** लोकतंत्र सेनानी चौधरी इरशाद अहमद गद्दी ने मण्डलायुक्त देवीपाटन मण्डल शशि भूषण लाल सुशील को मांग पत्र सौंप कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला में पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने की मांग की है। मांग पत्र में कहा है कि उतरौला तहसील प्रदेश की अत्यंत पुरानी तहसील है जो स्वास्थ्य सुविधाओं के दृष्टि से अत्यंत पिछड़ा तहसील बन चुका है।सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं संसाधनों के अभाव में मात्र रेफरल यूनिट बनकर रह गया है। स्वास्थ्य केन्द्र में किसी भी प्रकार के अस्थि एवं हृदय रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति नहीं है। पूर्व में अस्थि रोग विशेषज्ञ के रूप में डॉ अभिषेक यादय एवं हृदय रोग विशेषज्ञ के रूप में डॉ महताब आलम की नियुक्ति हुई थी जिन्हें निजी चिकित्सालयों के दबाव में तत्कालीन मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा अन्यत्र स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्थानांतरित कर दिया गया। ईसीजी की सुविधा न होने से मरीजों को राजधानी लखनऊ जाना पड़ता है। अत्यंत आवश्यक यन्त्र अल्ट्रा साउण्ड की भी सुविधा नहीं है जिससे कि यहाँ आने वाले मरीजों को मोटी रकम देकर निजी केन्द्रों पर कराना पड़ता है।

# राहुल के बयान पर मंत्री दिनेश प्रताप का पलटवार

**बोले- उनके बयान हास्यास्पद, कांग्रेस ने पिछड़ों के साथ अन्याय किया**

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी का रायबरेली में अफसरों को लेकर दिया गया एक बयान चर्चा का विषय बन गया है। इस पर यूपी सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने मीडिया को संबोधित करते हुए पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी का बयान हास्यास्पद है। बैठक में राहुल गांधी ने किसी से परिचय नहीं लिया था बल्कि सभी अफसरों ने खुद अपना परिचय दिया था।कांग्रेस नेता राहुल गांधी का रायबरेली में अफसरों को लेकर दिया गया एक बयान चर्चा का विषय बन गया है। इस पर यूपी सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने मीडिया को संबोधित करते हुए पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी का बयान हास्यास्पद है। बैठक में राहुल गांधी ने किसी से परिचय नहीं लिया था बल्कि सभी अफसरों ने खुद अपना परिचय दिया था।बता दें कि नेता विपक्ष व सांसद राहुल गांधी ने जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक के अगले दिन नागपुर में आयोजित एक संविधान सम्मेलन में प्रशासनिक व्यवस्था में असमानता की बात रखी। उन्होंने कहा कि मैं मंगलवार को रायबरेली में दिशा की बैठक में शामिल हुआ। गलती से मैंने कह दिया कि सभी अफसर अपना परिचय दें। परिचय शुरू हुआ तो उसमें मुझे एक भी दलित व ओबीसी नाम नहीं सुनाई दिया। राहुल गांधी का यह बयान पूरे दिन क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा। राहुल गांधी ने कहा कि रायबरेली में 80 प्रतिशत अधिकारी दो विशेष जातियों से हैं।

**देश में अशांति फैलाने के लिए दिया गया बयानः** दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि राहुल गांधी ने देश में अशांति फैलाने के लिए ये बयान दिया है। 1951 से कांग्रेस ने दलितों-पिछड़ों के साथ अन्याय किया है। 1951 से आज तक रायबरेली में किसी दलित-पिछड़े को टिकट नहीं दिया गया है। वायनाड से किसी दलित को टिकट क्यों नहीं दिया गया? उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा ही दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के साथ अन्याय किया है। राहुल गांधी का बयान देश में सद्भावना को खत्म करने वाला है। वो देश को अपमानित करने का प्रयास कर रहे हैं।

# भूमिहीनों और मजदूरों के लिए राशन बना वरदान

**महराजगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

राशन बना वरदान भूमिहीनों मजदूरों के लिए भाजपा सरकार द्वारा मुफ्त में बांटा जा रहा राशन वरदान का काम कर रहा है इसके विषय में जब ग्रामीण क्षेत्र के गरीब महिलाओं और मजदूरों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि राशन हम सभी के लिए सहारा बनकर आया है महराजगंज क्षेत्र के ही सुंदरा देवी गीता सुनीता एवं देवनारायण ने बताया कि अगर राशन हम सभी को न मिलता तो हमारे बच्चे भूखे मर जाते उन्होंने बताया कि किसी के पास चार बच्चे हैं किसी के पास पांच बच्चे हैं सावन भादो के माह में जब कोई कार्य नहीं रहता तब यही राशन हम सभी के लिए वरदान बनकर आता है और हमारे बच्चों का

भूमिहीनों मजदूरों के पलायन को रोकता हुआ नजर आ रहा है यह राशन क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में अब लोग बाहर बहुत कम जाते हैं इसका मुख्य कारण है कि उनको खाने की दिक्कत नहीं होती और मोदी योगी की यही योजना इस समय रामबाण का काम कर रही है।

पेट भरता है साथ-साथ इस योजना से यह लाभ मिल रहा है कि यह मुफ्त में मिलता है और इसमें पैसे भी नहीं पड़ते पूर्व की सरकारों में राशन तो मिलता था लेकिन उसके लिए पैसे देने पड़ते थे कई महिलाओं और पुरुषों से जब इस विषय में बात की गई तो उन्होंने बताया कि हम सभी के पास खेती किसानी नहीं है और अगर हम को राशन ना मिले तो हम सभी भूखे मर जाएं ।

# दो डंपरों की भिड़ंत में चालक और क्लीनर जिंदा जले

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

रायबरेली-फतेहपुर सीमा पर लखनऊ बांदा हाईवे पर देर रात करीब 1ः00 बजे भीषण हादसा हुआ जिसमें दो डंपरों की आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई। दोनों डंपरों की रफ्तार इतनी अधिक थी कि हादसे के बाद दोनों में भीषण आग लग गई। इस दौरान एक डंपर का चालक और क्लीनर की आग में जिंदा जलकर मौत हो गई। जबकि दूसरे डंपर के चालक और क्लीनर फरार हो गए।हादसे के बाद फतेहपुर जिले के हुसैनगंज थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई। फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। करीब एक घंटे बाद फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची इसके बाद दोनों डंपरों में लगी आग को बुझाया गया लेकिन तब तक दोनों गाड़ियां पूरी तरह से जल चुकी थीं। उधर, हादसे की वजह से हाइवे पर कई किलोमीटर तक जाम लग गया। रायबरेली और फतेहपुर दोनों जिलों की पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद जले ट्रकों को हाइवे से हटवाकर जाम को खुलवाया। अभी पूरी तरीके से जलने से दोनों मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है।



# मुशीर दबंग ने जीत के साथ किया रायबरेली प्रीमियर लीग के पांचवें संस्करण का आगाज

**नगर पालिका अध्यक्ष शत्रुघ्न सोनकर ने किया रायबरेली प्रीमियर लीग के पांचवें संस्करण का उद्घाटन**

**रायबरेली।** यूथ क्रिकेट अकादमी द्वारा आयोजित रायबरेली प्रीमियर लीग के पांचवे संस्करण का शानदार आगाज आज पंडित मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में नगर पालिका अध्यक्ष शत्रुघ्न सोनकर , कार्यकारी अधिकारी नगर पालिका स्वर्ण सिंह, सी ओ सिटी अमित सिंह व ए.डी.एम की गरिमामई उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर नगर पालिका के समस्त सभासदों के साथ-साथ वरिष्ठ खिलाड़ी मोहम्मद अयाज, मोहम्मद मुशीर, जितेंद्र यादव, विकाश सिंह, राहुल सिंह आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शत्रुघ्न सोनकर ने खिलाड़ियों को मेहनत करने के साथ ही खेल भावना से खेल को उत्कृष्ट स्तर पर ले जाने की सीख दी। रायबरेली प्रीमियर लीग का उद्घाटन मुकाबला मुशीर दबंग व नगर पालिका सुपरस्टार के बीच खेला गया जिसमें नगर पालिका सुपरस्टार्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में सुधांशु सोनकर के 25 रन व अमित सिंह के 22 रनों की बदौलत 124 रन बनाए, जबकि मुशीर दबंग की ओर से गेंदबाजी में सौरभ शर्मा और विकाश ने 3-3 विकेट लिए, जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुशीर दबंग ने निर्धारित लक्ष्य फहद के 59 रनों की बदौलत महज 16 ओवरों में 5 विकेट खो कर हासिल कर लिया। रायबरेली प्रीमियर लीग का उद्घाटन मुकाबला मुशीर दबंग ने अपने नाम किया। यूथ क्रिकेट अकादमी के सचिव सिविल रावत ने बताया कि रायबरेली प्रीमियर लीग के पांचवें संस्करण के दूसरे दिन पहला मुकाबला रुद्र थंडर व नगर पालिका सुपरस्टार के बीच सुबह 9ः00 बजे से जबकि दिन का दूसरा मुकाबला मुशीर दबंग व वी.सी.सी के बीच 12 बजे से खेला जाएगा।



## युवती ने युवक पर लगाया शारीरिक शोषण का आरोप

**डलमऊ रायबरेली।** इन दोनों डलमऊ क्षेत्र में अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। अपराध पर अंकुश लगाने में डलमऊ पुलिस पूरी तरह से नाकाम दिख रही है। जिसके चलते अपराधियों के हौसले दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे हैं। वहीं अपराधियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के बजाय सेटिंग गेटिंग कर समझौता करने के प्रयास में लगी रहती है डलमऊ पुलिस। पीड़ित द्वारा थाने में प्रार्थना पत्र देने के बाद भी किसी तरह की कोई कार्यवाही नहीं की जाती है और फरियादी न्याय के लिए दर-दर की ठोकरे खाने के लिए मजबूर हो रहे हैं ऐसे में फरियादियों को न्याय मिलना दूर की कौड़ी जैसा साबित हो रहा है।ताजा मामला डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है यहां की रहने वाली एक युवती ने कोतवाली में तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि उसके गांव का रहने वाला एक युवक शादी का झांसा देकर 4 सालों तक उसके साथ शारीरिक शोषण करता रहा। युवती ने बताया कि आरोपी ने उसके साथ मोबाइल पर अश्लील बातें की तथा उसका अश्लील फोटो और वीडियो बनाकर इंटरनेट पर वायरल कर युवती को बदनाम करने की धमकी देने लगा।और वीडियो वायरल ना करने के एवज में आरोपी ने पीड़िता से धीरे-धीरे कर रु. 20000 ऐंठ लिए। पीड़िता ने जब आरोपी से शादी करनी और पैसा वापस करने को कहा तो उसने साफ मना कर दिया। इस बात की जानकारी पीड़िता के घर वालों को हुई तो परिजनों ने समाज की बैठक बुलाई और अपनी बात रखी जिस पर आरोपी ने रु. 20000 वापस करने की बात कही लेकिन उसके बाद भी पैसे वापस करने से इनकार कर दिया। 3 तारीख को दिए गए प्रार्थना पत्र में अभी तक पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है।पीड़िता ने आरोपी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। इस बाबत कोतवाली प्रभारी डलमऊ पवन कुमार सोनकर ने बताया कि संबंधित चौकी इंचार्ज का तबादला हो गया है नई चौकी इंचार्ज से आख्या मिलने के बाद कार्यवाही की जाएगी।

# सूर्योपासना के महापर्व पर दुःख हरण नाथ मंदिर पोखरे पर श्रद्धालुओं का हुजूम

**पूजन-अर्चन कर छठी मैया से की प्रार्थना, महापर्व के माध्यम से उनके जीवन में नवीन सात्विक ऊर्जा का संचार हो**

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

लोक आस्था, पवित्रता और सूर्योपासना का महापर्व छठ पूजा श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में व्रति और सनातन धर्म प्रेमी बंधु श्री दुःख हरण नाथ मंदिर पोखरे पर एकत्र हुए। सूर्य की आराधना का यह पर्व विशेष रूप से महिलाओं द्वारा बड़े श्रद्धा भाव से मनाया जाता है, जिसमें वे सूर्य देवता से सुख, समृद्धि और स्वास्थ्य की कामना करती हैं।



पर्व के दौरान व्रतियों ने विशेष पूजा अर्चना की और छठी मैया से यह प्रार्थना की कि इस महापर्व के माध्यम से उनके जीवन में नवीन सात्विक ऊर्जा का संचार हो, जो उन्हें उज्जवल भविष्य, सरलता, स्वास्थ्य, दीर्घायु, समृद्धि और दानशीलता का आशीर्वाद दे। साथ ही, व्रति और श्रद्धालु यह कामना करते हैं कि सूर्योपासना से उनका जीवन धैर्य, शौर्य, वीरता, सुख, शांति, यश, वैभव, ख्याति, सम्पदा, धन और सफलता से रोशन हो जाए।



श्री दुःख हरण नाथ मंदिर पोखरे पर इस विशेष दिन पर हर्षोल्लास का माहौल था, जहां व्रतियों ने न केवल सूर्य देवता की पूजा की बल्कि विशेष रूप से उबटन, स्नान और सूर्य अर्घ्य की परंपराओं का पालन किया। पोखरे के किनारे पर श्रद्धालुओं ने एकत्र होकर सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया और मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए विशेष आशीर्वाद की प्रार्थना की। यह महापर्व सनातन धर्म के अनुयायियों के लिए एक प्रमुख अवसर है, जो न केवल शारीरिक और मानसिक शुद्धि के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह सामाजिक और सांस्कृतिक धरोहर को भी सहेजने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इस पर्व के आयोजन में स्थानीय निवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पर्व की दिव्यता में अपने जीवन को रमणीय बनाने का संकल्प लिया। छठ पूजा का यह पर्व हर वर्ष की तरह इस बार भी श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकता का प्रतीक बना, और व्रति अपने जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना लेकर घर लौटे।

# प्राथमिक विद्यालय ब्लाक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता संपन्न

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता बेसिक 2024 विकासखंड बलरामपुर की स्पोर्ट्स स्टेडियम बलरामपुर में प्रातः 9:00 बजे से आयोजित की गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में शुभम शुक्ला जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बलरामपुर,विशिष्ट अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय रामचंद्र मौर्य, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बलरामपुर के प्रतिनिधि डी पी सिंह बैस के द्वारा मां सरस्वती पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलन कर बच्चों को मार्च पास्ट की सलामी देकर किया गया। मुख्य अतिथि के सामने 100 मीटर बालक बालिका की प्रतियोगिता कराई गई जिसमें निम्न बच्चों ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। उद्घाटन के समय बच्चों को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बलरामपुर एवं समापन में प्राचार्य एम एल के कॉलेज जनार्दन पांडेय द्वारा प्रमाण पत्र एवं मैडल पहनकर पुरस्कृत किया गया।



इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी बलरामपुर ग्रामीण अशोक कुमार पाठक ने खेल के बारे में बताया की बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलना जरूरी है। मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया की सभी बच्चे कौन-कौन सा खेल पसंद करते हैं। इस पर सभी बच्चों ने बताया खो-खो, कबड्डी, दौड़, सर ने बताया बच्चों खूब खेलो और साथ-साथ पढ़ाई करो इस अवसर पर सरस्वती वंदना जूनियर हाई स्कूल खगईजोत की बच्चियों द्वारा प्रस्तुत किया गया। स्वागत गीत जूनियर हाई स्कूल खगईजोत बलरामपुर द्वारा प्रस्तुत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम जूनियर हाई स्कूल गैजहवा द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन अरुण कुमार मिश्रा एवं तान्या बाजपेई द्वारा किया गया इस अवसर पर शिक्षक संघ के पदाधिकारी अजय प्रताप सिंह, मंगल देव मिश्रा, अशोक कुमार उपाध्याय, पंकज कुमार पांडे, सुशील कुमार सिंह, राकेश कुमार मिश्रा, विजय मिश्रा, अटेवा संघ के जिला अध्यक्ष आदि लोग उपस्थित रहे। जिला व्यायाम शिक्षक राधा मोहन पांडे, सहायक व्यायाम शिक्षक सुदीप श्रीवास्तव, रिशु पांडे,तान्या बाजपेई, सिद्धनाथ पांडे, सुदीप सिंह, उमेश त्रिपाठी, अतिन खन्ना, सौरभ सिंह ने आए हुए अतिथियों का बैज अलंकरण कर स्वागत किया। इस अवसर पर समाज सेवी गोपी नेता उपस्थित रहे। खेल अनुदेशक अमित कश्यप, प्रजल दीक्षित, अर्जुन सिंह, वैभव ओझा, अमित सोनी, अकील अहमद ने बच्चों को खेल खिलाने में पूरा सहयोग किया तथा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। समापन अवसर पर प्राचार्य जनार्दन पांडे जी का बुके देकर खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पाठक द्वारा स्वागत किया गया। प्राचार्य ने विजई खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया तथा उनको प्रमाण पत्र एवं मैडल देकर पुरस्कृत किया।

# छठ पूजा के दृष्टिगत डीएम एवं एसपी ने झारखंडी मंदिर घाट व राप्ती नदी घाट का किया निरीक्षण

**छठ पूजा में पानी में जाते समय बरतें सावधानी, गहरे या तेज बहाव वाले स्थान पर न जाएंः जिलाधिकारी**

**बलरामपुर।** छठ पूजा को सकुशल, शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराए जाने हेतु डीएम श्री पवन अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा झारखंडी मंदिर स्थित तालाब घाट तथा राप्ती नदी घाट का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने घाट पर साफ सफाई की समुचित व्यवस्था, बैरिकेडिंग, प्रकाश की व्यवस्था, पर्याप्त पुलिस बल तैनात किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की घाट पर नाव एवं नाविक, गोताखोर की ड्यूटी लगा दिया जाए तथा लाइव जैकेट आदि की व्यवस्था का भी निर्देश दिया। डीएम ने अपील किया कि छठ पूजा में पानी में जाते समय सावधानी बरते। गहरे या तेज बहाव वाले स्थान पर ना जाएं। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार , एसडीएम सदर संजीव यादव, खंड विकास अधिकारी बलरामपुर, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका बलरामपुर, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि डीपी सिंह बैस व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहें।



## पाकिस्तान की राह पर कनाडा

कनाडा में जिस तरीके से खालिस्तानी अलगाववादियों व आतंकी तत्वों को खुल कर मनमानी करने का अधिकार मिलता जा रहा है और इस पर वहां की सरकार मौन साधे बैठी है उससे लगने लगा है कि दुनिया में पाकिस्तान के बाद कनाडा ऐसा देश है जो आतंकवाद को आतंकवाद को अपनी स्टेट पॉलिसी में शामिल करता जा रहा है। अपने राजनीतिक स्वार्थों की खातिर कनाडा की ट्रुडो सरकार 'गुड टेरोरिज्म–बैड टेरोरिज्म' का भेद करने की गलती कर रही है। कनिष्क विमान जैसी भयंकर आतंकी हमले की तपिश झेल चुके कनाडा को बहुत ही जल्द खालिस्तानी आतंकी भस्मासुर बने नजर आ सकते हैं, क्योंकि पाकिस्तान इसकी उदाहरण है कि दूसरों के घरों चिंगारी फेंकने वालों के खुद के घर में आग कैसे लगती है। कनाडा में खालिस्तानी गतिविधियां बढ़ती जा रही हैं और इससे वहां रह रहा भारतीय समुदाय विशेषकर हिन्दू समाज इससे सर्वाधिक पीड़ित नजर आरहा है। तीन नवम्बर को वहां ब्रैम्पटन के मन्दिर में खालिस्तान के समर्थकों द्वारा हिन्दू मन्दिर में घुसकर लोगों के साथ हिंसा की गई। वहां परिवार सहित आए निहत्थे लोगों पर खालिस्तानी प्रदर्शनकारियों ने लाठियां बरसाईं और आरोप है कि पुलिस के कुछ जवानों ने भी हिंसक भीड़ का साथ दिया। कनाडा में हिन्दू मंदिरों को निशाना बनाने की यह कोई पहली घटना नहीं है। इसी वर्ष जुलाई में एडमॉण्टन में स्वामीनारायण मन्दिर में तोडफ़ोड़ की गई थी। मन्दिर के गेट और पीछे की दीवार पर भारत विरोधी और खालिस्तान समर्थक पोस्टर चिपका दिए गए थे। इस पर आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की तस्वीर भी लगी थी। सरी वेंकुवर का लक्ष्मी नारायण मन्दिर ब्रिटिश कोलम्बिया प्रांत का सबसे पुराना और सबसे बड़ा हिन्दू मन्दिर है। यहां भी पिछले साल तोडफ़ोड़ हुई थी। 2023 में विण्डसर में एक हिन्दू मन्दिर को क्षतिग्रस्त किया गया था, जिसकी व्यापक निन्दा हुई और कनाडाई और भारतीय दोनों अधिकारियों ने कार्रवाई की मांग की थी। इसी साल जनवरी में वहां गौरीशंकर मन्दिर में तोडफ़ोड़ की गई। जनवरी में ही भगवान जगन्नाथ मन्दिर में भी तोडफ़ोड़ की गई। मिसिसागा हिन्दू हेरिटेज में मुख्य कार्यालय व दानपेटी में तोडफ़ोड़ की गई। जुलाई में रिचमण्ड हिल व महात्मा गांधी जी की प्रतिमा में तोडफ़ोड़ की। पिछले साल अक्तूबर में डरहम में तीन हिंदू मंदिरों में तोडफ़ोड़ की गई। दिसम्बर 2023 में वेंकुवर में लक्ष्मी नारायण मन्दिर के प्रधान श्रीशेष के घर पर 14 गोलियां बरसाई गईं। लक्ष्मी नारायण मन्दिर के बाहर रास्ता बन्द कर तनाव पैदा किया गया। पिछले साल ही दिसंबर में किचनर के राम धाम मन्दिर में तोडफ़ोड़ की गई। वेंकुवर में नवरात्रों पर मन्दिर में चल रहे कार्यक्रम में खलल डालने की कोशिश, खालिस्तानियों ने मन्दिर के बाहर नारे लगाए। इस साल जनवरी में ब्रैम्पटन में हिन्दू मन्दिर की दीवार पर भारत विरोधी नारे लिखे गए। फरवरी में ओकविले में श्री वैष्णो देवी मंदिर में तोडफ़ोड़ की गई। कनाडा के हिन्दुओं पर खालिस्तानियों के इस हमले की पूरी दुनिया में निंदा हो रही है। कनाडा में भारतीय मूल के सांसद चंद्र आर्य ने इस हमले को लेकर कहा है कि अब खालिस्तानियों ने हद पार कर दी है। वहीं, कनाडा के बीसी में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। हिन्दू समुदाय के लोग सडक़ों पर आए और कनाडा सरकार व खालिस्तानियों के खिलाफ प्रदर्शन किया। बीसी की पुलिस के साथ प्रदर्शनकारियों का टकराव भी हुआ, रोचक बात है कि खालिस्तानी हमलावरों का साथ देने वाली कनाडा पुलिस ने यहां पर कई हिन्दुओं को घसीटकर न केवल पीटा बल्कि उठाकर गाड़ियों में ले गए।

# राजस्थान विधानसभा उपचुनाव में गढ़ बचाने में लगी पार्टियां

**रमेश सर्राफ धमोरा**



**भाजपा ने दौसा सीट पर राजस्थान सरकार में मंत्री डॉक्टर किरोडीलाल मीणा के भाई जगमोहन मीणा को प्रत्याशी बनाया है। दौसा सीट सामान्य वर्ग की सीट है। भाजपा ने डॉक्टर किरोडीलाल मीणा के दबाव में अनुसूचित जनजाति के प्रत्याशी को मैदान में उतार दिया है। वही 2023 के विधानसभा चुनाव में झुंझुनू से भाजपा के प्रत्याशी निशित कुमार उर्फ बबलू के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले राजेंद्र भांभू व रामगढ़ से भाजपा प्रत्याशी जय आहूजा के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले सुखवंत सिंह को टिकट देकर मैदान में उतार दिया है। देवली-उनियारा सीट पर भी भाजपा ने पिछली बार चुनाव लड़े कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला के बेटे विजय बैसला का टिकट काटकर पूर्व विधायक राजेंद्र गुर्जर को मैदान में उतारा है।**

राजस्थान में 13 नवंबर को सात विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। सात में से पांच विधानसभा सीटें झुंझुनू, दौसा, खींवसर, देवली-उनियारा, चौरासी विधायकों के सांसद बनने से खाली हुई हैं। सलूंबर व रामगढ़ में विधायकों की मृत्यु होने के चलते उपचुनाव हो रहे हैं। हालांकि उपचुनाव के नतीजों से प्रदेश की राजनीति में कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार को भी कोई खतरा होने वाला नहीं है। मगर उपचुनाव के नतीजे का असर प्रदेश की राजनीति में कई पार्टियों व उनके नेताओं के राजनीतिक समीकरणों को प्रभावित करेगा। 2023 के विधानसभा चुनाव में सात विधानसभा सीटों में से चार सीटों पर कांग्रेस के विधायक थे। वहीं एक सीट पर भाजपा, एक पर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (रालोपा) व एक पर भारतीय आदिवासी पार्टी का विधायक था।

राजस्थान की जिन सात विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं, उनमें से प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा के पास सिर्फ एक सलूंबर की सीट थी। जहां उनके लगातार तीन बार के विधायक अमृतलाल मीणा के निधन के चलते उपचुनाव हो रहा है। भाजपा के लिए सलूंबर की सीट जीतना प्रतिष्ठा का सवाल बना हुआ है। भाजपा ने दिवंगत विधायक की पत्नी शांता मीणा को टिकट दिया है। इसके अलावा प्रदेश की अन्य विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव में भी भाजपा पूरी मजबूती के साथ चुनाव मैदान में उतरी है। उपचुनाव में हार-जीत के साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ की प्रतिष्ठा जुड़ी हुई है। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा का प्रदर्शन 2014 व 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में बहुत अच्छा नहीं रहा था। इसलिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा चाहते हैं कि सभी सात सीटों पर भाजपा जीते, जिससे आला कमान की नजरों में उनकी मजबूत छवि बन सके। भाजपा समय रहते अपने सभी बागियों को मना कर एकजुटता का संदेश देने में सफल रही है। इसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की भूमिका अहम है।

भाजपा ने दौसा सीट पर राजस्थान सरकार में मंत्री डॉक्टर किरोडीलाल मीणा के भाई जगमोहन मीणा को प्रत्याशी बनाया है। दौसा सीट सामान्य वर्ग की सीट है। भाजपा ने डॉक्टर किरोडीलाल मीणा के दबाव में अनुसूचित जनजाति के प्रत्याशी को मैदान में उतार दिया है। वही 2023 के विधानसभा चुनाव में झुंझुनू से भाजपा के प्रत्याशी निशित कुमार उर्फ बबलू के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले राजेंद्र भांभू व रामगढ़ से भाजपा प्रत्याशी जय आहूजा के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले सुखवंत सिंह को टिकट देकर मैदान में उतार दिया है। देवली-उनियारा सीट पर भी भाजपा ने पिछली बार चुनाव लड़े कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला के बेटे विजय बैसला का टिकट काटकर पूर्व विधायक राजेंद्र गुर्जर को मैदान में उतारा है। वहीं खींवसर सीट पर रालोपा के अध्यक्ष व नागौर के सांसद हनुमान बेनीवाल को पिछले विधानसभा चुनाव में कड़ी टक्कर देकर मात्र 2059 वोटों से हारने वाले रेवतराम डागा को फिर से मैदान में उतारा है।चौरासी सीट पर पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की करारी हार हुई थी। इस बार भाजपा ने वहां नया प्रत्याशी कारीलाल ननोमा को मैदान में उतारा है। भाजपा प्रत्याशी सीमलवाड़ा पंचायत समिति के प्रधान हैं तथा सादड़िया के सरपंच रह चुके हैं। अब उनकी पुत्रवधू रेखा सरपंच है। उनकी पत्नी हाकली देवी भी सरपंच रह चुकी है। क्षेत्र में अच्छी पकड़ होने के कारण राजनीतिक विश्लेषक मान रहे हैं कि इस बार वहां भाजपा कड़ी टक्कर दे सकती है। कांग्रेस को अपनी चार सीट झुंझुनू, दौसा, देवली-उनियारा व रामगढ़ फिर से जीतनी होगी। साथ ही अन्य तीन सीटों पर भी अपनी ताकत दिखानी होगी। कांग्रेस ने झुंझुनू सें सांसद बने बृजेंद्र सिंह ओला के बेटे अमित ओला को मैदान में उतारा है। अमित ओला ओला परिवार की तीसरी पीढ़ी है तथा उनके दादा शीशराम ओला झुंझुनू से पांच बार सांसद, नौ बार विधायक केंद्र तथा राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे हैं। वहीं रामगढ़ सीट पर दिवंगत विधायक जुबेर खान के पुत्र आर्यन खान को उतार कर सहानुभूति के बल पर चुनाव जीतना चाहती है। दौसा सामान्य सीट पर कांग्रेस ने अनुसूचित जाति के दीनदयाल बैरवा को टिकट देकर मैदान में उतारा है। देवली-उनियारा से पूर्व अधिकारी कस्तूर चंद मीणा को मैदान में उतारा है। यहां कांग्रेस के बागी नरेश मीणा चुनाव को त्रिकोणात्मक बना रहे हैं। नरेश मीणा को कांग्रेस मनाने में नाकाम रही है, जिसके चलते कांग्रेस प्रत्याशी की स्थिति ज्यादा बेहतर नहीं मानी जा रही है। सलूंबर में कांग्रेस ने 2018 में निर्दलिय चुनाव लड़कर कांग्रेस को हराने वाली रेशमा मीणा को मैदान में उतारा है। इससे नाराज होकर सांसद, विधायक व मंत्री रह चुके रघुवीर मीणा अंदर खाने पार्टी प्रत्याशी को नुकसान पहुंचा रहे हैं। चौरासी सीट पर कांग्रेस ने इस बार 29 साल के नए प्रत्याशी महेश रोत को मैदान में उतारा है। खींवसर सीट पर कांग्रेस ने महिला प्रत्याशी रतन चौधरी को मैदान में उतार कर हनुमान बेनीवाल के वोट बैंक में बड़ी सेंध लगाई है। इसका फायदा भाजपा को हो सकता है। खींवसर सीट पर रालोपा के अध्यक्ष हनुमान बेनीवाल की प्रतिष्ठा जुड़ी हुई है। पिछला विधानसभा चुनाव वह मात्र 2059 वोटों से जीते थे। फिर कांग्रेस से गठबंधन कर नागौर से सांसद चुने जाने पर उन्होंने विधानसभा से इस्तीफा दे दिया था। अब उन्होंने अपनी पत्नी कनिका बेनीवाल को मैदान में उतारा है। यहां उनका मुकाबला भाजपा के रेवत राम डागा व कांग्रेस की रतन चौधरी से होगा। हनुमान बेनीवाल ने 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के रेवत राम डागा को महज 2059 वोटों से हराया था। विधानसभा उपचुनाव में यदि हनुमान बेनीवाल की पत्नी चुनाव हार जाती हैं तो उनकी पार्टी का विधानसभा में प्रतिनिधित्व तो समाप्त होगा ही साथ ही उनका प्रदेश की राजनीति में प्रभाव भी कम हो जाएगा।

## विचार

# महाराष्ट्र भी कहीं चल न पड़े हरियाणा की राह

**उमेश चतुर्वेदी**



**शरद पवार कांग्रेस से निकले हुए ही नेता हैं। उनकी वैचारिक धारा कांग्रेसी सोच के ही इर्द-गिर्द घूमती है। दोनों दलों की राजनीतिक सोच ही नहीं, जमीन भी एक ही है। जबकि शिवसेना-उद्धव की राजनीतिक जमीन ही नहीं, सोच भी अलग है। उद्धव के वोटरों और कांग्रेस के वोटरों का मिजाज और जमीन भी अलग-अलग है। पिछले लोकसभा चुनाव में अगर राज्य की 48 सीटों में से 13 पर कांग्रेस काबिज होने में कामयाब रही तो इसकी बड़ी वजह एनसीपी के वोटरों का सहयोग नहीं, बल्कि शिवसेना-उद्धव के वोटरों का साथ रहा।**

महाराष्ट्र में लोकसभा चुनावों में महाविकास अघाड़ी के हाथों मिली महायुति को शिकस्त के चलते यह उम्मीद लगाना बेमानी नहीं है कि कुछ ऐसे ही नतीजे विधानसभा चुनावों में भी आ सकते हैं। चूंकि लोकसभा चुनाव बीते ज्यादा वक्त नहीं बीता है, लिहाजा माना जा रहा है कि राज्य के मतदाताओं के मिजाज में बहुत बदलाव नहीं आया है। हाल ही में हुए हरियाणा विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को लेकर कुछ ऐसी ही उम्मीद जताई जा रही थी। लेकिन नतीजे उम्मीदों के ठीक उलट रहे। हरियाणा का नतीजा गवाह है कि अतीत की बुनियाद पर लड़े जाने के बाद अगले चुनाव के नतीजे उम्मीदों के मुताबिक नहीं हो सकते। इसकी वजह नाकाम रहने वाली राजनीति की अपनी गलतियां भी हो सकती हैं और सफल होने वाली राजनीति की रणनीति भी।

महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी के प्रमुख दल जिस तरह आपसी खींचतान में मसरूफ हैं, उसकी वजह से अघाड़ी खेमे में आशंका जताई जाने लगी है कि महाराष्ट्र भी कहीं हरियाणा न बन जाए ! इस सोच की वजह बन रही है महाविकास अघाड़ी की अंदरूनी खींचतान। कांग्रेस और एनसीपी के सहयोग से मुख्यमंत्री रह चुके उद्धव ठाकरे खुद को स्वाभाविक रूप से अघाड़ी का अगुआ मान रहे हैं। लेकिन अंदरखाने में अपने दल को आगे रखने की हर गोटी फिट कर रहे स्थानीय कांग्रेस नेतृत्व की कोशिश खुद को आगे रखने की है। गठबंधन में अपने दल को आगे रखना गलत नहीं है। लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि ऐसा किस कीमत पर हो रहा है?

हकीकत तो यह है कि कांग्रेस कुछ वैसा ही कदम उठाने की सोच रही है, जैसा उसने 2005 के विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद उठाया था। तब एनसीपी और कांग्रेस ने मिलकर चुनाव लड़ा था और नतीजों में ज्यादा सीटें एनसीपी ने जीती थीं। लेकिन कांग्रेस ने मुख्यमंत्री पद पर ना सिर्फ दावा ठोक दिया था, बल्कि विलासराव देशमुख को मुख्यमंत्री भी बनवा लिया था। जबकि ज्यादा सीटें हासिल करने के बावजूद एनसीपी सहयोगी की भूमिका में रह गई थी। अव्वल तो कांग्रेस इस बार ऐसी चालें चल रही हैं, ताकि उसके सबसे ज्यादा विधायक चुनाव जीतें। अगर ऐसा होगा तो उसके लिए मुख्यमंत्री पद पर दावा ठोकना और उसे हासिल करना आसान होगा। लेकिन ऐसा नहीं भी हुआ तो वह 2004 को दोहराना चाहेगी। इस पूरी प्रक्रिया में कांग्रेस के स्थानीय नेतृत्व की कोशिश उद्धव ठाकरे को दौड़ में पीछे छोड़ना है। कांग्रेस अपने चुनाव अभियान में शरद पवार की अगुआई वाली एनसीपी का खयाल तो रख रही है, लेकिन शिवसेना-उद्धव के साथ वैसा तालमेल नहीं दिखा पा रही है।

शरद पवार कांग्रेस से निकले हुए ही नेता हैं। उनकी वैचारिक धारा कांग्रेसी सोच के ही इर्द-गिर्द घूमती है। दोनों दलों की राजनीतिक सोच ही नहीं, जमीन भी एक ही है। जबकि शिवसेना-उद्धव की राजनीतिक जमीन ही नहीं, सोच भी अलग है। उद्धव के वोटरों और कांग्रेस के वोटरों का मिजाज और जमीन भी अलग-अलग है। पिछले लोकसभा चुनाव में अगर राज्य की 48 सीटों में से 13 पर कांग्रेस काबिज होने में कामयाब रही तो इसकी बड़ी वजह एनसीपी के वोटरों का सहयोग नहीं, बल्कि शिवसेना-उद्धव के वोटरों का साथ रहा। कांग्रेस के एक केंद्रीय नेता आपसी बातचीत में इस तथ्य को खुलकर स्वीकार भी करते हैं। वैसे भी समान वैचारिक राजनीतिक बुनियाद के चलते एनसीपी के प्रभाव वाले इलाकों में कांग्रेस और इसी तरह कांग्रेस के प्रभाव वाले इलाकों में एनसीपी ने अपने उम्मीदवार नहीं उतारे। हकीकत यही है कि कांग्रेस और उद्धव या फिर एनसीपी और उद्धव के वोटरों के मिलन ने महाराष्ट्र की राजनीति में नई इबारत लिखी। लेकिन कांग्रेस का स्थानीय नेतृत्व इसे समझ नहीं रहा, बल्कि शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के धड़े को ज्यादा तवज्जो दे रहा है। इस बीच शरद पवार ने इस चुनाव के बाद राजनीति से संन्यास के संकेत दे दिए हैं। वैसे माना जा रहा है कि यह उनका जज्बाती दांव भी हो सकता है। माना जा रहा है कि संन्यास के संकेत के जरिए शरद मतदाताओं को संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं कि उनके आखिरी चुनाव में उन्हें मौका दें। इसके जरिए वे एक तरफ वोटरों की हमदर्दी हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं तो दूसरी तरफ वे अजित पवार के खेमे को शिकस्त देने की कोशिश कर रहे हैं। एक बारगी मान भी लें कि पवार इस चुनाव के बाद राजनीति से संन्यास ले ही लेंगे तो यह सवाल लाजमी है कि उनके बाद एनसीपी का क्या होगा। पवार चाहेंगे कि उनके बाद उनकी बेटी सुप्रिया सुले ही पार्टी की कमान संभालें। लेकिन ऐसा होना आसान नहीं लगता। शरद के बाद पार्टी का बड़ा हिस्सा अजित पवार की ओर दौड़ लगा सकता है। जिसकी बात अजित से नहीं बनेगी, वह मजबूरीवश कांग्रेस की ओर जा सकता है।

## यासीन मलिक की पत्नी मुशाल हुसैन को याद आए तो राहुल गांधी!

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

आप अपने दुख और सुख में उसे ही स्मरण करते हैं, जिनसे आपका अपार स्नेह हो या किसी प्रकार का विशेष लगाव हो। दरअसल, आतंकी फंडिंग मामले में जेल में बंद जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) प्रमुख यासीन मलिक की पत्नी मुशाल हुसैन मलिक ने राहुल गांधी को पत्र लिखा है। अब सारे संदेह यहीं से शुरू होते हैं । यदि आतंकी की पत्नी को अपने पति के लिए किसी प्रकार का जेल में सहयोग एवं समर्थन चाहिए था तो वे राष्ट्रपति के पास अपनी अर्जी लगा सकती थीं, वे चाहतीं तो अपने पति के लिए गृहमंत्री से गुहार लगा सकती थीं लेकिन उन्हें ना राष्ट्रपति, ना प्रधानमंत्री और ना ही गृहमंत्री की याद आई, उन्हें यदि अपने पति के समर्थन में किसी की याद आई तो वे विपक्ष के नेता राहुल गांधी हैं,? जिनसे अपने पति के लिए संसद में बहस शुरू करने की गुजारिश की गई है।

मानवाधिकार और महिला सशक्तिकरण के मुद्दे पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री की सहायक रह चुकी मुशाल हुसैन आज यह दावा करती हैं कि उनका पति जम्मू -कश्मीर में शांति कायम करने में अहम भूमिका निभा सकता है। राहुल को लिखी चिट्ठी में उसने कहा है कि मलिक के खिलाफ मनगढ़ंत मामलों में उसके लिए मौत की सजा की मांग की जा रही है। वे राष्‍ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की कार्रवाई पर सवाल उठाती हैं और राहुल गांधी से आग्रह करती हैं कि उनके हित में वह संसद में अपने उच्च नैतिक और राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल करें और यासीन मलिक के केस पर एक चर्चा शुरू करें। यासीन मलिक की पत्नी ने कहा, 2 नवंबर से मलिक जेल में अमानवीय व्यवहार के विरोध में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर हैं, यह भूख हड़ताल उनके हेल्थ पर बुरा असर डालेगी और एक ऐसे व्यक्ति की जिंदगी को खतरे में डालेगी, जिसने सशस्त्र संघर्ष को त्यागकर अहिंसा की अवधारणा में यकीन करने का रास्ता चुना।÷ मुशाल का आरोप है कि 2019 से यासीन मलिक को ''भाजपा सरकार द्वारा सभी अकल्पनीय तरीकों से प्रताड़ित किया जा रहा है। उन पर 35 साल पुराने मामले में भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने का मुकदमा चल रहा है और अब एनआईए द्वारा उनके खिलाफ दर्ज किए गए मनगढ़ंत मामलों में सजा-ए-मौत की मांग की जा रही ...।''

अब दाद देनी होगी, आतंकियों और उनके परिजनों की, कमाल का साहस है। पहले आतंकवादी आम एवं खास लोगों की हत्‍?या करेंगे फिर वे और उनके अपने शांति की अपील, माफी की प्रार्थना और उसने जुड़े मसलों को जिम्‍?मेदार लोगों से उठवाकर अपने पक्ष में माहौल बनाएंगे। वास्‍?तव में आज यासीन मलिक के पापों की पूरी सूची देख लेना चाहिए, जब वह यह सब कर रहा था, तब उसे और उसके परिवारजनों को कोई मानवता याद नहीं आ रही थी? अब उसे एक मुद्दे के रूप में प्रस्‍?तुत किया जा रहा है। इस बात के तो पुख्‍?ता प्रमाण मौजूद हैं कि कैसे उसने भारतीय वायुसेना के चार अधिकारियों की सनसनीखेज हत्या की थी। तत्कालीन गृ मंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की बेटी का अपहरण किया था, जिसके कारण से पांच खूंखार अपराधियों को रिहा करना पड़ गया और जिनके रिहा होने के बाद देश भर में आगे अन्‍?य कई आतंकी घटनाएं घटीं, जिनमें कि इन आतंकियों के नाम सामने आते रहे, जिसमें कि कई सामान्‍?य लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी । वस्‍?तुत~ बात 1989 की है, जब केंद्र में वीपी सिंह की सरकार थी। उस वक्त मुफ्ती मोहम्मद सईद गृह मंत्री थे। श्रीनगर में तीन आतंकियों ने बस से रूबिया सईद को अगवा कर लिया था, इसके बाद आतंकियों की मांग मानते हुए पांच आतंकियों को रिहा किया गया था। इतना ही नहीं तो 2008 में मुंबई में 26/11 के हमले में भी इन छोड़े गए आतंकियों की साजिश रचने में अहम भूमिका का होना सामने आया। 1989 में कश्मीरी पंडित न्यायाधीश न्यायमूर्ति नीलकंठ गंजू की हत्या करवाने का आरोप भी उसके माथे है। यासीन मलिक कश्मीर के उन चार आतंकियों में एक है, जो तथाकथित तौर पर सबसे पहले आतंकी ट्रेनिंग लेने पाकिस्तान गया था। इन चार आतंकियों को हाजी ग्रुप कहा जाता रहा है। इनमें हमीद शेख, अश्फाक मजीद वानी, यासीन मलिक और जावेद मीर शामिल थे। हमीद और अश्फाक दोनों ही मारे जा चुके हैं।



## राशिफल

**मेष :-** महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। भौतिक-सुख साधन में व्यय संभव। परिजनों से किसी प्रकार की शिकायत पर खुलकर बात करें।

**बृषभ :-** भौतिक महत्वकांक्षाएं अभाव का एहसास कराएंगी। परिजनों से कुछ भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। अच्छी योजनाओ द्वारा महत्वपूर्ण कायरें को समयानुकूल पूर्ण करेंगे।

**मिथुन :-** भावनाओं पर नियंतण्ररख अपने दायित्वों के प्रति सजग होना प्रगति का सूचक है। बचकाना स्वभाव महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा।

**कर्क :-** किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। किसी की कटु वाणी मन को दुखित कर सकती है। उच्च महत्वकांक्षाएं व्यावसायिक क्षेत्र में अधिक परिश्रम के लिए प्रेरित करेंगी। आलस्य कतई न करें।

**सिंह :-** भावना से उद्वेलित मन निकट संबंधों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। पूर्वाग्रहवश संबंधियों के प्रति नकारात्मकता को न पालें।

**कन्या:-** नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। जीविका क्षेत्र में मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रयत्नशील होगा।

**तुला:-** कुछ नयी अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। शासन-सत्ता की दिशा में केंद्रित लोगों को लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। किसी महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति हेतु समुचित व्यवस्था हेतु मन चिंतित होगा।

**वृश्चिक:-** किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां अर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी।

**धनु :-** रोजगार क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती हुई नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। व्यावसायिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं।

**मकर :-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा।

**कुंभ :-** पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पूजा-पाठ में पूरा दिन मन केंद्रित होगा। नये दायित्वों की पूर्ति होगी।

**मीन :-** पिता के सहयोग से मुश्किल दिनों में राहत मिलेगी। बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता लाएगा।

# ट्रंप की जीत के भारत के लिए मायने

**डॉ. सत्यवान सौरभ**



डोनाल्ड ट्रंप की जीत भारत के लिए व्यावसायिक रूप से चुनौतीपूर्ण होने के बावजूद रणनीतिक रूप से फायदेमंद है। ट्रंप की उल्लेखनीय वापसी के वास्तविक महत्व को समझने के लिए, हमें भावनाओं से आगे बढ़कर निहितार्थों की ओर बढ़ना होगा। अंतरराष्ट्रीय संबंधों में सिर्फ इतना ही काफी नहीं होता। निजी रिश्तों के साथ ही साथ दोनों देशों के आपसी हितों का तालमेल या टकराव नीतियों की दिशा तय करता है। इस लिहाज से ट्रंप का दूसरा कार्यकाल भारत के लिए कैसा रहेगा, यह तो उनके जनवरी में कार्यभार संभालने के बाद ही पता चलेगा।

ट्रंप को अब चीन या बहुपक्षवाद की तुलना में उनके उद्देश्यों के लिए अधिक गंभीर बाधा के रूप में फिर से स्थापित किया गया है। डीप स्टेट के लिए बदतर यह है कि इस बात की पूरी संभावना है कि यूक्रेन और गाजा में चल रहे दोनों युद्ध या तो संप्रभु बहुपक्षीय समन्वय द्वारा समाप्त कर दिए जाएंगे, या उन्हें सामान्य रूप से व्यवसाय की वापसी सुनिश्चित करने के लिए कालीन के नीचे दबा दिया जाएगा। राष्ट्रपति चुनाव अभियान के दौरान डेमोक्रेट तुलसी गबार्ड ने डेमोक्रेट के बीच कहर बरपाया है और लिज चेनी जैसे सच्चे रिपब्लिकन राजघराने ने डेमोक्रेट के लिए खुलकर प्रचार किया। पहली नजर में यह भ्रामक लग सकता है, यहां तक कि अजीब भी, लेकिन ऐसा तब होता है जब राजनीतिक विचारधारा उतनी ही तेजी से खरगोश के बिल में चली जाती है जितनी कि अमेरिका में।

अगर पार्टियों को अब यह नहीं पता कि वे किस लिए खड़े हैं, तो कल्पना करें कि आम राजनेता, पार्टियों के कार्यकर्ता और मतदाता कितने भ्रमित होंगे? अमेरिका एक तरह से भारत की तरह है, जो इस सदी की शुरुआत में नई दिशा की तलाश में था, चीजों को हिलाने और एक नया रास्ता बनाने के लिए दो आम चुनाव, एक नीरस दशक और नरेन्द्र मोदी के आगमन की जरूरत पड़ी। व्यवसायी ट्रंप के लिए खातों को संतुलित करना और व्यापार घाटे को कम करना एक स्वाभाविक कार्य है, जिसे वे 2016 से 2020 तक की तरह ही लगन से अपनाएंगे। ट्रंप के पहले कार्यकाल की रणनीति से प्रेरणा लेते हुए हम अमेरिका से चीन, भारत और यूरोप जैसे दुनिया के सबसे बड़े ऊर्जा बाजारों में तेल और गैस के निर्यात में वृद्धि की उम्मीद कर सकते हैं। महामारी तक उन्होंने यही सफलतापूर्वक किया और विडंबना यह है कि जो बाइडेन ने भी इसे दोहराने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुए। पहले क्रम के प्रभाव अमेरिका के लिए अच्छे हैं क्योंकि अपस्ट्रीम हाइड्रोकार्बन क्षेत्र में बढ़ी हुई गतिविधि का मतलब है अधिक नौकरियां, आर्थिक विकास, कम व्यापार घाटा और कम मुद्रास्फीति। तेल, विशेष रूप से शेल तेल ने किसी भी अन्य क्षेत्र की तुलना में अमेरिकी अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने में अधिक योगदान दिया और ऐसा फिर से हो सकता है। दूसरा पहलू यह है कि ट्रंप के भीतर की ओर देखने से भारत में कुछ नौकरियां खत्म हो सकती हैं और हम कुछ वीजा युद्ध देख सकते हैं। चीन और भारत को अमेरिकी कच्चे तेल की खरीद करने के लिए राजी करना कूटनीतिक मोर्चे पर एक ईमानदार समझौता है, जिसका सभी व्यावहारिक उद्देश्यों के लिए व्यापक रूप से मतलब होगा कि भारत और चीन को घरेलू मामलों में बहुत अधिक अमेरिकी हस्तक्षेप के बिना अपनी बढ़ती वैश्विक स्थिति को मजबूत करने के लिए अकेला छोड़ दिया जाएगा। निश्चित रूप से, कुछ शोर-शराबा होगा। इसकी प्रतिक्रिया में, यह संभव है कि सऊदी अरब जैसे बड़े तेल और गैस निर्यातक बाजार हिस्सेदारी को बनाए रखने के लिए एकतरफा कीमतों में कटौती कर सकते हैं, जबकि अमेरिका कतर को निचोड़ने और ईरान को खेल से बाहर रखने के लिए अपने सभी शेष प्रभाव का उपयोग करता है। इस खेल की प्रगति का एक संकेतक यह है कि यह देखने के लिए प्रतीक्षा करें और देखें कि क्या भारत ईरान से कच्चे तेल की खरीद फिर से शुरू करता है या नहीं। यदि ऐसा होता है, तो वैश्विक गतिशीलता कैसे बदलेगी, इस पर सभी दांव बंद हो जाएंगे, क्योंकि इसका मतलब होगा कि अमेरिका ने बहुध्रुवीयता को नई वैश्विक वास्तविकता के रूप में स्वीकार कर लिया है। यूक्रेन और गाजा में चल रहे दो युद्धों पर अमेरिका की स्थिति में किसी तरह की वापसी होगी। दोनों युद्ध या तो बहुपक्षीय संप्रभुता के आदेश से समाप्त हो जाएंगे, या फिर सामान्य स्थिति में वापसी सुनिश्चित करने के लिए उन्हें बेरहमी से दबा दिया जाएगा। अमेरिका और बाकी दुनिया के लिए जल्द से जल्द यह सामान्य हो जाना चाहिए, क्योंकि, हम भूल न जाएं, महामारी के बाद एक रिकवरी वर्ष प्राप्त करने के बजाय, हमें दो बदसूरत छद्म युद्ध, बढ़ती मुद्रास्फीति और दुर्बल करने वाले व्यापार व्यवधान मिले, कुछ ऐसा जिससे भारत केवल इसलिए बच गया क्योंकि हमने रूस पर पश्चिम के प्रतिबंधों को चतुराई से दरकिनार कर दिया। अब आगे अमेरिकी चुनावी सुधारों पर अब गंभीरता से बहस शुरू होगी। व्यवस्था टूट चुकी है और इसे ठीक करने की जरूरत है। सुधार किस तरह की रूपरेखा अपनाएगा, यह केवल विस्तार का विषय है, लेकिन, सिद्धांत रूप में, इसकी आवश्यकता पर बातचीत शुरू होगी। यह एकमात्र तरीका है जिससे अमेरिका सभ्यतागत पतन से बच सकता है जिसकी ओर वह वर्तमान में बढ़ रहा है और ट्रंप यह जानते हैं। हालांकि, कड़े व्यापार रवैये के बावजूद ट्रंप का दूसरा कार्यकाल भारत के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है।


**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# डीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

बैठक में जिलाधिकारी ने सड़क दुर्घटनाओं एवं उनके कारणो को रोकने के उपाय के संबंध में अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। जिलाधिकारी ने कहा कि दुर्घटना बाहुल्य स्थानों को चिन्हित करते हुए हाईवे से जोड़ने वाली अन्य सड़कों पर हाईवे से पहले स्पीड ब्रेकर बनवाए जाएं ताकि आने वाले वाहन की गति धीमी हो सके। सड़क दुर्घटना में संभावित ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करते हुए साइनिज बोर्ड लगवाए जाए। जिलाधिकारी ने डीआईओएस को निर्देश देते हुए कहा कि स्कूलों में ट्रैफिक नियमों की जन-जागरुकता गोष्ठी आयोजित कर जागरूकता अभियान चलाया जाए तथा साथ में 5 मिनट का बच्चों को यातायात नियमों के बारे में वीडियो दिखाया जाए, जिससे बच्चे यातायात नियमों के प्रति जागरूक हो सके और बच्चों के अभिभावको को सूचित करें कि 18 वर्ष से कम आयु वाले बच्चे यदि गाड़ी चलाते पाये जाते हैं, तो उनके अभिभावक पर कार्रवाई की जाएगी और उन्होंने एआरटीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि स्कूली वाहनों की गहन चेकिंग की जाए तथा सभी स्कूली वाहनों की शत-प्रतिशत फिटनेस, बीमा, कागज आदि को चेक किया जाए तथा क्षमता से अधिक बच्चों को वाहन में बिठानें से रोका जाये और बच्चों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए।उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि सड़कों तथा पुराने स्पीड ब्रेकरों की मरम्मत कराएं और रिफ्लेक्टर एवं संकेतक लगाने आदि की कार्रवाई समय से करना सुनिश्चित करें।उन्होंने यातायात प्रभारी को निर्देश देते हुए कहा कि सघन चेकिंग अभियान चलाकर प्रतिदिन चेकिंग की जाए तथा हेलमेंट और सीट बेल्ट के प्रति लोगों को जागरूक किया जाए। जिलाधिकारी नें डीआईओएस को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी स्कूलों में यातायात नियमों के बारे में स्लोगन पेंटिंग तथा तथा यातायात जागरूकता गोष्ठी कराई जाए, जिससे बच्चे यातायात के प्रति जागरूक हो सके।



## ओवरलोड वाहनों की लगातार चेकिंग कराई जाए: डीएम

जिलाधिकारी ने एआरटीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि ओवरलोड वाहनों की लगातार चेकिंग कराई जाए। उन्होंने अधिशाषी अभियंता एन एच झांसी को निर्देशित किया कि पहरा रोड में जो गड्ढे हो गए हैं उन गड्ढे को जल्द से जल्द मरम्मत कराई जाए तथा बरा नाला के पास स्पीड ब्रेकर साईन बोर्ड, संकेतांक बोर्ड लगवाये जाए।उन्होंने एआरएम रोडवेज को निर्देशित करते हुए कहा की कोई भी बस चालक किसी भी प्रकार के मादक पदार्थ का सेवन करके बस ना चलाएं, इसकी निरंतर चेकिंग की जाये तथा दोषी पाए जाने पर बस चालक के विरुद्ध कार्यवाही की जाये। आरटीओ को निर्देश दिए गए की सभी स्कूलों के पास संकेतांक बोर्ड लगवाये जाए तथा मुख्य मार्गों पर एम्बुलेंस एवं चिकित्सा दूरभाष हेल्पलाइन नंबर चप्सा किए जाएं और दुर्घटना में सहायता करने वाले नागरिकों को सम्मानित किया जाए। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति के पास तत्काल घटनास्थल पर एंबुलेंस पहुंचाई जाए तथा नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में मरीज को भर्ती कराया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व राम प्रकाश, एसडीएम चरखारी डॉ प्रदीप कुमार, एसडीएम कुलपहाड़ अनुराग प्रसाद, समाजसेवी रामजी गुप्ता, शिवकुमार गोस्वामी, दाऊ तिवारी, नेहा चांसोरिया, अल्ताफ रजा सहित अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## अवैध शराब और जुआं के विरुद्ध निरंतर अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें: डीएम

**महोबा।** जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था एवं अभियोजन की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी नें जनपदीय पुलिस के राजपत्रित अधिकारियों, थाना/शाखा प्रभारियों के साथ अभियोजन अधिकारियों से अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी पैरवी के सम्बन्ध में विभिन्न निर्देशों की समीक्षा की तथा महिला व बच्चों से जुड़ी शिकायतों पर अत्यंत गंभीरता बरतने व अपहृताओं की बरामदगी जल्द करने के लिए निर्देश दिये, इसके साथ ही जनपद में घटित घटनाओं एवं लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया तथा शातिर अभ्यस्त अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोलने, गुंडा एक्ट, गैंगस्टर एक्ट एवं गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के अंतर्गत संपत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही की समीक्षा की। उन्होंने जनशिकायतों की त्वरित व निष्पक्ष जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने, अवैध शराब/जुआ के विरूद्ध निरंतर अभियान चलाकर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करने, पीआरवी वाहनों की रैंडम चेकिंग कर उनकी सतर्कता का निरीक्षण करने आदि के संबंध में निर्देश दिए।उन्होंने आईजीआरएस से प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने एवं आईजीआरएस के आवेदकों से स्वयं वार्ता करके फीडबैक लेने के निर्देश दिये। बैठक में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व राम प्रकाश, उपजिलाधिकारी चरखारी प्रदीप कुमार, उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ अनुराग प्रसाद, क्षेत्राधिकारी सदर दीपक दुबे, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार, क्षेत्राधिकारी चरखारी, ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी सहित अभियोजन के अधिकारी तथा समस्त शाखाओं के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्तिथ रहे।



## खाद की किल्लत से जूझ रहे किसानों ने दोबारा मुख्य मार्ग किया जाम



- उर्वरक की समस्या ज्यो की त्यो बनी, अफसरों ने हटवाया जाम

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र में रवि की फसल का बुआई का समय निकलने को है लेकिन किसानों को खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है। जिस कारण किसानों ने लगातार दूसरे दिन हंगामा करते हुए मुख्य मार्ग जाम कर दिया और नारेबाजी शुरू कर दीए जाम की भनक लगते ही कोतवाली पुलिस सहित तहसीलदार मौके पर पहुंचे और किसानों को समझा बुझाकर जाम खुलवा दिया। क्षेत्र में रवि की बुआई का समय अपने अंतिम पायदान पर है लेकिन किसानों को खाद न उपलब्ध हो पाना सरकार पर एक बड़ा प्रश्न है। गुरुवार को नगर के मलिकुआ चौराहा स्थित क्रय.विक्रय समिति में खाद लेने के लिए सुबह से ही किसानों की लंबी कतार लग गई और खाद न मिलने पर आक्रोशित सैकड़ों किसानों ने मुख्य मार्ग मलिकुआ चौराहा जाम कर दिया और नारेबाजी शुरू कर दी जिससे एक घंटे तक यातायात प्रभावित रहा और मुख्य मार्ग के दोनों ओर लंबा जाम लग गया। हंगामें की सूचना पर खाद केंद्र पहुंचे तहसीलदार महेंद्र गुप्ता सहित कोतवाली पुलिस ने किसानों को समझा बुझाकर जाम खुलवा दिया और शुक्रवार से टोकन के साथ सुचारू रूप से खाद वितरित करने का आश्वासन दिया है। वहीं उपजिलाधिकारी राज कुमार गुप्ता ने बताया की सुबह खाद केंद्र आपरेटर अतुल कुमार की तबीयत बिगड़ने पर उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां हालत में सुधार न होने पर हमीरपुर के लिए रेफर कर दिया गया जिस कारण गुरुवार को खाद वितरित नहीं हो सकी वहीं शुक्रवार को खाद वितरित करने की बात कही है। लगातार बीते दिनों से किसानो को खाद पाने के लिए कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है लेकिन खाद हाथ नहीं लग पा रही है। जिससे किसानों का बुआई का वक्त निकलता जा रहा है। किसानों को खाद न मिल पाना कहीं न कहीं शासन व प्रशासन की लापरवाही की तरफ इशारा कर रहा हैए जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। जिला कृषि अधिकारी डा. हरीशंकर हाथ में हाथ धरे बैठे है।

## कुपहड़ पुलिस ने 350 कुंतल सरसों (लाही) का गबन करने वाले चार जालसाजों को किया गिरफ्तार

**महोबा।** एसओजी एवं कुलपहाड़ कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है । 11 दिन पूर्व 350 कुंतल सरसों (लाही) का गबन करने वाले 4 शातिर जालसाजों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है । साथ ही पुलिस ने जालसाजों से 105 कुंतल सरसों सहित बेचे गए माल के 07 लाख रुपये नगद एवं कूटरचित नम्बर वाले ट्रक बरामदगी की है । इस सफल अनावरण के बाद पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है । कुलपहाड़ कोतवाली क्षेत्र के जैतपुर कस्बे में रहने वाले गजेंद्र कुमार साहू ने बीते 25 अक्टूबर को एक शिकायती पत्र देकर पुलिस से जलसा जी कर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिसमें इक व्यापारी ने कटिहार इंटरप्राइजेज ट्रांसपोर्टर कानपुर के ट्रक संख्या यूपी72सीटी 6099 से 700 बोरी जिसमें 350 कुंतल सरसों लाही मैसर्स पान इंडिया इंडिया मस्टर्ड दिल्ली से घनश्याम इंडस्ट्रीज सलोनी जिला बांकुडा पश्चिम बंगाल को भेजी थी। जो अभी तक अपने गंतव्य को नहीं पहुंचा है। ट्रक ड्राइवर एवं क्लीनर से संपर्क करने के बाद भी किसी प्रकार की जानकारी उपलब्ध नहीं हो रही है व्यापारी ने आशंका जाहिर की थी। कि उनके साथ धोखाधड़ी कर रास्ते में माल गायब कर दिया गया है इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 324 बाते 2024 धारा 316 3 बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया था। पुलिस ने कुलपहाड़ नौगांव मार्ग रेलवे अंडर ब्रिज के पहले सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्तों में सौरभ प्रजापति दरोगा खेड़ा सरोजिनी नगर लखनऊ के साथ फतेहपुर जनपद में रहने वाले अन्य तीन जालसाजों हरिओम दीक्षित शिवराजपुर थाना ओंग जनपद फतेहपुर रजनीश दीक्षित व प्रभाकर दीक्षित को गिरफ्तार किया है । जिसमें 105 कुंतल सरसों और 07 लाख रुपये व एक ट्रक कूट रचित नंबर प्लेट वाला ट्रक बरामद किया है ।

## खबरें एक नजर में

### दुर्घटना में मौत के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**कुरारा(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के ददरी गांव निवासी युवक की सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में मृतक की मां ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज किया है। गांव निवासी महिला उमा देवी पत्नी वीर सिंह ने पुलिस को बताया कि 14 अक्टूबर 24 को मेरा पुत्र रणजीत सिंह शाम को ददरी तिराहे पर सड़क किनारे खड़ा था। तभी कुरारा से मूसानगर की तरफ जा रहे अज्ञात बाइक चालक ने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाकर मेरे पुत्र को टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई थी। इसके अंतिम संस्कार में व्यस्त रहने के कारण तहरीर नही दे पाई थी। आज थाने में घटना की तहरीर थाने में दी है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ दुर्घटना का मुकदमा दर्ज किया है।

### चार लोग सड़क दुर्घटना में घायल

**राठ(हमीरपुर)।** क्षेत्र के अलग.अलग स्थानों पर हुई मार्ग दुर्घटना में चार लोग बाइक से गिरकर घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। जहां तीन की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है। क्षेत्र के बड़ा गांव निवासी लवकेश पुत्र दशाराम बाइक से राठ आ रहा था। तभी रास्ते में संतुलन बिगड़ जाने पर वह बाइक से गिरकर घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है। वहीं जरिया थाने के वीरा गांव निवासी केशव प्रसाद जरिया थाने के पवई गांव निवासी श्रीदेवी पत्नी चंद्र प्रकाशए चरखारी थाने भमोरी खुर्द गांव निवासी खेमचंद्र पुत्र मनीलाल मार्ग दुर्घटना में गिरकर घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। जहां केशव प्रसादए श्रीदेवी की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है।

### डीआई ने मेडिकल स्टोरों में की छापामारी, लिए सैंपल

**राठ(हमीरपुर)।** कस्बे के कुछ मेडिकल स्टोरों पर नकली दवाओं की बिक्री पर रोक लगाने को लेकर ड्रग इंस्पेक्टर ने मेडिकल स्टोरों पर छापामारी की। डीआई ने दो मेडिकल स्टोरों पर पहुंच कर दवाओं के सैंपल लिए। डीआई की इस कार्रवाई से मेडिकल संचालकों में हड़कंप मच गया। कस्बे के कुछ मेडिकल स्टोरों पर नकली दवाओं की बिक्री होती है। मेडिकल स्टोर संचालक ग्रामीण क्षेत्र के भोले भाले लोगों को नकली दवाएं थमा देते हैं। बुधवार को ड्रग इंस्पेक्टर मनोज सिंह ने मेडिकल स्टोरों पर छापा मारा। डीआई ने काजीपुरा पुलिया के पास स्थित अनुरागी मेडिकल स्टोर पर छापा मारा। जहां पर दो दवाओं के नमूने लिए। डीआई की इस कार्रवाई से कस्बे के अधिकांश मेडिकल स्टोर बंद रहे। डीआई ने बताया कि मेडिकल स्टोरों पर छापामार कार्रवाई होती रहेगी। डीआई की इस कार्रवाई से मेडिकल संचालक अपनी अपनी दुकानें बंद करके भाग खड़े हुए। डीआई ने बताया कि जो मेडिकल संचालक मौके से भाग खड़े हुए हैंए उनके विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी।

### बदमाशों ने दिनदहाड़े रिटायर्डकर्मी को तमंचा लगाकर लूटा

**राठ(हमीरपुर)।** कस्बे के पोस्टमार्टम हाउस के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने दिनदहाड़े रिटायर्ड रोडवेज कर्मचारी को रोककर तमंचे के बल पर उसके साथ मारपीट रुपए व मोबाइल लूटकर ले गए। पीड़ित ने कोतवाली में लिखित शिकायत की है। कस्बे के दीवानपुरा मोहल्ला निवासी मोहम्मद रशीद पुत्र नूर खान ने पुलिस को बताया कि वह राठ रोडवेज का रिटायर्ड कर्मचारी है।गुरुवार दोपहर करीब वह गल्ला मंडी के पास स्थित पेट्रोल पंप से पेट्रोल डलवा कर वापस घर की ओर लौट रहा था। तभी रास्ते में पोस्टमार्टम हाउस के पास दो अज्ञात व्यक्तियों ने आवाज देकर उसे रोक लिया। बदमाशों ने उसे पीछे से अवैध तमंचा लगाकर उसके साथ मारपीट करते हुए उसकी जेब में रखें पर्स में पड़े ढाई सौ रुपए के अलावा उसका मोबाइल छीनकर उसे धक्का मार कर बाइक सहित सड़क पर गिरा दिया। बदमाशों के द्वारा की गई मारपीट और धक्का मार कर गिराने से उसे चोटें आई हैं। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि मामला मारपीट का लग रहा है।

### रोडवेज बस की टक्कर से ठेला लगाए मजदूर घायल

**हमीरपुर।** स्थानीय रोडवेज बस स्टैंड में बस को बैक करते समय सिंघाडे की ठेला लगाये मजदूर की बस की टक्कर से बुरी तरह घायल हो गया उसे इलाज के लिये जिला अस्पताल से कानपुर रिफर कर दिया गया है। हमीरपुर शहरनिवासी जगरुप बस स्टाप में ठिलिया लगाये हुये था तभी पीछे से आयी रोजवेज बस ने ठेला में टक्कर मार दी जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया गंभीर हालत में डाक्टरों ने कानपुर रिफर कर दिया है। पुलिस ने बस को कब्जे में कर कानूनी कार्यवाही की है बस चालक का नाम जगदीश बताया जाता है। बस चालकों का कहना है कि बस स्टाप में ढेर सारी ठेला लगी होने के कारण बसों को निकलने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। ठिलिया बाले बस आने के बाद हटते नही है।

### पुलिस ने वांछित को किया गिरफ्तार

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन मे अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना पनवाड़ी गुलाब त्रिपाठी द्वारा गठित की गई उ.नि. पवन गौड़ मय हमराह उ.नि. हार्दिक सिंह, कां. रवि कुमार व कां. देवेन्द्र राजपूत के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुअसं. 289/24 धारा 303(2) बीएनएस से सम्बन्धित प्रकाश में आये एक नफर अभियुक्त आर्यन राजपूत पुत्र रामनारायण उम्र करीब 20 वर्ष निवासी ग्राम कुड़ार थाना खरेला जनपद महोबा को कस्बा पनवाड़ी के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित चोरी गयी मोटर साइकिल नं.-यूपी95के1102 व एक तमंचा 315 बोर व एक कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद किया गया।

## सोते समय महिला की आग से दर्दनाक मौत, लाखों का नुकसान

**कुरारा(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के शिवनी गांव निवासी महिला की बीती रात विद्युत शार्ट सर्किट से कमरे में आग लग जाने से सोते समय दर्दनाक मौत हो गई। तथा उसका गृहस्थी का सामान भी जलकर खाक हो गया।सूचना मिलने पर दमकल विभाग ने आकर आग बुझाई।

पुलिस ने शव का पंचनामा भरकरपोस्टमार्टमके लिए भेज दिया है। क्षेत्र के शिवनी गांव निवासी महिला शिवप्यारी 65 वर्ष पत्नी बैजनाथ खंगार बीती रात अपने कमरे में सोई थी। विद्युत पोल से घर के लिए आई विद्युत लाइन मीटर के लिए लगी विद्युत केबिल में शार्ट सर्किट होने से कमरे में आग लग गई। सो रही महिला को आग की जानकारी नहीं हो पाई कमरे के अंदर रखा गृहस्थी का सामान जलने से कमरे में धुआं भर गया महिला बुरी तरह झुलस गई।उसकी मौके पर मौत हो गई।आग की लपटे देखकर लोगो को घटना की जानकारी हुई। तब दमकल विभाग व थाना पुलिस को जानकारी दी।तथा आग पर काबू पाया। महिला के शव का थाना पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महिला के पुत्र बाहर रहकर मजदूरी करते है। घटना के समय पति पत्नी घर में मौजूद थे। इनके साथ इनकी नातिन रहती है।जो रिश्तेदारी में चली गई थी।गरीब परिवार मजदूरी कर भरण पोषण करते है। अचानक हुई इस घटना से पीड़ित का नुकसान हुआ है। घटना की जानकारी पुत्र को दी गई है।

## यातायात पुलिस ने यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

**यातायात माह**

- पंफलेट वितरित किए गए, साथ ही गुड सेमेरिटन और गोल्डन ऑवर के विषय में जानकारी प्रदान कर यातायात नियमों की दिलाई शपथ

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी रोकथाम के लिए चलाये जा रहे यातायात माह नवंबर के तहत यातायात जागरुकता कार्यक्रमों की शृंखला के क्रम मे प्रभारी यातायात महोबा सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा यातायात जागरूकता माह कार्यक्रम के तहत महोबा मुख्यालय नगर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले मोटर साइकिल, कार एवं बैटरी ई-रिक्शा चालकों को रोककर यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया तथा उनके वाहनों में यातायात नियमों के प्रति जागरुकता से सम्बन्धित स्टिकर को चस्पा किया गया साथ ही तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए पंपलेट वितरित किए गए।




इस दौरान यातायात पुलिस टीम द्वारा गुड सेमेरिटन और गोल्डन ऑवर के विषय में जानकारी देते हुए बताया गया कि गुड सेमेरिटन योजना के तहत ऐसे नेक व्यक्ति को पुरस्कार दिया जाता है, जिसने किसी घातक दुर्घटना (मोटर वाहन से जुड़ी) के पीड़ित की जान तत्काल सहायता प्रदान करके तथा दुर्घटना के गोल्डन ऑवर (दुर्घटना के 60 मिनट) के भीतर उसे अस्पताल पहुंचाकर जान बचाई हो। इसी क्रम में यातायात पुलिस टीम द्वारा यातायात जागरूकता माह कार्यक्रम के तहत मुख्यालय महोबा के प्राइवेट बस स्टैंड पहुंचकर वहां पर मौजूद बस एवं ऑटो चालकों को एकत्रित कर उन्हें यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया जिसमें उनको वाहन चलाते समय किन-किन सावधानियों को ध्यान देना चाहिए जिससे सड़क दुर्घटना रोका जा सके। इन यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन किये जाने की शपथ दिलाई गई ।

## जनशिकायतों के निस्तारण में महोबा पुलिस फिर अव्वल

- माह अक्टूबर की रैकिंग में 115 में 115 अंक प्राप्त कर महोबा पुलिस प्रदेश में प्रथम

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल के नेतृत्व/निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा पुलिस ने कानून व्यवस्था के साथ ही शिकायत सुनवाई और निस्तारण में प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। पुलिस को सरकार की समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) से प्राप्त सभी 100 प्रतिशत शिकायतों का निस्तारण करने पर प्रथम रैंक मिली है। माह अक्टूबर की रैकिंग में जनपद महोबा पुलिस ने 115 में 115 अंक प्राप्त कर प्रदेश में प्रथम है। साथ ही जनपद के 11 थाने 90 में 90 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर हैं।उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्रत्येक जनशिकायत को गम्भीरतापूर्वक लिया जाता है जिसके क्रम में जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, त्वरित व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किए जाने के लिए जनपद के समस्त अधिकारी व थाना प्रभारियों को समय-समय पर निर्देशित किया जाता है। इन शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस कार्यालय में आईजीआरएस शाखा की ओर से संबंधित थानों पर शिकायतें आनलाइन प्रेषित की जाती हैं तो वहीं संबंधित अधिकारी व थाना प्रभारियों की ओर से प्राप्त संदर्भो की जांच आख्या आनलाइन दिए गए समय सीमा के अंदर संबंधित को प्रेषित की जाती है। साथ ही आवेदक पुलिस कार्रवाई से संतुष्ट है कि नहीं इसका फीडबैक भी पुलिस कार्यालय से लिया जाता है। प्रदेश में आईजीआरएस की रैंकिंग में अव्वल आने की उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय अवस्थित आईजीआरएस शाखा एवं जनपद की सभी पेशियों एवं थानों में तैनात पुलिस कर्मियों के कार्यो की सराहना करते हुए सभी का उत्साहवर्धन किया है।

## पुलिस की सुरक्षा में कृषि बीज भंडार पर बीज वितरण

- किसानों का आरोप, अपने चहेतों को दिया जा रहा है बीज
- कृषि बीज भंडार पर तय मूल्य पर किसानों को बीज वितरण

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

रवि फसल के लिए शासन की ओर से आया मुफ्त बीज पाने के लिए किसानों को राजकीय कृषि बीज भंडार में सुबह से ही सैकड़ों की लाइन में लगाया जा रहा है। सैकड़ों की भीड़ के बावजूद भी कृषि बीज को भंडार में तैनात एक बाबू व एक सहयोगी के बलबूते बीज वितरण का कार्य किया जा रहा है। बीज वितरण के समय अफरा तफरी का माहौल देखने को मिल रहा है। वहीं बीज लेने के लिए सुबह से लाइन में लगे किसानों ने आरोप लगाते हुए बताया कि जो पहुंच वाला व्यक्ति आता है उसका आधार कार्ड तुरंत लेकर मशीन में अंगूठा लगवाकर बीज दे दिया जाता है। वहीं दूर दराज से आने वाले किसानों को सुबह से शाम तक लाइन में लगना पड़ता है। इस समय किसानों ने बुवाई के लिए अपने खेत तैयार कर लिए हैं। जिसकी चिंता उनको दिन रात सता रही है। जहां एक ओर सरकार किसानों को मुफ्त बीज उपलब्ध करा रही है। एस आई प्रमोद कुमार कृषि बीज भंडार पनवाड़ी में सुरक्षा व्यवस्था के लिए ड्यूटी पर लगाया गया शांतिपूर्वक सुरक्षा व्यवस्था के बाद बीज वितरण किया जा रहा है, इस संबंध में बाबू से बात की तो उन्होंने बताया कि अब तक लगभग 2000 किसानों को बीज वितरण किया जा चुका है, गेहूं चना मसूर, दिया जा चुका है।



## एसपी ने पुलिस कार्यालय में की जनसुनवाई

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी। पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

## राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

- फतेहपुर जिले में हुई पत्रकार की हत्या पर मृतक के परिजनों को 50 लाख रुपए व परिवार को एक नौकरी की मांग की

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**





राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद (रजि.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र मिश्रा के निर्देश पर एकत्रित हुए पत्रकारों ने बीते दिनों फतेहपुर बिसौली निवासी पत्रकार की निर्मम हत्या एवं हमीरपुर जिले के सरीला में दो क्षेत्रीय पत्रकारों के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा गुर्गो के साथ मिलकर की गई दबंगई के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंप दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्वाई करने और पत्रकारों के खिलाफ दर्ज फर्जी मुकदमे को वापस लेने व फतेहपुर बिसौली निवासी मृतक पत्रकार के परिजनों को 50 लाख रूपए एवम परिवार को एक नौकरी की मांग की है।

आपको बता दें कि यूपी के फतेहपुर बिसौली निवासी पत्रकार दिलीप सैनी की निर्मम हत्या के बाद हमीरपुर जिले के सरीला नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा अपने गुर्गो के साथ मिलकर दो क्षेत्रीय पत्रकारों अमित द्विवेदी एवं शैलेन्द्र मिश्रा को बंधक बनाकर बेरहमी से मारपीट करने एवम् अमानवीय कृत्य कर यूरिन पिलाने का गंभीर आरोप लगने के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा स्थानीय पुलिस से साँठ-गांठ कर पत्रकारों के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कराया गया है। दबँग नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा पत्रकारों के साथ की गई बर्बरता का वीडियो सामने आने के बाद पत्रकारों में आक्रोश दिखाई दे रहा है। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद रजि. इस घटना की घोर निन्दा करता है सरकार से मांग करता है कि फतेहपुर बिसौली निवासी मृतक पत्रकार दिलीप सैनी के परिवार को 50 लाख की आर्थिक सहायता एवम परिजन को सरकारी नौकरी प्रदान करें जिससे मृतक पत्रकार के परिवार का भरण पोषण हो सके जिसे लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहते हैं वही आज खतरे से खाली नहीं है पत्रकारों के ऊपर आए दिन हमले होते रहते हैं वजह मात्र यह है की पत्रकार द्वारा निरंतर समाज की समस्याओं को विभाग व सरकार तक पहुंचाने का प्रयास किया जाता है। इस मौके पर आनन्द तिवारी, नरेंद्र कुमार नायक, जुगुल किशोर द्विवेदी, आलोक शर्मा, रविन्द्र मिश्रा, अनुज तिवारी, पप्पू यादव, आशीष अवस्थी, डालचंद्र कुशवाहा, रोहित चौबे, उमाशंकर कुशवाहा, हरिओम सोनी, प्रवीण पटेरिया, कमल नयन चतुर्वेदी, संदीप कुमार, नारायण सिंह सहित दर्जनों पत्रकार उपास्थित रहे।

# निर्धारित रूट पर हो ई-रिक्शा का परमिट : डीएम

**प्रवर्तन दलों ने की 12 ई-रिक्शों, टैम्पो व टैक्सी को नियम विरुद्ध संचालित पाये जाने पर कार्यवाही**

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की विभिन्न बैठकों में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने के लिए सकारात्मक निर्णय लिये जाते रहें हैं जिसमें मुख्य रूप से जिलाधिकारी द्वारा ई.रिक्शा के हाईवे पर संचालन व ऑटो रिक्शा, टैम्पो टैक्सी के परमिट शर्तो के अधीन निर्धारित रूट के बाहर संचालन किये जाने पर अंकुश लगाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। यह जानकारी सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी अंकित शुक्ला ने दी। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने हेतु हाईवे पर ई रिक्शा संचालन पर अंकुश लगाया जाना नितान्त आवश्यक है जिसके लिए गुरुवार को जनपद के प्रवर्तन दलों द्वारा 12 ई रिक्शों टैम्पो टैक्सी को नियम विरूद्ध संचालित पाये जाने पर जनपद के मोहम्मदपुर चौकी में निरूद्ध किया गया है।

जिले के समस्त ई.रिक्शा स्वामियों व चालकों से अपील की जाती है कि जनहित में हाईवे पर संचालन न करें एवं जनपद के समस्त ऑटो रिक्शा टैम्पो टैक्सी के स्वामियों व चालकों से भी अपील की जाती है कि परमिट शर्तों के अन्तर्गत निर्धारित रूट पर ही संचालन करें।

यदि इसके उपरान्त भी कोई ई-रिक्शा हाईवे पर संचालित पाया जाता है अथवा टैम्पो टैक्सी ऑटो रिक्शा परमिट शर्तो का उल्लंघन करते हुए पाये जाते हैं तो उसके विरूद्ध नियमानुसार विधिक रूप से कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

## आबकारी आयुक्त के निर्देश पर चलाया प्रवर्तन अभियान

**बाराबंकी।** आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार जनपद में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार के मार्गदर्शन में लगातार शराब की दुकानों पर छापेमारी की जा रही है। यह जानकारी जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर ने दी। उन्होंने बताया कि ग्राम दुर्गापुर अद्दापुर, मानपुर मकोइया थाना असन्द्रा, ग्राम धनाऊ का पुरवा ग्राम टिकैतगंज, ग्राम रेवढा, विद्यानगर थाना टिकैतनगर, ग्राम मिर्जापुर थाना मोहम्मदपुर चालाए जनपद बाराबंकी में दबिश दी गयी दबिश के दौरान 03 अभियोग पंजीकृत करते हुए लगभग 80 लीटर कच्ची शराब बरामद की गयी।

## ग्राम प्रधान के आकस्मिक निधन से शोक की लहर

**जैदपुर बाराबंकी।** हरख ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत बरबसौली की ग्राम प्रधान सुनीता देवी ;38 का निधन मंगलवार रात को लंबी बीमारी के बाद उनके घर पर हो गया। सुनीता देवी के निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। गांववासियों के अलावा अन्य गांवों के प्रधान और जानने वाले लोग भारी संख्या में उनके घर पहुंचे। ग्राम प्रधान के पति विमलेश कुमारए जो रोजगार सेवक हैं उन्होंने बताया कि सुनीता देवी का इलाज चल रहा था और उनके तीन संतानें हैं एक बेटी और दो बेटे हैं। बता दें कि ग्राम प्रधान का बुधवार को अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक गौरव रावत, सचिव बृजेश कुमार, आकाश पटेल, रोजगार सेवक ब्लॉक कर्मचारी और अधिकारी उपस्थित रहे।

# मॉर्निंग रेड में पांच बिजली चोरों पर की गई कार्रवाई

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

विद्युत विभाग की मार्निग रेड में पांच बिजली चोरों पर जेई ने की कार्यवाही सुबह सुबह बिजली विभाग के लोगों को अपने गांव में देखने से हड़कंप मच गया। कई कनेक्शन चेक कर बकाया वसूली पर भी जोर दिया गया। जानकारी के अनुसार आलाधिकारियों के आदेशानुसार जैदपुर विद्युत वितरण केन्द्र द्वारा बिजली की चोरी की रोक थाम व बकाया वसूली के लिये विभागीय टीम गुरुवार को सुबह सुबह कांबिंग अभियान में रानीगंज अतरौली व जैदपुर फीडर के 43 कनेक्शन चेक कर पांच बकायादारों के कनेक्शन को काट कर 71000 रू राजस्व वसूली की। साथ ही तिलकराम पुत्र भारत सराय का स्थान, तुलसी राम पुत्र छेदू, अजपुरा, सरोज पुत्र विश्राम सराय का स्थान, इंद्रेश पुत्र राधेलाल बीबीपुर, ताजुद्दीन पुत्र अब्दुल सत्तार मोहल्ला रईस कटरा जैदपुर को बाईपास कटिया फंसाकर चोरी करते पकड़ा गया। जिनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराकर विभागीय कार्यवाही की गयी। जिसे लेकर बिजली चोरों में हड़कंप मच गया। इस अवसर पर जेई मिर्जा परवेज़ हुसैन, वकार मेहंदी रोहित शुक्ला, नरेन्द्र सिंह रूपेंद्र सिंह, मो0 आशिफ सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे। इस संबंध में एसडीओ संदीप सिंह ने बताया कि लगातार हो रही दिक्कत के चलते अभियान के अंतर्गत चेकिंग बकाया वसूली का कार्य जारी है।

## पराली जला रहे किसान को एडीओ पंचायत ने रोका

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** खेत में पराली जला रहे किसान को एडीओ पंचायत ने रोका और कार्रवाई की जाने की चेतावनी दी उन्होंने कहा कि अगर परली जलाओगे तो कार्रवाई की जाएगी। गुरुवार को ग्राम पंचायत पीठापुर में किसान पराली जला रहे कि एसडीएम सिरौलीगौसपुर प्रीति सिंह के निर्देश पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत शंभू नाथ पाठक ने किसान को पराली जलाने से रोक कर उसकी चेतावनी दिया कि पराली जलाने पर जुर्माना व अन्य कार्यवाई की जाएगी। इस संबंध में सहायक विकास अधिकारी शंभू नाथ पाठक ने बताया कि सिरौली उतावली मार्ग पर पीठापुर गांव का एक किसान खेत में पराली जला रहा था उपजिलाधिकारी के निर्देश पर पराली जलाने से रोका गया तथा उजको कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी गई।

# पुलिस ने धर्म परिवर्तन के शक में छह को किया गिरफ्तार

**मामले की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर हुई गिरफ्तारी**

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली हैदरगढ़ के गौतमन पुरवा मजरे रौनी गाँव मे झाड़ फूंक के माध्यम से बीमारी ठीक करने के नाम पर धर्म परिवर्तन का धंधा चला रहे आधा दर्जन से अधिक लोगों को सामाजिक कार्यकर्ता की सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया।

इस अवसर पर पुलिस ने मौके से ईसाई धर्म से संबंधित बाइबल व प्रार्थना की पुस्तके, ढोलक मंजीरा, बच्चों को गिफ्ट में देने के लिए लाई गई मिठाई, समोसे आदि बरामद किया है। कस्बा हैदरगढ़ निवासी सामाजिक कार्यकर्ता विजय हिंदुस्तानी ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि गांव निवासी मुन्नीलाल पुत्र खुशीराम रावत के घर पर बाहर से आए कुछ लोगों द्वारा ईसाई धर्म की प्रार्थना सभा आयोजित की जा रही हैं। विजय हिंदुस्तानी ने बताया कि जब वह मौके पर पहुंचे तो पाया कि थाना लोनी कटरा के जौरास गांव निवासी परशुराम पुत्र मतई, गौरिया पुरवा मजरे दून्दीपुर के गोकरन के द्वारा गाँव निवासी गौतमन पुरवा निवासी मुन्नीलाल, उनकी पत्नी रामकला, संजू पत्नी बाबूलाल विद्यावती पत्नी राम सजीवन एवं थाना लोनी कटरा के मंगलपुर गांव निवासी राधा पत्नी जगजीवन सुलोचनी पत्नी शिवराम दीन पत्नी स्वर्गीय पंचम से ईसाई धर्म का गुणगान एवं प्रार्थना करवा रहे थे और झाड़ फूंक के माध्यम से बीमारी ठीक करने का भरोसा दिलवा कर धर्मांतरण की गतिविधि संचालित करते हुए मिले। इस मामले में विजय की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस ने अवैध गतिविधियां संचालित कर रहे लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

## एडीएम ने कार्तिक मेले की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर प्रीति सिंह ने थाना अध्यक्ष बदोसराय संतोष कुमार के साथ कोटवाधाम मेला प्रांगण में पहुंचकर आगामी 15 नवंबर को होने वाले कार्तिक पूर्णिमा के मेले की तैयारियों का जायजा लिया एवं मेला कमेटी के आयोजकों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए मेले की साफसफाई करवाने पर डस्टबिन रखवाने सामुदायिक शौचालय को साफसुथरा कराने एंव मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे संचालित कराने अभरण सरोवर में नाव की व्यवस्था के साथ पूरी साफसफाई एवं मेला का रोड मैप तैयार करवाने पार्किंग स्थल एंव बैरीकेडिंग आदि पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया। इस मौके पर अवर अभियंता विद्युत सहायक विकास अधिकारी मौजूद रहे।

# भक्तों के दुखों का निवारण करते हैं भगवान: अजय शास्त्री

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



भगवान भक्त की भक्ति भावना के वशीभूत हैं। वह अपने भक्त के दुखों का निवारण करते हैं। ऐसा विश्वास जब स्थाई हो जाता है तब भक्त का कल्याण हो जाता है। उक्त बात मानस मर्मज्ञ अजय कुमार शास्त्री ने ब्रह्मलीन बाबा प्रेम दास जी की कुटी पर महंत 108 लालता दास जी महाराज जी के संयोजन में आयोजित श्री रामचरितमानस सम्मेलन व महायज्ञ कार्यक्रम में कहीं। मानस मर्मज्ञ अजय शास्त्री ने बताया कि भगवान श्री राम एवं सीता जी के स्वयंवर में प्रभु ने माता जानकी के हृदय की वेदना को आत्मसात किया और फिर उन्होंने पल भर में धनुष भंग कर दिया। उन्होंने कहा की माता जानकी जी का स्वयंवर हमें पाणीग्रहण के संस्कारों के मूल्यो की शिक्षा को प्रदान करता है। अजय शास्त्री ने कहा कि स्वयंवर में श्री दशरथ जी ने राजा जनक जी को अत्यधिक महत्व दिया।

क्योंकि दशरथ जी ने यह माना की कन्या का दान करने वाला व्यक्ति सर्वोत्तम होता है। श्री शास्त्री ने आज मानस सम्मेलन में श्री राम विवाह का अलौकिक वर्णन किया। जिसे सुनकर उपस्थित श्रोता मंत्र मुग्ध हो गए।

## मनुष्य जीवन जीने की कला सिखाती है भागवत कथा: चैतन्य जी

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** श्रीमद भागवत सुनने का लाभ भी कई जन्मों के पुण्य से प्राप्त होता है। श्रीमद् भागवत कथा मनुष्य को जीवन जीने की कला सिखाती है। मनुष्य को जीवन परमात्मा ने दिया है लेकिन जीवन जीने की कला हमें सत्संग से प्राप्त होती है। सत्संग का मनुष्य के जीवन में बड़ा महत्व है। सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास श्री चैतन्य जी महाराज द्वारा कृष्ण जन्म की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कस्बा से सटे ग्राम्यांचल महाविद्यालय के निकट हरि शरण मिश्र के आवास पर 4 नवंबर से चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन आज कथा व्यास श्री चैतन्य महाराज ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा का वाचन करते हुए कहा कि भगवान भक्तों के वश में हैं। भगवान हमेशा अपने भक्तों का ध्यान रखते हैं।

# बीडीओ ने की मनरेगा कार्यदिवस की समीक्षा



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

ब्लाक सभागार में मनरेगा योजनाओं से संबंधित खण्ड विकास अधिकारी अदिति श्रीवास्तव ग्राम रोजगार सेवकों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गुरुवार को बीडीओ ने मनरेगा कार्यो जाबकार्ड फोटो अपलोडिंग प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियो की 90 दिवस की मजदूरी इत्यादि कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने पुराने कार्यो के बारे में समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त पंचायत के सभी ग्राम रोजगार सेवकों को अवगत कराया गया कि वह अपने अपने पंचायत में श्रमिक बढ़ाने मनरेगा योजना में अधिक से अधिक श्रमिको का नियोजन कर 100 दिनों का मानव दिवस सृजन करने के निर्देश दिए। बैठक में एपीओ रेनू रावत,अजय यादव, राजकुमार,प्रेमलता,योगेंद्र सिंह, मुकेश कुमार ममता, अशोक कुमार इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### सूर्य को अर्घ्य देकर हुई छठ पूजा



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** भगवान सूर्य को अर्पित छठ पूजा के तहत गुरुवार की शाम महिलाओं द्वारा निर्जला व्रत रखकर डूबते हुए सूर्य भगवान को अर्घ्य देकर पूजा अर्चना की गई और पति की लंबी उम्र की कामना की गई। क्षेत्र के बहुता गांव स्थित विक्रम बत्रा अमृत सरोवर पर संपन्न हुई इस पूजा अर्चना में बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

### रहस्यमय तरीके से युवती लापता, गुमशुदगी दर्ज

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** घर से निकली 20 वर्षीय युवती रहस्यमय तरीके से कहीं लापता हो गई देर शाम वापस घर नहीं लौटी तो परिजनों ने काफी खोजबीन किया लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़िता की मां ने स्थानीय पुलिस से मामले की शिकायत की है। पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मामला सुबेहा थाना क्षेत्र के एक गांव का है जहां पर उक्त गांव निवासनी युवती की मां ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बीती 6 तारीख को खेत में धन की फसल काटने गई हुई थी वापस घर आई तो छोटे बच्चो से पूछा तो उन्होंने बताया कि जोधी चौराहे पर जाने की बात कहकर घर से निकली लेकिन देर शाम वापस नहीं आई तो उसकी खोजबीन किया गया तो लेकिन पता नहीं चल सका। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर युवती की खोजबीन शुरू कर दी है।

### डीएम ने किसानों को दिया आश्वासन, जिले में खाद का संकट नहीं



**उरई,जालौन।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने गुरुवार कुकरगांव क्षेत्रीय सहकारी समिति लिमिटेड व उत्तरी उमरी साधन सहकारी समिति मानपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान वहां के उर्वरक भंडारण और वितरण व्यवस्था का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उत्तरी उमरी साधन सहकारी समिति मानपुर बंद मिलने पर सचिव के विरुद्ध जाँच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कुकरगांव क्षेत्रीय सहकारी समिति लिमिटेड में 400 बोरी डीएपी और 450 बोरी यूरिया खाद उपलब्ध थी। जिलाधिकारी ने उपस्थित किसानों से संवाद करते हुए कहा कि उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता है और किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### पूर्व विधायक के आवास को चोरों ने बनाया निशाना

**कालपी,जालौन।** बुधवार रात चोरों ने पूर्व विधायक के आवास के ताले तोड दिए। जहां से वह चांदी के सिक्कों के साथ नगदी भी ले गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

वर्ष 2002 में भाजपा के टिकट पर विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए डाक्टर अरूण मेहरोत्रा नगर का मुहल्ला भट्टीपुरा मे आवास है जँहा पर वह अपनी पत्नी डाक्टर सीमा मेहरोत्रा के साथ मिलकर अस्पताल का भी संचालन करते हैं जहां पर उनके बड़े भाई नौसेना के रिटायर्ड कैप्टन अनूप मेहरोत्रा भी रहता है। डाक्टर मेहरोत्रा के अनुसार वुधवार शाम सभी लोग खना खाने के बाद अपने कमरो में सोने चले गए थे और अस्पताल के स्टाफके साथ उनका सरकारी गनर भी नीचे के तल पर सो गए थे पर सुबह उनके बड़े भाई की पत्नी जागी तो उनके कमरे का ताला खुला हुआ तो उन्हें शंका हुई और आनन फानन खोल कर देखा तो अंदर के दो कमरों के दरवाजे भी टूटे हुए थे।

# सभी परिवारों को डाकघर बचत बैंक योजनाओं से जोड़े शाखा डाकपाल : पोस्टमास्टर जनरल

**पोस्टमास्टर जनरल ने उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को किया पुरस्कृत**

**बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

डाकघर की विभिन्न बचत तथा बीमा योजनाओं में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत करने हेतु मंडलीय कार्यालय बाराबंकी में आज एक विशाल पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्री सुनील कुमार राय पोस्टमास्टर जनरल लखनऊ मुख्यालय परिक्षेत्र उपस्थित रहे पोस्टमास्टर जनरल ने उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत किया और मण्डल के शाखा डाकपालों को विभाग की विभिन्न योजनाओं के विषय में विस्तार से बताया। इसके अतिरिक्त अन्य डाकघर बचत बैंक योजनाओं बचत बैंक खाते, आवर्ती खाते, सावधि खाते, पीपीएफ खाते तथा ग्रामीण डाक जीवन बीमा के विषय में भी विस्तृत चर्चा करते हुए पोस्टमास्टर जनरल ने सभी शाखा डाकपालों को प्रेरित किया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष के शेष कार्य दिवसों में अपने क्षेत्र की अधिक से अधिक जनता को उपरोक्त योजनाओं से जोड़े जाने के लिए प्रोत्साहित किया।

इसके अतिरिक्त उन्होंने आधार आधारित भुगतान सेवा सहित इण्डिया पोस्ट पेमेन्ट बैंक द्वारा दी जारी सुविधाओं के विषय में सभी को अवगत कराया तथा से जुड़ने के लिए सभी से अपील की। पोस्टमास्टर जनरल ने 01.04.2024 से 31.10.2024 तक मण्डल में बचत बैंक, पीएलआई व्यवसाय करने वाले टॉप 03 शाखा डाकपालों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर घनश्याम अधीक्षक डाकघर बाराबंकी मण्डल ने पुरस्कार वितरण समारोह की अध्यक्षता करने के लिए पोस्टमास्टर जनरल के प्रति आभार व्यक्त किया तथा उपस्थित सभी शाखा डाकपालों से डोर टू डोर सम्पर्क कर अपने क्षेत्र के सभी परिवारों को डाकघर बचत बैंक योजनाओं एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा से जोड़ने का अनुरोध किया।

**एक मुश्त समाधान योजना लागू, वाहन कर दाताओं के लिए खुशखबरी**

# वाहन स्वामियों को बकाया कर जमा करने पर पेनल्टी में मिलेगी छूट

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़।**



परिवहन विभाग की ओर से अब ऐसे वाहन स्वामियों को सुनहरा मौका दिया गया है जिनके लंबे समय से कर बकाया है। विभाग द्वारा ऐसे वाहन स्वामियों का बकाया कर जमा कराने के लिए एक मुफ्त समाधान योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना के तहत अब ऐसे वाहन स्वामियों को बकाया कर जमा करने पर पेनल्टी में छूट मिलेगी।गुरुवार को इसकी पुष्टि आरटीओ आरटीओ प्रशासन अयोध्या संभाग सुश्री ऋतु सिंह ने की। सुश्री सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश मोटरयान कराधान अधिनियम 1997 ;उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 21 सन् 1997 की धारा तीन के अधीनएउत्तर प्रदेश शासन परिवहन अनुभाग चार की अधिसूचना संख्या 19/2024/ 1225/ तीस.4.2024. 30.4099, 099/ 151/ 2021 दिनांक 06 नवम्बर 2024 के गजट में प्रकाशित किये जाने के दिनांक से पूर्व तक रजिस्ट्रीकृत परिवहन यानों पर संदेय कर में विलम्ब होने पर देय शास्ति के संदाय से इस अधिसूचना के गजट में प्रकाशित किये जाने के दिनांक से तीन माह की अवधि के लिए निम्नलिखित निबंधन और शर्तो पर छूट प्रदान की जाएगी।

## किसान गोष्ठी आयोजित धान की अधिक पैदावार के बताए गए टिप्स

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत बरौलिया धान की बम्पर पैदावार करने वाले किसान के खेत पर सवाना सीड्स द्वारा किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में किसान विपत वर्मा द्वारा अपने खेत में मेहनत लगन व बुद्धिमत्ता का परिचय देते हुए एक एकड़ भूमि में 40 कुन्टल धान पैदा कर रिकॉर्ड बनाए जाने पर विस्तार से चर्चा की। इसके साथ किसानों को उन्नतशील खेती करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रगतिशील उन्नत खेती करने वाले किसान विपत वर्मा ने बताया कि आय को बढ़ाने में सवा 7501धान का बहुत बड़ा महत्व है। उन्होंने ने बताया कि एक एकड़ भूमि पर रिकॉर्ड धान की पैदावार करने के लिए उनके गांव के अन्य किसान और वितरक उनकी प्रशंसा करते हैं।

# गरीब की जली झोपड़ी, दो मासूम बच्चों की जलकर मौत



**जगम्मनपुर,जालौन समृद्धि न्यूज।**

संदिग्ध परिस्थितियों में गरीब मजदूर की झोपड़ी में आग लगने से गृहस्थी के सम्पूर्ण सामान सहित दो मासूम बच्चों की जलकर मृत्यु हो गई है।

रामपुरा थाना अंतर्गत ग्राम बहराई में गरीब मजदूर के घर में आग लग गई जिससे उसके घर में रखा गृहस्थी का पूरा सामान जलकर राख हो गया एवं दो मासूम बच्चों की आग में जलकर मृत्यु हो गई है। प्राप्त विवरण के अनुसार रामपुरा थाना अंतर्गत ग्राम बहराई निवासी दयाशंकर पुत्र गोरेलाल दोहरे गरीब मजदूर है वह अपने झोपड़ी नुमा फूंस पुआल से बने कच्चे घर में अपने तीन भाई श्रीकांत, रामसिंह, माताप्रसाद के साथ सपरिवार रहता है। गुरुवार की सुबह साढ़े आठ बजे जब दयाशंकर अपने तीन मासूम बच्चे राज उम्र 6 वर्ष, कन्हैया उम्र 4 वर्ष, सूरज उम्र 1 वर्ष को घर में खेलता हुआ छोड़कर भाई एवं घर की अन्य महिलाओं सहित मजदूरी पर बाजरा काटने गया था उसी समय उसके घर के फूंस के छप्पर में आग लग गई जिससे घर गृहस्थी के संपूर्ण सामान सहित उसके दो मासूम पुत्र कन्हैया उम्र 4 वर्ष व सूरज उम्र 1 वर्ष की आग से जल का मौत हो गई। सबसे बड़ा पुत्र राज उम्र 6 बर्ष झोपड़ी के बाहर खेल रहा था अतः वह सुरक्षित बच गया। घर में आग लगने का कारण स्पष्ट तो नहीं हो सका लेकिन ऐसा प्रतीत रहा है कि समीप में लगे विद्युत पोल से बिजली जलाने के लिए घर तक ले गए कमजोर तार में सार्ट सर्किट होने से आग लग गई हो क्योंकि विद्युत पोल से दयाशंकर के घर तक जो बिजली का तार आया हुआ था जो इस घटना के बाद अर्धजले मकान के आंगन में पड़ा हुआ था। सूचना पाकर उपजिलाधिकारी माधौगढ़ सुरेश कुमार पाल , क्षेत्राधिकारी रामसिंह , थानाध्यक्ष रामपुरा ने घटनास्थल पर पहुंचकर घटना में मृत दोनों मासूम बच्चों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए उरई भेज दिया।

**मुख्यमंत्री आवास स्वीकृत, आपदा राहत से जल्द मिलेगी आर्थिक मदद**

**जगम्मनपुर।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे एवं पुलिस अधीक्षक डॉक्टर दुर्गेश कुमार ने रामपुरा थाना अंतर्गत ग्राम बहराई पहुंचकर अग्नि पीड़ित परिवार से भेंटकर उन्हें सांत्वना देते हुए हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री आवास ग्रामीण स्वीकृत कर दिया गया है, परिवार को खाद्य सामग्री उपलब्ध कराएं। दैवीय आपदा राहत के तहत मृत्यु के परिजनों के खाते में तत्काल प्रभाव से चार-चार लाख रुपए भेजने की कार्यवाही की जा रही है।

# लव जिहाद मामले में फरार प्रेमी युगल को पुलिस ने पकड़ा

**सोशल मीडिया पर फोटो वायरल होने के बाद पुलिस को मिली सफलता**

**उरई, जालौन समृद्धि न्यूज।**

लगभग चार माह पूर्व लव जिहाद के मामले में फरार चल रहे प्रेमी युगल को कोतवाली पुलिस ने उरई से युवती को बरामद कर लिया है। पुलिस युवती का मेडिकल परीक्षण और उसके बयान दर्ज कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नारोभास्कर निवासी अकरम ने कोतवाली क्षेत्र निवासी दूसरे समुदाय की एक युवती को अपने प्रेमजाल में फंसा लिया था। युवती के परिजनों ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि अकरम युवती को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। दूसरे समुदाय के युवक द्वारा युवती को भगा ले जाने की जानकारी लगते ही बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी भी सक्रिय हो गए और लव जिहाद के मामले में कार्रवाई और आरोपी के घर पर बुलडोजर चलाए जाने की मांग करने लगे। इस मामले ने काफी तूल पकड़ा था। हालांकि पुलिस ने युवती को बरामद करने और आरोपी युवक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन भी दिया था। इतना ही नहीं एसपी ने आरोपी पर इनाम भी घोषित किया था।

# जिला अस्पताल के निरीक्षण में चिकित्सक मिले नदारद



अस्पताल निरीक्षण दौरान काउंटर पर बैठे कर्मी से जानकारी देते डीएम।

**डीएम ने सभी अनुपस्थित कर्मियों का एक दिन का वेतन काटने के दिये निर्देश**

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

पुरुष जिला अस्पताल में लगातार मिल रही शिकायतों के दृष्टिगत जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सुबह 8.10 बजे अस्पताल के ओपीडी, पर्चा काउंटर, वार्ड, पैथोलॉजी, फिजियोथैरेपी वार्ड, इमरजेंसी सहित विभिन्न विभागों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कई चिकित्सक, टेक्नीशियन और अन्य स्टाफ अनुपस्थित पाए गए, जिनमें डॉ. एसपी सिंह, डॉ. दीपक आर्य, डॉ. केपी सिंह, डॉ. शिवेश वर्मा, डॉ. संजीव अग्रवाल और रेडियोलॉजिस्ट सौरव कुमार का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। लगभग 30 मिनट बाद इन सभी डॉक्टरों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस पर जिलाधिकारी ने सीएमएस को निर्देशित किया कि देरी से आने वाले डॉक्टरों को चेतावनी दी जाए और उन्हें समय से कक्ष में उपस्थित होकर मरीजों का उपचार करने का आदेश दिया जाए। अस्पताल परिसर में सीसीटीवी कैमरे भी संचालित नहीं मिलें, जिसके बाद जिलाधिकारी ने संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जन औषधि केंद्र भी बंद पाया गया, और इसके इंचार्ज को फटकार लगाते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई के आदेश दिए गए।





## महेवा अधीक्षक ने आयुष्मान कार्ड देकर किया शुभारम्भ

**बकेवर,इटावा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, महेवा पर शासन के निर्देशानुसार,70वर्ष से अधिक आयु के पात्र लाभार्थियों के निशुल्क आयुष्मान कार्ड बनना गुरुवार से प्रारम्भ। इस अवसर पर महेवा अधीक्षक डॉ. गौरव त्रिपाठी द्वारा बिटोली देवी को आयुष्मान कार्ड देकर शुभारम्भ किया। महेवा अधीक्षक डॉ. गौरव त्रिपाठी ने बताया कि इस योजना से अब 70 वर्ष से अधिक आयु के पात्र लाभार्थियों को पांच लाख रुपये तक का निशुल्क स्वास्थ्य लाभ/ इलाज मिल सकेगा। इस सुविधा के लिए सामु0 स्वा0 केन्द्र, महेवा के कमरा नं में तैनात आयुष्मान मित्र विक्की तिवारी से संपर्क करें। यह सुविधा पूर्णतः निशुल्क है। बुजुर्ग लाभार्थी अपने निकटवर्ती आयुष्मान आरोग मंदिर (ए.ए. एम.) पर तैनात सीएचओ के द्वारा भी आयुष्मान कार्ड बनवा सकते।

# नारायन कॉलेज में क्विज प्रतियोगिता आयोजित

**अंतिम राउण्ड में जूनियर वर्ग से फेथ हाउस एवं करेज हाउस विजयी रहे साथ फेथ हाउस ने बाजी मारी**

**इटावा,समृद्धि न्यूज।**





नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स, इटावा के विशाल ऑडीटोरियम में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. धर्मेन्द्र शर्मा एवं पूनम शर्मा ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 तक के चारों हाउस से 4-4 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का आयोजन जूनियर व सीनियर दो वर्गों में किया गया। प्रतियोगिता में साइंस एवं जनरल नॉलेज से संबंधित प्रश्नों को प्रोजेक्टर स्क्रीन के माध्यम से छात्र-छात्राओं से पूछा गया। प्रतियोगिता चार राउण्ड में आयोजित की गई।

हर राउण्ड के साथ चारों हाउसेस के स्कोर में उतार-चढ़ाव होता रहा तथा अंतिम राउण्ड में जूनियर वर्ग से फेथ हाउस एवं करेज हाउस विजयी रहे साथ ही सीनियर वर्ग से फेथ हाउस ने बाजी मारी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ0 धर्मेन्द्र शर्मा, ने कहा कि क्विज प्रतियोगिता एक माइण्ड गेम है जो प्रायः विभिन्न विषयों के ज्ञान के मूल्यांकन में प्रयोग किया जाता है डॉ0 शर्मा ने बताया कि ऐसी प्रतियोगिताओं से छात्र-छात्राओं का मानसिक विकास होता है, और उनमें अध्ययन करने की क्षमता का तीव्रता से विकास होता है।

# धान क्रय योजना का प्रचार कर कृषकों का कराएं पंजीकरण

- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गांधी सभागार में आयोजित हुई समीक्षा बैठक

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में धान खरीद के संबंध में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि लगभग धान की कटाई हो चुकी है। निर्धारित तिथि 29 फरबरी 2025 तक सभी धान केन्द्रों में धान खरीद अवश्य की जाए।

धान ऋय केंद्रों में किसान भाइयों को धान विक्रय में किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। वर्तमान धान क्रय सत्र में धान कॉमन का मूल्य रू0 2300 प्रति कुंतल तथा धान ग्रेड ए का मूल्य रू0 2320 प्रति कुन्तल निर्धारित है। उन्होंने प्रत्येक ऋय केन्द्र पर उपकरणों (इलेक्ट्रॉनिक कॉंटा, नमी मापक यंत्र व विनोईंग फैन एवं ई-पॉप मशीन) की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान ऋय योजना का व्यापक प्रचार- प्रसार करते हुये कृषकों का पंजीकरण अधिक से अधिक कराया जाये। उन्होंने निर्देश दिए कि क्रय केन्द्रों पर कृषकों के सुख-सुविधा की व्यवस्था, बोरा एवं कृषकों से भुगतान हेतु धनराशि की उपलब्धता यथाशीघ्र व्यवस्थित करते हुए ससमय भुगतान किया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि धान क्रय हेतु 18 केन्द्रों से बढ़ाकर 23 केन्द्र बनाएं जाएं। जो समयानुसार क्रियाशील होना चाहिए। मंडी मे केंद्र अवश्य खोले जाएं।



समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी

उन्होंने कहा कि सभी सोसाइटियों में खाद्य की उपलब्धता बराबर रही है। और समय से किसानों को वितरण भी की गई है। फर्टिलाइजर पर्याप्त है। ऐसी व्यवस्था बनाए जिससे किसानों तक समय से फर्टिलाइजर पहुंच जाए। लापरवाही करने वाली सोसायटी पर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने पीसीएफ को निर्देश दिए कि ट्रांसपोर्ट की गति बढ़ाकर फर्टिलाइजर को समय से पहुंचाया जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि डीएपी की डिमांड के अनुसार उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। नैनो डीएपी को प्रमोट कर उसके प्रयोग और फायदों के विषय में लोगों को जानकारी भी दी जाए।

# डग्गामार-स्कूली वाहनों पर की कार्रवाई, काटे चालान

- यातायात पुलिस ने अभियान चलाकर 22 वाहन चालकों पर कि चालान की कार्रवाई

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन चलाएं जा रहे चेकिंग अभियान के तहत यातायात प्रभारी आफ़ाक़ खां ने अपनी टीम के साथ शहर के विभिन्न चौराहों, तिराहों पर स्कूली वाहनों एवं अवैध रूप से चलने वाले डग्गामार वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाकर 22 वाहनों के चालान किए। कई स्कूली वाहनों में मानक के अनुरूप सुरक्षा उपकरण नहीं पाये गए। किसी में आधे, अधूरे उपकरण जैसे फर्स्ट एड बॉक्स जिसमें एक्सपायरी दवाइयां, फायर एक्सटिंग्विशर एक्सपायर डेट वाला।



वाहनों का मानक चेक करते यातायात प्रभारी आफाक खां

वाहनों के अंदर टूटे रखे हुए कैमरा और जीपीएस ट्रैकिंग डिवाइस आदि सुचारू नही मिले। स्कूल प्रबंधकों से वाहनों के मानकों को पूरा करके ही वाहन चलवाने हेतु अपील की गयी। यातायात प्रभारी द्वारा सेफ्टी फीचर्स के बारे में बच्चों को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी एवं चार सवारी बैठी पाए जाने पर कार्यवाही की गई। इस मौके पर उप निरीक्षक यातायात अरशद अली, मुख्य आरक्षी प्रमोद कुमार, आरक्षी धनीराम सहित आदि मौजूद रहे।

# अभियान चलाकर तीन बच्चों को कराया श्रम मुक्त, किया जागरूक

## बाल श्रम, बाल भिक्षावृत एवं नशा मुक्ति अभियान रोकने के लिए किया जागरुक

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

बाल श्रम अधिकारियों द्वारा चलाये जा रहे बाल श्रम, बाल भिक्षावृत, एंव मिशन शक्ति- 05 व नशा मुक्ति अभियान के तहत ए.एच.टी. प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र सिंह ने ए.एच.टी. टीम तथा नवनीत कुमार श्रीवास्तव श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा शहर में बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, मैन बाजार, हाईवे पर होटल, ढाबो व मेडिकल स्टोर, मन्दिर आदि स्थानों पर बालश्रम रोकथाम, बाल भिक्षावृत एवं नशा मुक्त व मिशन शक्ति-05 ऑपरेशन, ऑपरेशन रक्षा, ऑपरेशन खोज, ऑपरेशन बचपन हेतु जागरुकता अभियान चलाया गया।



जिसके अंतर्गत भिन्न- भिन्न दुकानों के सेवायोजकों को बालश्रम अधिनियम के बारे में बताया गया एवं सघन चेकिंग अभियान के दौरान 03 बच्चों को श्रम मुक्त कराया गया। लोगो को बाल श्रम, बाल भिक्षावृत एंव नशा मुक्ति अभियान रोकने हेतु जानकारी देते हुए जागरुक किया गया।

## पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

**छिबरामऊ, कन्नौज।** साराय गुर्जर माल निवासी मुकेश पुत्र नरेश ने पुलिस अधीक्षक को लिखित प्रार्थना पत्र भेजते हुए कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई। सराय गुर्जरमल निवासी मुकेश पुत्र नरेश पुलिस अधीक्षक संबोधित लिखित प्रार्थना पत्र रजिस्ट्री डाक से भेजा जिसमें कहा गया है कि प्रार्थी नोएडा में नौकरी करता है दीपावली मनाने के लिए गांव आया था वापस जाते समय गांव के ही रवि दीपक पुत्र रामदास साहिल पुत्र दीपक अंशुल पुत्र रामदास गौरव पुत्र सतीश सचिन पुत्र ना मालूम मैं मारपीट कर ?45000 जेब में रख पर कर दिए मुझे वह मेरे भाई को मारपीट कर घायल कर दिया इसके गंभीर चोटें आई घटना का वियोग दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।

# ई-रिक्शा-बाइक में टक्कर युवक की मौत, चार घायल



**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

ई रिक्शा व मोटरसाइकिल टक्कर से चार लोग हुए घायल जिसमें एक की हुई मौत तीन घायल का उपचार निरंतर जारी कैरदा मार्ग अहेरुआ राजारमपुर के सामने ई रिक्शा व मोटरसाइकिल टक्कर से गौरव दिक्षित पुत्र ब्रज मोहन 35 उम्र हरिहरपुर सवारी धान लेकर जा रहे थे। मोनू पुत्र मैकू 32 उम्र हरिहरपुर रिक्सा चालक समीर पुत्र आबिद अली 15 उम्र बाईक सवार अहेरुआ निवासी आशिफ पुत्र जाहिद अली म्रतक बाईक सवार 24 उम्र अहेरुआ निवासी दोनो लोग छिबरामऊ से अपने घर जा रहे थे तभी रंधीरपुर के पास नारायण फिलिंग स्टेशन के सामने हुआ हादसा चांद पुत्र साकिर बाईक सवार अपनी ननिहाल में घुमने आया था दिल्ली निवासी यह बाईक चला रहा था जो बाल बाल बच गया।

## गांव के लोगों ने फसल की नष्ट, रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** गांव के लोगों ने दो बीघा आलू की फ़सल को नष्ट कर दिया। विरोध करने पर गाली गलौज कर धमकी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम तेराजाकेट निवासी राज किशोर पुत्र पंचम लाल ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि बीते दिनों उसने अपने खेत में आलू की फसल बोई थी। जिस फ़सल को गांव के ही मनीराम, धीरज, जयराम, मनीराम, रेवती व उसके पति, धीरज की पत्नी, जयराम की पत्नी, धीरज व जयराम के दो पुत्रों ने मिलकर उसके दो बीघा आलू की फ़सल को नष्ट कर दिया। जब पीड़ित घटना की वीडियो बनाने लगा। तो आरोपितों ने गाली गलौज की और मारपीट पर आमादा होते हुए धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## खबरें एक नजर में

### वृद्ध को घायल करने की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** घर के बाहर बैठे वृद्ध से मोहल्ले के लोगों ने गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर लोहे की रॉड से सिर पर हमला दिया। इससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित के पुत्र ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम तेराजाकेट निवासी सूर्यकांत द्विवेदी ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 02 अक्टूबर की शाम करीब 6.40 बजे उसके पिता अनिल कांत द्विवेदी घर के बाहर बैठे थे। तभी मोहल्ले के सचिन उर्फ अंचित तिवारी आये और रंजिश के चलते गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट की। जब उसके पिता जान बचाने के लिए घर के अंदर आये तो पीछे से आरोपित ने घर में घुसकर लोहे की रॉड से उनके सिर पर हमला कर घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवक पर जताई किशोरी को ले जाने की आशंका

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नल पर पानी भरने गयी इंटर की छात्रा कहीं चली गई। परिजनों ने गांव के युवक द्वारा किशोरी को ले जाने की आशंका जताई है। पीड़ित पिता ने आरोपित युवक के विरुद्ध कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम निवासी युवक ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि गुरुवार की सुबह करीब 06 बजे उसकी पुत्री नल पर पानी भरने गयी थी और बापस नहीं लौटी। पीड़ित पिता ने गांव के ध्रुव बाथम पर पुत्री को ले जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सरकारी जमीन पर बोई धान की फसल प्रशासन ने कटवाई



**तिर्वा।** उमर्दा विकास खण्ड की ग्राम सभा खानपुर व उसके मजरे पल्यौरा गांव में दबांगे द्वारा सैकड़ो बीघा सरकारी जमीन पर धान की फसल बो देने के मामले में तहसील प्रशासन ने गुरूवार को बड़ी कार्रवाई की है। एसडीएम ने इन खेतों में खड़ी धान की फसल को मशीनों के जरिए कटवाकर पूरी फसल को कुर्क कर लिया है। तहसील प्रशासन ने पिछले बर्ष खानपुर व पल्यौरा गांव में करीब आधा सैकड़ा दबंग किसानों द्वारा सरकारी जमीन पर कब्जा कर लेने के मामले को लेकर कार्रवाई करते हुए जमीन खाली करवा दी थी। इन सभी कड़ी चेतावनी दी गई थी कि दोबारा फसल बोई, तो सभी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। तहसील प्रशासन को पता चला कि किसानों ने फिर से उक्त जमीनों पर कब्जा करके धान की फसल बो दी है। अब उस फसल को काटने की तैयारी किसान कर रहे हैं। इसपर एसडीएम ने गुरूवार को राजस्व विभाग के अमले के साथ पल्यौरा व खानपुर गांव पहुंचकर तैयार खड़ी धान की फसलें मशीन से कटवा दी। इन फसलों को कुर्क कर लिया गया। देर रात तक फसलों की कटाई का काम जारी था।

# किसी अंजान व्यक्ति से शेयर न करें अपना ओटीपी

- साइबर फ्रॉड होने पर साइबर हेल्पलाइन न. 1930 पर करें सम्पर्क
- थानों की एन्टीरोमियों टीम द्वारा महिलाओं/ बालिकाओं को किया जागरूक

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के तहत थानों की एन्टीरोमियों टीम द्वारा महिलाओं/ बालिकाओं को नारी सुरक्षा, नारी स्वाबलंबन एवं नारी सम्मान हेतु विशेष अभियान चलाकर जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के फेज- 5 के तहत जनपद के थानों पर तैनात एन्टीरोमियो टीम द्वारा थाना क्षेत्र के बस अड्डा, सार्वजनिक स्थानों, कस्बों, मंदिरों, बीट क्षेत्र, मोहल्लों, कालेज आदि के आस- पास गश्त/चेकिंग करते हुए महिलाओं व बालिकाओं को आत्मसुरक्षा के लिये जागरुक कर उनकी सुरक्षा के सम्बंध में वार्ता करना, सार्वजनिक स्थानो पर घूम रहे शोहदो को चेतावनी देना। महिलाओ से संबंधित अपराध व अपराध से संबंधित सजा के बारे में जागरुक करना, सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहो व साइबर क्राइम के विषय में व महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा आदि के विषय मे पुलिस की पाठशाला/ चौपाल लगाकर जागरूक किया गया तथा विभिन्न स्थानों पर वर्तमान में बढ़ रहे साइबर फ्रॉड के सम्बन्ध में जागरुक करते हुए बताया गया कि किसी अन्जान व्यक्ति से अपना ओटीपी शेयर न करें। यदि किसी के साथ साइबर फ्रॉड होता है। तो वह तत्काल साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर सम्पर्क कर अपनी शिकायत दर्ज कराये।



# डबल इंजन की सरकार में जंगल राज व्याप्त है लगातार बढ़ रही हत्या, लूट-रेप की घटनाएं

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

सौरिख के परौर मे आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी के तत्वावधान में जाति तोडो समाज जोड़ों सभा का आयोजन किया। इस मौके पर मण्डल उपाध्यक्ष छबिराम जाटव ने कहा कि आज देश में एक ही नेता एंड चन्द्रशेखर आजाद जी जो बहुजनों की आवाज प्रमुखता से उठा रहे हैं आज बहुजन समाज तेजी से आजाद समाज पार्टी की तरफ जुड रहा है लोगों मे विश्वास बन रहा एंड चन्द्रशेखर आजाद जी हमारी लडाई लड सकते हैं व आजाद समाज पार्टी जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम ने कहा कि आज डबल इंजन की सरकार में जंगल राज व्याप्त है लगातार हत्या,लूट बलात्कार की घटनाएं बढ़ती जा रही है।

ना पत्रकार सुरक्षित और ना पुलिस वाले और जाति आधार पर न्याय हो रहा है। बीजेपी सरकार ने देश को हिंदू मुस्लिम मे बाट दिया है नफरती बीज बो रही है भाई भाई लडाने का काम कर रही है महंगाई व बेरोजगारी चर्म सीमा



पर है वे रोज़गार दर दर भटक रहे हैं लोगों से कहा कि चन्द्रशेखर आजाद जी के कंधों को मजबूत करे अब आजाद समाज पार्टी 2027 विधानसभा चुनाव में बीजेपी को सत्ता से बाहर करने का काम करेगी इस मौके पर जिला महासचिव अखिलेश कबीर, जिला उपाध्यक्ष सर्वेश गिहार, विधानसभा अध्यक्ष शिवकुमार कठेरिया, रवि गौतम, मनोज व मीटिंग आयोजक शेर सिंह को जिला सचिव की जिम्मेदारी सौंपी।

# प्रेमिका व दोस्त की मदद से अंकित ने रची थी गगन की हत्या की साजिश

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज़।**

त्रिकोणीय प्रेम प्रसंग के मामले में इंदरगढ़ के गगन गुप्ता की हुई हत्या का पुलिस ने गुरूवार को पर्दाफाश कर दिया है। मामले में एक युवती सहित तीन अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया हैं। एक अन्य अभियुक्त फरार है। इंदरगढ़ पुलिस ने इस मामले में बुधवार की देर रात मृतक के पिता की तहरीर पर चार अभियुक्तों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की थी।

इंदरगढ़ थानाध्यक्ष पारूल चैधरी ने हत्याकाण्ड का खुलासा करते हुए मीडिया को बताया कि गत 03 नबंवर की शाम को इंदरगढ़ के जगतापुर गांव निवासी गगन गुप्ता उर्फ रामू पुत्र रमेश चन्द्र गुप्ता घर के सामने से अचानक लापता हो गया था। चार नबंवर को उसके पिता ने इंदरगढ़ थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने जब जांच पड़ताल शुरू की, तो पता चला कि गगन का मित्र अंकित वर्मा पुत्र परशुराम वर्मा निवासी जगतापुर उसे अपनी बाइक से ले गया था। इस पर पुलिस ने पूछताछ के लिए अंकित को हिरासत में लिया। कड़ाई से जब पूछताछ की, तो सारा मामला सामने आ गया। थानाध्यक्ष के मुताबिक अंकित का प्रेम प्रसंग गुरसहायगंज कोतवाली के सियरमऊ गांव निवासी पायल पुत्री सुरेन्द्र सिंह से चल रहा था। यह जानकारी गगन को भी थी। गगन ने धीरे-धीरे पायल से नजदीकियां बढ़ाई। उससे मोबाइल पर भी बात करने लगा। यह सब अंकित को नगवार गुजरा। दीपावली की छुट्टी में जब गगन गांव आया, तो अंकित ने उसकी हत्या कर देने की योजना तैयार की। इस योजना में उसने अपने मित्र अमित उर्फ सुन्दर पुत्र लाखन सिंह निवासी इंदरगढ़ गढ़ी के अलावा सुजल पुत्र राजेश दिवाकर निवासी पूराराय व अपनी प्रेमिका पायल को भी शामिल कर लिया। 03 नवबंर की शाम को अंकित अपनी बाइक से पार्टी के बहाने घर से गगन को ले गया। नहर के किनारे जाकर उसने अंकित को शराब पिलाई। इस दौरान अमित व अंकित के अलावा उसकी प्रेमिका भी पायल भी मौजूद थी। मोबाइल की लोकेशन से भी इन तीनों के मौजूद होने की पुष्टि हुई है। शराब पिलाने के बाद इन सभी ने गगन की चाकूओं से गोदकर हत्या कर दी। बाद में उसके शव को नहर के पानी में फेंक दिया।



# महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, दो पर रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज,समृद्धि न्यूज।**

ससुराल से भाग कर मायके आई महिला का शव गांव स्थित बाग में पेड़ से लटका मिला। इसकी जानकारी होने पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। जबकि परिजनों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उताकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका की मां ने दो लोगों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम नौरंगपुर निवासी मृतका की मां सफ़रोज पत्नी रियाज ने बताया कि उसने अपनी पुत्री काजल (18) की शादी नवीगंज निवासी इम्तियाज से इसी वर्ष की थी। बीती 26 जून को उनके पारीवारिक जेठ का पुत्र साजिद उसकी पुत्री को शादी का झांसा देकर ससुराल से बहला फुसला कर भगा लाया। इसके बाद उसकी पुत्री मायके में रहने लगी। इसके बाद साजिद व उसक भाई जायद ने 06 सितंबर की रात उसे डराया धमकाया और साजिद ने शादी करने से मना कर दिया। इसी बात से आजिज आकर 07 नवंबर की सुबह लगभग 05 बजे काजल शौच क्रिया की बात कहकर घर से चली गई। इसके बाद उसका शव गांव के बाग में पेड़ से दुपट्टे के फंदे से लटका मिला।



## महिला व उसके मायके वालों से की मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** आपसी विवाद को लेकर पति व जेठ ने महिला से अभद्रता शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट पर आमादा हो गए और बीच-बचाव में आये उसके पिता व भाइयों से भी मारपीट की। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम जुनैदपुर निवासिनी मीना देवी पत्नी मनोज कुमार कुशवाहा ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 05 अक्टूबर की शाम करीब 08 बजे पति मनोज कुमार व जेठ डॉ. बृजेश ने मेरे साथ गाली गलौज की। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव में आए उसके पिता रामनरेश, भाई संदीप, दिलीप को भी मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मृतक लाइनमैन के परिवार को मदद देगी आजाद समाज पार्टी


पीड़ित परिवार से मुलाकात करते पदाधिकारी।

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

उपकेन्द्र गुगरापुर में संविदा लाइनमैन की मौत के मामले में आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने परिजनों से मुलाकात की और शोक संवेदना व्यक्त कर ढांढस बंधाया। कहा कि पार्टी परिवार की हर संभव मदद करेगी। आरोपितों को कानून सजा दिलवाने के लिए संघर्ष किया जाएगा। ब्लाक गुगरापुर के ग्राम मरहरिया निवासी संविदा लाइनमैन धर्मवीर उर्फ पिंटू की बीते मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मामले में आजाद समाज पार्टी व भीम आर्मी पदाधिकारियों ने परिजनों से मुलाकात की। उन्हे हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। जिला प्रभारी पवन गौतम ने बताया कि परिवारजनों से जानकारी प्राप्त हुई है कि विभागीय कर्मी लाइनमैन को कई महीनों से जातिगत प्रताड़ित कर रहे थे और छह लाख कंज्यूमर का पैसा हड़प गये।

जब लाइनमैन धर्मवीर उर्फ पिंटू पैसा मांगता था। तो उसको जाति सूचक गाली गलौज कर शोषण व धमकी दी जाती थी। इसकी पुष्टि सुसाइड नोट भी कर रहा है। वीडियो भी प्रचलित है। जो आरोपी लाइनमैन धर्मवीर उर्फ पिंटू को धमकाकर पावर हाउस में घुस न जानेकी पुष्टि करता है। मौत में कही न कही साजिश नजर आती है। भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी पीड़ित परिवार के साथ है और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करेगी। इस मौके पर जिला सह संयोजक पातीराम बौद्ध, जिला प्रभारी शकील अहमद, विधानसभा संयोजक शनी गौतम आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## बोरिंग मशीन पर रखे लोहे के पाइप चोरी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** सरकारी नलकूप के पास चल रहे बोरिंग कार्य के दौरान मशीन के जीआई 26 पाइप चोरी हो गए। घटना की जानकारी होने पर पीड़ित व्यापारी ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला अशोक नगर निवासी अजीत तिवारी पुत्र रामेन्द्र तिवारी ने दी गई तहरीर में कहा है कि वह नंगापुर्वा रोड स्थित सरकारी नलकूप के पास बोरिंग का कार्य करा रहा है। बोरिंग का कार्य पूरा होने के बाद उसने बोरिंग मशीन व 26 पाइप वही रख दिए थे। जिसे चोर अज्ञात समय चोरी कर ले गए। काफी खोजबीन के बाद भी पता नहीं लग सका। बताया कि लोहे के पाइप की कीमत लगभग दो लाख रूपये है। कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मच्छरों पर अंकुश लगाने के लिये हुई फॉगिंग

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**

मौसम में बदलते तेवरों के चलते मच्छरों के प्रकोप में कमी न होने से फ़ैल रही संक्रामक बीमारियों पर अंकुश लगाने के लिये चेयरमैन व ईओ के निर्देश पर फॉगिंग मशीन से कीटनाशक दवा का छिड़काव कराने का काम किया जा रहा है।

समधन नगर पंचायत की चेयरमैन आसमा बेगम व अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह के सख्त दिशा निर्देशों के चलते मच्छरों की बढ़ती संख्या से फ़ैल रही नगर में तमाम प्रकार की बीमारियों पर लगाने के लिये बीता बुधवार रात को कीटनाशक दवाओं को फागिंग मशीन से टाउन कर्मियों ने छिड़काव करना शुरू कर दिया गया। अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि मौसम के बदलते तेवरों के चलते मच्छरों की संख्या में काफी इजाफा होने से तमाम संक्रामक बीमारियों की दस्तक रोकने के लिये नगर के सभी 16 वार्डों में फागिंग मशीन से दवा छिड़काव करने के निर्देश दिये है। उधर चेयरमैन आसमा बेगम ने नगर की आम जनता व जनप्रतिनिधियों से सफाई व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त कराने में कर्मचारियों के सहयोग करने की अपील की है जिससे शासन के स्वच्छता मिशन अभियान सफल बनाया जा सके।


ट्रैक्टर ट्राली में सवार होकर फॉगिंग करते टाउन कर्मचारी

# दबंगों ने घर में घुसकर महिलाओं को पीटा, की अभद्रता

## चौकी से लेकर एसपी तक लगा चुकी हैं गुहार, नहीं मिल रहा न्याय

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ट्रैक्टर धीरे चलाने की बात कहने पर दबंगों ने घर में घुसकर महिलाओं के साथ मारपीट कर अभद्रता की। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही करने की मांग की है। जानकारी के अनुसार पीड़ित महिला अरुणा पत्नी अजीत ने पुलिस अधीक्षक को दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा है कि वह नगला बाग थाना कोतवाली फतेहगढ़ की निवासिनी है। दिनांक 06.11.2024 की शाम 6.30 बजे करीब पीड़िता की भतीजी पूजा घर के बाहर बैठी थी, तभी रिंकू पुत्र कमलेश निवासी नगला पजाबा ट्रैक्टर लेकर लापरवाही व तेजी से चलाते हुए आ रहा था।

जब पूजा ने कहा कि ट्रैक्टर धीरे से चलाओ, इतने में ट्रैक्टर रोककर रिंकू उतरकर आया और पूजा को गंदी-गंदी गालियां देकर मारपीट करने लगा। उसके साथ मुकुल, किशन व गोपी पुत्रगण अखिलेश निवासीगण नगला बाग भी साथ थे। वह भी पूजा के साथ मारपीट करने लगे। पीड़िता ने उक्त घटना के संबंध में थाने में प्रार्थना पत्र दिया। जिसकी जानकारी होने पर उपरोक्त लोग रिंकू, मुकुल, गोपी, किशन पुत्रगण अखिलेश, ईलू पुत्र टेनीलाल उर्फ अनिल आदि पुत्र दलजीत पीड़िता के दरवाजे पर रात्रि लगभग 10.30 बजे आकर दरवाजा पीटने लगे। जिस पर पीड़िता ने पूछा कि कौन है। जब दरवाजा खोला, तो उपरोक्त लोग जबरदस्ती पीड़िता के घर में घुस आये और गाली-गलौज कर कहने लगे पुलिस में रिपोर्ट करती है। उपरोक्त लोग पूजा, मुकेश, शिवांगी पुत्री रामू के साथ मारपीट करने लगे। उपरोक्त लोग नशे में थे। पूजा के साथ रिंकू व मुकुल ने छेड़छाड़ भी की। आसपास के लोगों के आने पर उपरोक्त लोगों ने बाहर निकलकर घर में ईंट पत्थर फेंकना शुरु कर दिया तथा कहा कि आज सालों को मार डालेंगे। भीड़ एकत्र होने पर उपरोक्त लोग यह कहते हुए चले गये कि आइंदा पुलिस से शिकायत की, तो अंजाम बुरा होगा।



घटना की जानकारी देतीं महिलायें

पूजा, मुकेश व शिवांगी के काफी चोटें आयी हैं। पूजा ने बताया कि उपरोक्त लोग उसके कान में पहना झाला भी उपरोक्त लोग ले गये हैं। उक्त लोग दबंग किस्म के व्यक्ति हैं तथा कोई भी अप्रिय घटना घटित कर सकते हैं।

पीड़ित महिला का कहना है कि वह चौकी पर गयी, लेकिन उसकी पुलिस ने एक नहीं सुनी। तब पीड़िता ने एसपी को प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन अभी तक उपरोक्त दबंगों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गयी। जिससे दबंगों के हौसले बुलंद हैं।

# कौमुदी बुद्ध महोत्सव में आयेंगे स्वामी प्रसाद मौर्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

संकिसा के कौमुदी महोत्सव में सूबे के पूर्व काबीना मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य शामिल होंगे। संकिसा स्थित भदंत विजय सोम इण्टर कॉलेज में 14 व 15 नवम्बर को कौमुदी महोत्सव भगवान बुद्ध के 57वें स्वर्गावतरण समारोह का आयोजन किया गया है। क्षेत्रीय भाजपा विधायक सुशील शाक्य 14 नवंबर को दिन के 2 बजे महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सूबे के पूर्व काबीना मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य शामिल होंगे।

अति विशिष्ट अतिथि कैलाश यादव (पूर्व सांसद), मुख्य वक्ता डॉ. जी.एस. शाक्य (प्रयागराज), एम.डी. बौद्ध कम्यून इंटरनेशनल, सम्राट हर्षवर्धन बुद्ध विहार होंगे। सांसद देवेश शाक्य, विधायक विपिन वर्मा डेविड, ममतेश शाक्य, डॉ. नवल किशोर शाक्य, सुरेश चन्द्र बौद्ध, सत्यभान सिंह शाक्य, महाराज सिंह शाक्य (प्रदेश सचिव) विशिष्ट अतिथि हैं। महिला सम्मेलन में पूर्व सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य एवं धम्मचारिणी श्रद्धावन्जरी शामिल होंगे। पूज्य भन्ते एस. नन्दा, भन्ते डॉ. धम्मपाल, भन्ते सरह पादीप महाथेरा, भन्ते चेतसिक बोधि, भन्ते नागसेन, भन्ते उपनन्द, भन्ते धम्म कीर्ति एवं संकिसा भिक्षुसंघ को आमंत्रित किया गया है। दोनों दिवस रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम बौद्ध गीत, जादूगर एवं नाटक मंचन देर रात्रि तक होंगे। आयोजन समिति महोत्सव के प्रमुख सुनील दत्त शाक्य ने यह जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय शाक्य परिषद, राष्ट्रीय सम्यक महासंघ, वाईवीएस (इण्डिया) शाक्य बौद्ध विकास समिति अगौनापुर, बौद्ध एकता समिति गंजडुण्डवारा सहयोगी संस्थाएं हैं।



ऐतिहासिक तीर्थस्थल संकिसा

उन्होंने सभी सहयोगी संस्थाओं के पदाधिकारियों एवं बुद्ध अनुयायियों से समारोह को सफल बनाने की जोरदार अपील की है।

# महिला ने खाई चूहे मार दवा, हालत बिगड़ी



ठेली पर महिला को लेकर आये परिजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भाई अदनान व बहन रहनुमा के बीच हो रहे झगड़े से नाराज महिला ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गयी। उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार गुरुवार को फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नेकपुर चौरासी निवासी जलील के पुत्र अदनान व पुत्री रहनुमा के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। जब झगड़ा शांत नहीं हुआ, तो जलील की पत्नी अफसरी बेगम ने गुस्से में चूहेमार दवा खा ली। जिससे उसकी हालत बिगड़ गयी। परिजन आनन-फानन में उसे ठेली से लेकर लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक नीरज ने महिला का उपचार शुरु कर दिया। चिकित्सक ने बताया कि महिला की हालत खतरे से बाहर है। उसका उपचार जारी है।

# मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के तहत महिलाओं को किया गया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के तहत महिला सुरक्षा विशेष दल पुलिस द्वारा महिलाओं को बैंकों, स्कूलों व सार्वजनिक स्थलों पर जागरुक किया गया तथा उन्हें हेल्पलाइन नंबर के बारे में अवगत कराया गया।

जानकारी के अनुसार गुरुवार को महिला सुरक्षा विशेष दल पुलिस ने मिशन शक्ति फेज-05 के तहत नगर की बैंकों, स्कूलों, सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं व युवतियों को रोककर जागरुक किया। साथ ही उन्हें हेल्पलाइन नंबर 1098, 181,112, 1090, 1076 के बारे में जागरुक किया। पुलिस सुरक्षा दल ने कहा कि पुलिस आप लोगों की सहायता के लिए है। आप लोग किसी भी परिस्थिति में घबरायें नहीं, बस आपको हेल्पलाइन नंबर डायल करना है। तुरन्त मौके पर पहुंचकर पुलिस आपकी सहायता करेगी। यदि रात में किसी जगह पर फंस जाती हैं और आपको कोई वाहन आदि नहीं मिलता, तो भी आप पुलिस को काल कर सकती हैं। पुलिस आपको आपके गंतव्य तक छोड़कर आयेगी।



बैंक शाखा में महिलाओं को जागरुक करती महिला पुलिस टीम

# उधार दिए रुपए मांगने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

▸ रेलकर्मी सहित एक दर्जन से अधिक लोग घायल

उधार दिए रुपए मांगने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जिससे रेलवेकर्मी सहित एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये। इसके बाद दोनों पक्षों के लोग थाने पहुंचे। थाने में भी जमकर हंगामा हुआ।

जानकारी के अनुसार शांति नगर पजाबा निवासी नेत्रपाल कीमैन के पद पर रेलवे में तैनात है।

नेत्रपाल ने डेढ़ साल पहले लकूला निवासी संजू को 97 हजार रुपए उधार दिए थे। तगादे को लेकर दोनों पक्ष में विवाद चल रहा था। बुधवार को जब नेत्रपाल की पत्नी रेखा देवी अपने पुत्र क्षेत्रपाल व अमरपाल के साथ सब्जी लेने के लिए निकली, तभी दूसरे पक्ष के लोगों ने हमला कर मारपीट शुरू कर दी। रेखा देवी और उनके बेटों व उनकी बेटी के साथ भी जमकर मारपीट की गई। नेत्रपाल ने आरोप लगाया कि जब वह जेएनवी स्थित क्रॉसिंग पर ड्यूटी कर रहे थे तभी कुछ लोगों ने वहां जाकर उनके सिर पर सरिया से हमला कर घायल कर दिया। दूसरे पक्ष से शिवकुमार ने बताया कि नेत्रपाल का पुत्र प्लाटिंग के नाम पर गड़बड़ करता है। इन लोगों ने उनके एक साथी को पहले घेरकर मारा था। दोनों पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे, रेलवे कर्मचारी को भी मारपीट कर घायल कर दिया। दोनों पक्षों से दर्जनों लोग थाने पहुंचे। इसके बाद थामे में जमकर हंगामा हुआ। भारी पुलिस फोर्स के साथ दोनों पक्षों के दर्जन भर से अधिक घायलों को जिला लोहिया अस्पताल में कराया गया।

## घर में लगी आग, पीड़ित ने आज्ञात के खिलाफ दी तहरीर



दो मंजिल पर जला फर्नीचर आदि सामान

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** दो मंजिल पर अज्ञात कारणों से आग लग गयी। पीड़ित ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर निवासी सुखपाल ने पुलिस को दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा है कि उनका मकान दो मंजिला है। वह नीचे वाली मंजिल पर बीती रात सो रहे थे, तभी रात्रि में अज्ञात ने दो मंजिल पर आग लगा दी। घटना की जानकारी उन्हें सुबह हुई। तब तक सब कुछ सामान फर्जीचर, कपड़े आदि जल चुका था। उन्होंने बताया कि उन्हें हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। वहीं पुलिस का कहना है कि तहरीर मिल गयी है। वह मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## खबरें एक नजर में

### बाइक की टक्कर से बालक की मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** स्कूल के बाहर सड़क किनारे खेल रहे बालक को तेज रफ्तार बाइक सवार नें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अनन-फानन में लोहिया अस्पताल में लाया गया जहाँ उसे मृत घोषित कर दिया गया। जानकारी के अनुसार पड़ोसी जनपद शाहजहाँपुर के मिर्जापुर के ग्राम इस्लामनगर निवासी बुधवा अपनी पत्नी अमीशन व 6 वर्षीय पुत्र ताजमोहम्मद के साथ बेलदारी का कार्य करने थाना मऊदरवाजा के रोशनाबाद मार्ग पर स्थित गायत्री इंटरनेशनल स्कूल में आया था। गुरुवार को बालक ताज मोहम्मद स्कूल के बाहर खेल रहा था। उसी दौरान तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। परिजन उसे लेकर लोहिया अस्पताल पहुंचे। जहाँ चिकित्सक ने परीक्षण के बाद बालक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### किशोर की हालत बिगड़ी, मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव सुल्तानपुर पलनापुर निवासी राजकुमार , शिवा उम्र 14 वर्षीय पुत्र राजवीर की हालत बिगड़ने पर परिवारीजन कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. जितेश्र ने शिवा को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

### आईजीआरएस में जनपद का प्रदेश में लगातार तीसरी बार प्रथम स्थान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद फतेहगढ़ में समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करने में लगातार तीसरी बार माह अक्टूबर 2024 में जनपद फतेहगढ़ द्वारा प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान, जोन स्तर पर प्रथम स्थान तथा थानार वार रैंक में जनपद फतेहढ़ के समस्त 16 थानों में से 14 थानों द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त किया गया। जिसमें कोतवाली फतेहगढ़, थाना मऊदरवाजा, थाना कादरीगेट, महिला थाना, कोतवाली कायमगंज, थाना शमशाबाद, थाना मेरापुर, थाना कम्पिल, थाना कमालगंज, थाना अमृतपुर, थाना राजेपुर, कोतवाली मोहम्मदाबाद, थाना जहानगंज, थाना नवाबगंज द्वारा सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया गया।

### आवारा कुत्ते ने बालक पर बोला हमला, नोंचा मांस



गली में घूमते आवारा कुत्ते

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** एक आवारा कुत्ते ने बालक पर हमला बोल दिया। उधर से निकल रहे बाइक सवार युवक ने बालक को बचाया। परिजन बालक को लेकर अस्पताल पहुंचे तथा उसका प्राथमिक उपचार कराया। जानकारी के अनुसार गुरुवार को नगर के मोहल्ला अंडियाना में एक 5 वर्षीय बालक घर के बाहर खेल रहा था, तभी एक आवारा कुत्ता वहां आया और बालक की बाह अपने मुंह में रख ली। उधर से गुजर रहे बाइक सवार ने जब यह नजारा, देखा, तो उसने बाइक रोककर कुत्ते को भगाया। तब कहीं जाकर बाइक की जान बच सकी। परिजन बालक को लेकर लोहिया अस्पताल पहुंचे और बालक का प्राथमिक उपचार कराया। बताते चलें कि कुत्ते ने बालक की बांह से मांस नोंच लिया। जिससे बालक काफी देर तक चीखता चिल्लाता रहा। लोगों का कहना था यदि बाइक सवार मौके पर नहीं आता, तो जाने कुत्ता बालक का क्या हालत करता है। इसको लेकर बालक के परिजन काफी दुखी दिखे।

# सड़क दुर्घटना में महिला की मौत



सीएचसी में मौजूद मृतका के परिजन

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बाइक फिसलने से वृद्धा गम्भीर रुप से घायल हो गयी। उसे सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने वृद्धा को मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार थाना कमालगंज क्षेत्र के गांव नगला कटारन दिनारपुर निवासी स्वर्गीय वीरेश बाबू की 55 वर्षीय पत्नी संसारवती अपने नाती उत्कर्ष के साथ बाइक से अपनी पुत्री के घर कोतवाली क्षेत्र के गांव रैसेपुर जा रही थी। उत्कर्ष ने बताया कि अजीजलपुर के पास उसे सामने से कोई वाहन आने का भ्रम हुआ। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। वहीं अजीजलपुर में किसी प्राइवेट क्लीनिक से प्राथमिक उपचार करवाकर डायल 108 से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद लाया गया। जहां डॉ. प्रशान्त सेंगर ने महिला संसारवती को मृत घोषित कर दिया। डॉ. प्रशान्त सेंगर ने कोतवाली मोहम्मदाबाद में मेमो भिजवाया। कस्बा इन्चार्ज महेंद्र सिंह ने बताया कि मामला थाना जहानगंज का है। जिसकी सूचना थाना जहानगंज को दे दी गई है। पुलिस ने पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# ग्राम प्रधान ने बंद किया मंदिर का रास्ता, ग्रामीणों में आक्रोश

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शमसाबाद गांव में भोलेनाथ के मंदिर का रास्ता दबंग ग्राम प्रधान ने बंद कर दिया। जिससे ग्रामीणों में काफी रोष देखा जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि वह घटना से उच्चाधिकारियों को अवगत करायेंगे।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव ख्वाजाअहमदपुर कटिया में पुराना भोलेनाथ का मंदिर है। जिस मंदिर पर बरसों से श्रद्धालु पूजा करते आए हैं। ग्राम प्रधान सियाराम ने मंदिर को आने जाने वाला रास्ता ही बंद कर दिया। जिससे श्रद्धालु मंदिर पर पूजा अर्चना करने नहीं पहुंच पा रहे। थोड़े दिन बाद ग्रामीणों ने अपने खेत से मंदिर का रास्ता निकलवा कर और गेट लगवा दिया।

जिससे पूर्व से दक्षिण की तरफ आने जाने वाला मार्ग बिल्कुल ग्राम प्रधान द्वारा बंद कर दिया गया था। ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए ग्राम प्रधान के खिलाफ नारेबाजी भी की।



विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण

ग्रामीणों में अमन कुमार, रवि कुमार, प्रवीण कुमार, अरविंद सिंह, रजत कुमार, जबर सिंह, संतराम, अक्षय, निलेश सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। वहीं ग्राम प्रधान सियाराम ने बताया आरोप निराधार है। हमने कोई भी रास्ता बंद नहीं किया है।

## करंट लगने से युवक की हालत बिगड़ी, लोहिया रेफर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव नगरिया निवासी अभिमन्यू उम्र 20 वर्ष घर में विद्युत करन्ट की चपेट में आकर झुलस गया। आनन-फानन में परिजन कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ ज्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. जितेन्द्र ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# प्रेमपुर ने छिबरामऊ को हराकर सेमीफाइनल की उठायी ट्राफी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जूनियर कबड्डी बालक वर्ग का आयोजन मोहम्मदाबाद के क्षेत्र टिलिया स्थित चौ0 गजराज सिंह इंटर कालेज में सम्पन्न हुआ।

कबड्डी प्रतियोगिता में 16 टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ जिला कबड्डी एसोसिएशन सचिव कुलदीप यादव ने किया। कड़े मुकाबले के साथ सेमीफाइनल में चार टीम प्रेमपुर छिबरामऊ, चौ0 गजराज सिंह इंटर कालेज, छिबरामऊ स्पोस्ट्र्स, फिजिकल एकेडमी ने प्रवेश किया।

फाइनल मुकाबले में प्रेमपुर छिबरामऊ ने 24-12 से छिबरामऊ स्पोर्ट्स को हराकर सेमीफाइनल की ट्राफी उठायी। प्रथम विजेता टीम को 2100 रुपये की धनराशि व ट्राफी तथा मेडल देकर सम्मानित किया गया। वहीं उपविजेता टीम को 1100 रुपये की धनराशि व ट्राफी तथा मेडल देकर पुरुस्कृत किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन विपिन कुमार, पीटीआई राजेन्द्र सिंह, मंगली प्रसाद, चंदन कुमार द्वारा किया गया। निर्णायक की भूमिका रेफरी अरुण कुमार, अभिषेक शाक्य, सुभाष चन्द्र, विमलेश कुमार, स्कोरर सनी कुमार, जितेन्द्र कुमार, अंशू शाक्य ने निभाई। इस अवसर पर वीना गौतम, अजीत यादव, शिवम ठाकुर, धर्मेन्द्र सिंह यादव, अमन तिवारी, दीपेन्द्र चौहान आदि लोग मौजूद रहे।



आयोजकों के साथ विजेता खिलाड़ी

# पत्नी नकदी व जेवर लेकर फरार, पति ने दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना अंतर्गत ग्राम बराकेशव निवासी ब्रजपाल पुत्र शिवराम सिंह ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी। जिसमें बताया कि मेरी पत्नी संगीता देवी पुत्री झब्बू सिंह निवासी सुभानपुर थाना अमृतपुर जनपद फर्रुखाबाद के साथ हुई है। मैं एक ट्रक चालक हूँ। जो कि कन्नौज के एक मालिक का ट्रक चलाता हूँ।

मैं एक दो महीने में कभी कभार घर आता जाता हूँ। उसके दो बच्चे हैं। जिसमें एक की उम्र 4 साल तथा दूसरे की उम्र लगभग 2 साल है। दिनांक 5 नवंबर को मेरी पत्नी संगीता देवी ने फोन करके मुझे 500/- रुपये विक्रम पुत्र नामालूम के खाते में डलवाए। इसके बाद उसी दिन 9.00 बजे वह गायब हो गई।

जिसका अभी तक कोई अता पता नहीं चला। जब इसकी सूचना मुझे मिली, तो मैं अपनी गाड़ी छोड़कर घर आया। अपनी ससुराल में खोजबीन की। चारों तरफ खोजबीन करने के बाद भी कोई अता पता नहीं चला। बृजपाल ने आरोप लगाया कि मेरे सास और ससुर सालों के सहयोग से विक्रम पुत्र नामालूम के साथ मेरी पत्नी कहीं गई है। जिसका सहयोग मेरे सास और ससुर कर रहे हैं।



जानकारी देता पीड़ित

मेरी पत्नी संगीता देवी घर से रुपए एवं जेवरात भी लेकर गई है। पीड़ित ने जिसकी लिखित तहरीर थाना पुलिस को दी है। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने की बात कही।

# छठ पर डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर की गई सुख-समृद्धि की कामना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

लोक आस्था का पर्व छठ पूजा के तीसरे दिन पांचाल घाट गंगा तट पर डूबते सूर्य को व्रतियों द्वारा अर्घ्य देकर धूमधाम से मनाया गया। व्रतियों ने अपने परिवार के साथ छठी मइया की पूजा अर्चना की। 36 घंटे निर्जला व्रत रखने के बाद विशेष पूजा में बड़ी संख्या में पूर्वांचल विकास समिति के तत्वाधान में भाग लिया।

छठ पूजा का विशेष महत्व है। सभी व्रती निर्जला व्रत रखकर व्रत को पूरा करती है। परिवार के बड़े बुजुर्गों के साथ इस व्रत को रखकर आशीर्वाद लेते है। डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद सूप व टोकरी में फल, मूली व अन्य पूजा की सामग्री के साथ छठी मइया की पूजा की जाती है। गंगा तट पर जल के अंदर खड़े होकर डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया गया और सुख समृद्धि की कामना की गई और पांच बार परिक्रमा की गई। मान्यता है कि छठी देवी सूर्य देवता की बहन है और उन्हीं को प्रसन्न करने के लिए आराधना की जाती है। पौराणिक काल से ही सूर्य को आरोग्य का देवता माना गया है। वैज्ञानिक दृष्टि से सूर्य की किरणों में कई रोगों को समाप्त करने की क्षमता पायी गई है। सूर्य की वंदना का उल्लेख ऋगवेद में है। सभी वेदों के साथ ही उपनिषद आदि वैदिक ग्रंथों में भी इसकी महत्वता व्यक्त की गई है। सूर्य षष्ठी के महत्व को देखते हुए इस वर्ष को सूर्य छठ या डाला छठ के नाम से सम्बोधित किया जाता है। बिहार व उत्तराखण्ड एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और नेपाल की तराईं समेत देश के कई नगरों में यह पर्व मनाया जाता है। कई प्रांतों के लोग यहां निवास करते है। विदेशों में प्रवासी छठ पर्व को आस्था के साथ धूमधाम के साथ मनाते है।



छठ मइया की पूजा करती व्रती



छठ पूजा के दौरान सीओ अमृतपुर व उनकी पत्नी सुष्मिता राय व अन्य

नव विवाहिताओं ने भी व्रत रखा और पूजन किया। विवाहिताओं के मांग में सिंदूर भरकर बुजुर्ग महिलाओं ने आशीर्वाद दिया। पति व बच्चे एवं परिवार के लोग शामिल हुए। सभी सुहागिन महिलाओं ने एक दूसरे के सिंदूर लगाया। सुबह होते ही उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद छठ मइया का विधिवत पूजन होगा। सुरक्षा की दृष्टि से बड़ी संख्या में पुलिस तैनात रही। देर शाम छठ मइया की आरती हुई। इस मौके पर डॉ. रजनी सरीन, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी अमृतपुर, क्षेत्राधिकारी नगर व महिला थानाध्यक्ष, कादरीगेट थानाध्यक्ष के अलावा बड़ी संख्या में महिला आरक्षी एवं फोर्स तैनात रहा। इस दौरान पूर्वांचल विकास समिति के अध्यक्ष केदार शाह, मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव, मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल की डायरेक्टर डॉ. अनीता रंजन, प्रमोद कुमार झा, रामबाबू, डॉ. समीम अहमद, मुकेश दास, हरेन्द्र दुबे, बीबी सिंह, एनडी प्रसाद, मनोज शर्मा, नथुनी गुप्ता, विजय महतो के अलावा महिलाओं में उर्मिला भट्ट, शोभा देवी, दुर्गा कुमारी, अंजू कुमारी, सावित्री देवी, सविता देवी, आराधना देवी, सुष्मिता राय, विवेक मिश्रा, अदित अग्रवाल, मनमोहन मिश्रा, सौरव अग्रवाल, दीपक शाक्य आदि लोग छठ पूजा में शामिल हुए। देर रात आरती के बाद फुलजड़ी व आतिशबाजी छुड़ाकर छठ पूजा उत्सव मनाया गया।

## चंद्रप्रकाश अग्रवाल मेमोरियल वॉलीबॉल चैम्पियनशिप 12 से शुरु

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सीपी इंटर नेशनल स्कूल द्वारा आयोजित होने जा रही चन्द्रप्रकाश अग्रवाल मेमोरियल वॉलीबॉल चैम्पियनशिप जनपद के प्रमुख विद्यालयों के बीच सम्पन्न होगी। १२, १३ व १४ नवम्बर को होने वाली वॉलीबॉल चैम्पियनशिप में विभिन्न विद्यालयों की टीमें भाग लेंगी। जिसमें आर्मी पब्लिक स्कूल, सीपीवीएन, सेंट एंथनी स्कूल, गायत्री इंटरनेशनल स्कूल, गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल, श्रीराम अग्रवाल स्कूल, जेएसएम स्कूल फतेहगढ़, सत्यवती पब्लिक स्कूल, जेएसएम स्कूल कमालगंज, एपी पब्लिक स्कूल, एसडीईएम स्कूल, सेंट पॉल्स पब्लिक स्कूल, सीपीवीएन अंग्रेजी माध्यम, सीपी इंटरनेशनल स्कूल आदि विद्यालयों के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। अंतरजनपदीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में खिलाड़ी अपनी-अपनी रुचि के साथ अपनी प्रतिभा का कौशल दिखायेगें। यह जानकारी श्रवण कुमार मिश्रा ने दी है।

# अंतर्राष्ट्रीय हिंदू रक्षा मंच ने नये लोगों को सौंपी जिम्मेदारी



स्वागत के दौरान पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बढ़पुर स्थित जीवीए ग्रुप के कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू रक्षा मंच के तत्वाधान में बैठक का आयोजन हुआ। संगठन के संरक्षक दुर्वासा ऋषि आश्रम के महंत ईश्वरदास ब्रह्मचारी ने अध्यक्षता की। सर्वसम्मति से फैसला किया गया कि सभी संतो के सहयोग से एक सनातन सेना संगठन का निर्माण किया जाएगा। जिसमें समस्त हिंदूवादी संगठन जुड़कर ब्रह्मचारी के निर्देशन में कार्य करेंगे। ईश्वरदास ब्रह्मचारी ने कहा कि हमारे सनातन का कोई भी कार्यक्रम या कोई यात्रा आदि धार्मिक कार्य होता है तो धर्म विशेष के लोग उस पर पत्थरबाजी करते हैं और तरह-तरह के व्यवधान उत्पन्न करते हैं, जिसको लेकर सनातन सेना सक्रिय होगी और हिंदुत्व के लिए कार्य करेगी, विरोधियों को उसका तत्काल जवाब देगी। इस विषय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष/संस्थापक आचार्य विवेकानंद ने सहमति दी। बैठक का मूल उद्देश्य नए पदाधिकारियों को मंच में शामिल करना एवं उनके दायित्व के विषय में उनको बताया गया।

जिलाध्यक्ष विपिन अवस्थी ने समस्त शीर्ष नेतृत्व की सहमति से डॉ. मनोज चतुर्वेदी को जिला प्रवक्ता नियुक्त किया। जिला महामंत्री महेशबाबू अग्निहोत्री, जिला उपाध्यक्ष मधुसूदन दवे एवं जिला मंत्री विवेक मिश्रा को बनाया गया। आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। जिसमें गोपाष्टमी पर कार्यक्रम करने की रूप रेखा तैयार की गई। इस अवसर पर बबिता पाठक, आरबी सिंह, आलोक भारती, अभिषेक कटियार, रेखा सिंह, अभिषेक मिश्रा, सुमन राजपूत, हिना दबे, दिव्यांशु दीक्षित, आर्यन कुशवाह आदि लोग उपस्थित रहे।

## श्याम जन्मोत्सव कथा 12 नवम्बर से शुरु

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** श्रीश्याम जन्मोत्सव के अवसर पर श्री श्याम कथा 12 व 13 नवम्बर को राधा श्याम शक्ति मंदिर लोहाई रोड पर सम्पन्न होगी।

कथा वाचक आनंद भट्ट राजस्थान से आकर अपने मुखार बिंदु से प्रवचन करेंगे।

## प्रांतीय कला साधक संगम आज से शुरु

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** संस्कार भारती द्वारा प्रांतीय कला साधक संगम का आयोजन 8 नवम्बर से 10 नवम्बर तक उत्सव गेस्ट हाउस बढ़पुर में आयोजित होगा। जिसमें विभिन्न लोग सांस्कृतिक संवाद नाटक एवं नृत्य, गायन, लोक गायन आदि अपनी प्रस्तुतियां देगें। यह जानकारी सुरेन्द्र पाण्डेय ने दी है।

# बाहिदपुर में बन रहे टोल प्लाजा पर किसानों से प्रशासन की बनी सहमति

▸ किसी भी किसान नेता पर प्रशासन नहीं करेगा कार्यवाही: प्रभाकांत मिश्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पिछले 6 माह से जनपद के बाहिदपुर में एनएचएआई द्वारा एनएच 730सी पर आबादी क्षेत्र में बन रहे टोल प्लाजा को लेकर के भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारी और किसान संघर्षरत थे। धरना प्रदर्शन से लेकर के काफी बार प्रशासन से वार्ता हुई। विगत दो दिन पहले हुई वार्ता सफल रही।

बुंदेलखंड कानपुर जोन के उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा ने कहा कि प्रशासन ने हम किसानों की बात मानी और टोल को पीछे बढ़ाया। टोल के कमरे पीछे की तरफ बनेंगे। टोल को जेड आकार में बनाया जाएगा और वहां के निवासी किसानों के लिए एनएचएआई टोल के दोनों तरफ सड़क निर्माण करके देंगे। जिलाध्यक्ष अरविंद शाक्य ने कहा कि हम वार्ता के माध्यम से प्रशासन को धन्यवाद देते हैं जो कि उन्होंने किसानों की बात को ध्यान में रखते हुए टोल प्लाजा का समाधान निकाला। विधिक सलाहकार अजय कटियार ने कहा कि आज से टोल प्लाजा पर कार्य शुरू हो गया है। सबसे पहले जो वहां पर कमरा बना रहे थे उसको हटाया गया है और जो समझौता हुआ है उसका लिखित किसानों को प्रशासन द्वारा उपलब्ध करा दिया जायेगा। आंदोलन को लेकर भ्रामक खबर पर एडीएम सुभाष प्रजापति ने खंडन किया है। जिसकी प्रति किसान नेताओं को सौंपी। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से बाहिदपुर में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। इस अवसर पर कृष्ण गोपाल मिश्रा, विजय शाक्य, अभय यादव, मुकेश शर्मा, लक्ष्मी शंकर जोशी, शिवराम सिंह, प्रदीप कुशवाह आदि मौजूद रहे।



पत्रकार वार्ता में मौजूद किसान नेता



सुरक्षा की दृष्टि से बाहिदपुर में तैनात पुलिस



महिलाओं को जागरुक करती डा0 रजनी सरीन व सीओ सिटी

## मिशन शक्ति के तहत छठ पूजा के दौरान नारी शक्ति को किया गया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पांचाल घाट स्थित गंगा तट पर छठ पूजा के दौरान मिशन शक्ति के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरुक किया गया। गंगा तट पर डॉ. रजनी सरीन व सीओ सिटी ने मिशन शक्ति का पम्पलेट लेकर छठ पूजा करने आयी महिलाओं को जागरुक करते हुए जानकारी दी। सीओ सिटी ने कहा कि सरकार द्वारा चलायी जा रही योजना मिशन शक्ति की हर महिला व बालिका को जानकारी होनी चाहिए। महिलाओं की सुविधाओं के लिए मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें सुरक्षा के उपाय व टोल फ्री नम्बर को बताया गया है। इस मौके पर महिला थानाध्यक्ष के अलावा एसडीएम सदर एवं महिला पुलिस आरक्षी तथा अन्य महिलायें मौजूद रही।

# श्री राम कथा मानव जीवन की प्रेरणा स्रोत है: साधना शर्मा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

21वें मानव सम्मेलन श्री राम कथा की अमृतमयी वर्षा में दिल्ली से पधारी मानस विदुषी प्रीति रामायणी ने कहा वर्तमान समय में श्री राम कथा जीवन का आधार है। इससे श्रवण करने से जीवन की कथा व्यथा दूर हो जाती है, कष्ट मय जीवन में सुख शांति प्राप्त हो जाती है।

भारतीय नारी का सदैव से सम्मान होता रहा है, नारी की अपेक्षा पश्चिमी देशों में हो रही है। उन्हें नारी सशक्तिकरण की आवश्यकता पड़ी।

उन्होंने शंकर पार्वती का विवाह एवं श्री राम विवाह का अंतर बताया। भोलेनाथ की बारात में देवताओं के साथ उपेक्षित वर्ग भूत, प्रेत, नाग, बिच्छू, जीव-जंतुओं को अपनाया और सम्मिलित किया बाराती बनाया। शंकर पार्वती के विवाह में लोकगीत, मंगल गीत, सनातन रीति रिवाज को लोक संगीत के साथ सभी श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। कुमारी साधना शर्मा ने पहले श्री राम कथा और शंकर सती की कथा सुनाई।

जिसमें त्रिया हठ करने से कथा प्रसंग में ब्रह्म की परीक्षा के लिए माता सती का रूप धारण किया। छल प्रपंच में उन्होंने अपने पिता के यहां आत्मदाह करना पड़ा। व्यक्ति को उसके कर्मों का फल अवश्य मिलता है। श्री राम कथा जीवन की प्रेरणा स्रोत है। पंडित सर्वेश कुमार शुक्ल रामायणी ने गोस्वामी तुलसीदास के रामचरितमानस जीवन में विपत्तिको दूर करती है, इसका अध्ययन चिंतन मनन करने की आवश्यकता है। श्रीराम कथा यही जीवन में प्रेरणा देती है। हमीरपुर से पधारे विद्वान अरिमर्दन शास्त्री ने गोस्वामी तुलसीदास के मानस में जयंत की कथा के द्वारा जीवन के मार्ग चित्रण का वर्णन किया। राम कथा के विराम के समय शकुंतला कनौजिया, शारदा सिंह, मधु गुप्ता, निर्मल सिंह, कुसुम, मीरा गुप्ता ने आरती उतारी। मानस सम्मेलन के आयोजक भारत सिंह ने सभी का स्वागत किया। राम कथा का संचालन संत कवि बृजकिशोर सिंह किशोर ने किया। सभी श्रोताओं को समय से आने के लिए आह्वान किया और कहां मानस सम्मेलन से मानव जीवन जीने की कला सिखाती है युवाओं को मानव मूल्यों संस्कारों का निर्माण करती है यही सम्मेलन के आयोजन का उद्देश्य है। राजेश निराला राहुल कनौजिया संजय गुप्ता मनीष गुप्ताअमित गुप्ता मुकेश सिंह गुड्डू गगन अभिनव राम जी युवराज अंजुम दुबे बलराम बी डी शर्मा नेश्रोताओं भक्तों का स्वागत किया।



कथा की अमृत वर्षा करती प्रीती रामायणी मौजूद भक्तगण

# जिला क्रीड़ाधिकारी की उप मुख्यमंत्री से शिकायत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मिक्सड मार्शल आर्टस के अध्यक्ष जयप्रकाश सिंह ने जिला क्रीड़ाधिकारी की शिकायत उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक को पत्र भेजकर की है। शिकायती पत्र में जयप्रकाश सिंह ने आरोप लगाया कि जिला क्रीड़ाधिकारी ने उन्हे स्टेडियम में प्रवेश करने के लिए रोक दिया है। जिससे मार्शल आर्ट्स के खिलाड़ी प्रभावित है। जिला स्तरीय प्रतियोगिता कराने के लिए मिक्सड मार्शल आर्टस की ओर से प्रतियोगिता होनी है। अध्यक्ष जयप्रकाश सिंह ने बताया कि इस संबंध में मिक्सड मार्शल आर्टस के प्रदेश अध्यक्ष उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक को अवगत कराया है कि जिला क्रीड़ाधिकारी द्वारा स्टेडियम में मुझे जाने से रोक लगा दी है। क्रीड़ाधिकारी को पत्र लिखा था उसके बावजूद भी उन्होंने कोई जबाव नहीं दिया है। इस मामले की जांच कराकर स्टेडियम में प्रवेश दिलाये जाने की मांग की है। जयप्रकाश द्वारा विभिन्न खेलों में सहभागिता रहती थी। १५ दिसम्बर २०२३ से १० जून २०२४ तक जिला क्रीड़ाधिकारी लापरवाही के चलते निलंबित भी रह चुके है। खेल संघ के पदाधिकारियों के साथ भेदभाव न किया जाये और जिला क्रीड़ाधिकारी की मनमानी पर विराम लगाया जाये। इस संबंध में जांच कराकर स्टेडियम में प्रवेश दिलाने की मांग की है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सुल्तानगंज खरेटा वि0ख0 शमशाबाद, फर्रु0**

पत्रांकःमीमो/राज्य वित्त/15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 दिनांक 07/11/2024

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सुल्तानगंज खरेटा विकास खण्ड शमशाबाद जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों में सामग्री विवरण के अनुसार कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 08/11/2024 से दिनांक 14/11/2024 को अपरान्ह 02:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 14/11/2024 को अपरान्ह 3 बजे गठित समिति एवं निविदादाताओं एवं उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा एवं अन्य प्रपत्र दिनांक 08/11/2024 से दिनांक 14/11/2024 तक सुबह 10 बजे से अपरान्ह 01 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में 500/- रुपये का भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्र.स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | गोविन्द के घर से जगराम के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 2,45,920 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | मोतीलाल के घर से हंसराम के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 3,88,423 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | नीरज के घर से जगवीर के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 3,82,457 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 4- | देव सिंह के घर से रामशरन के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 3,58,730 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 5- | अरुण कुमार के घर से धनीराम के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 3,70,573 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तें**- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (रामवती) ग्रा0पं0 सुल्तानगंज खरेटा, विकास खण्ड शमशाबाद सचिव (मो0 जीशान)

# कन्हैया लाल पाण्डेय की पुण्यतिथि पर काव्योत्सव आयोजित

▸ विभिन्न क्षेत्र से आये लोगों को किया गया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

साहित्यिक, समाजिक व सांस्कृतिक संस्था वाणी विनायक के तत्वाधान में संस्थापक कन्हैया लाल पाण्डेय की चतुर्थ पुण्यतिथि पर काव्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। नितगंजा स्थित धर्मशाला में आयोजित साहित्यिक अनुष्ठान में मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता रामशंकर अवस्थी ने की। संचालन वैभन सोमवंशी ने किया। मुख्य अतिथि ईश्वरदास ब्रह्मचारी ने सभी को आशीर्वाद दिया। गजलकार नलिन श्रीवास्तव, रामऔतार शर्मा इंदू, रामशंकर अवस्थी अबोध, महेश पाल सिंह उपकारी, दिनेश अवस्थी, वैभव सोमवंशी, प्रीती तिवारी, उपकार मणि, शुभाशीष तिवारी आदि ने काव्यपाठ किया। विभिन्न क्षेत्र से आये लोगों को सम्मानित किया गया। राजनीति के क्षेत्र में विकास पाण्डेय, समाजिक क्षेत्र में सुरेन्द्र पाण्डेय, चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, व्यवसायी के क्षेत्र में मोहन अग्रवाल व पुरुषोत्तम शुक्ला को सम्मानित किया गया। संस्था प्रमुख राजगौरव पाण्डेय ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर बृजकिशोर सिंह किशोर, रामगोपाल वर्मा, सरिता पाण्डेय, कैलाश बाबू, राकेशानंद, संध्या पाण्डेय, अर्चना पाण्डेय, यश पाण्डेय, रितुल वर्मा, रामजी राजपूत, शैलेन्द्र सक्सेना, अमित सक्सेना, शैली दिवाकर, सत्या, पार्थवी पाण्डेय, अरविन्द दीक्षित, अंकित गुप्ता, दीपक रंजन सक्सेना, राकेश कुमार द्विवेदी, भानू प्रकाश गुप्ता, अमित गुप्ता, अनुराग शुक्ला, गौरव राठौर, भूपेन्द्र प्रताप सिंह, कुलभूषण श्रीवास्तव, विशाल श्रीवास्तव, अनूप कुमार गुप्ता, रेनू सिंह, अनुपम अग्निहोत्री, राममोहन शुक्ला, संतोष राजपूत, प्रवीण कुमार, प्रमोद कुमार, रजनेश मिश्रा, रुपलाल वर्मा, माया वर्मा, मनोज कुमार कश्यप, दिलीप अवस्थी, सिमरन सिंधी, सुधीर सारस्वत, लकी गुप्ता, सुभाष गुप्ता, शैलेन्द्र सक्सेना, रत्नेश मिश्रा, कौशलेन्द्र सिंह यादव आदि लोग मौजूद रहे।



ईश्वरदास ब्रह्मचारी को सम्मानित करते राजगौरव पाण्डेय

**कार्यालय-नगर पंचायत-खिमसेपुर, जनपद-फर्रुखाबाद।**

पत्रांकः-174/न0पं0खिम/ई0नि0सू0/2024-25 दिनांक 06/11/2024

**ई-निविदा सूचना**

नगर पंचायत खिमसेपुर जनपद फर्रुखाबाद को वित्तीय वर्ष 2023-24 में 15वां वित्त आयोग (अनटाइड ग्रान्ट) के अन्तर्गत शासनादेश सं0 8/4290/320(3)/15वां वि0आ0/2023-24 लखनऊ दिनांक 21 फरवरी 2024 द्वारा मु0रु0 4706700/- एवं शासनादेश सं0 8/4470/320(3)/15वां वि0आ0/2023-24 लखनऊ दिनांक 16 मार्च 2024 द्वारा 4706700/- एवं 15वां वित्त आयोग (टाइड ग्रान्ट) के अन्तर्गत शासनादेश सं0 सं0 8/4291/320(3)/15वां वित्त वि0आ0/2023-24 लखनऊ दिनांक 21 फरवरी 2024 द्वारा 7060050/- एवं शासनादेश सं0 8/4469/320(3)/15वां वि0आ0/2023-24 लखनऊ दिनांक 16 मार्च 2024 द्वारा मु0रु0 7060050/- एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अन्तर्गत शासनादेश संख्या-93/2024/38/ मु0मं0न0सृ0यो0/9-2-2024-ई0-1829798 नगर विकास अनुभाग-2 लखनऊ दिनांक 12 अगस्त 2024 द्वारा प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति की धनराशि मु0रु0 113.112 लाख एवं आकांक्षी नगर योजना के अन्तर्गत ऑगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण हेतु निदेशालय के पत्र संख्या-8/4447/482/ AAoNaoyoo/2023-24 दिनांक 15 मार्च 2024 एवं कार्यालय जिलाधिकारी, फर्रुखाबाद के पत्र संख्या-967/ इक्कीस-वि0/एल0बी0सी0/2024-25 दिनांक 08 अगस्त, 2024 द्वारा प्राप्त धनराशि मु0रु0 118.4 लाख द्वारा स्वीकृति धनराशि से निर्माण कार्य/आपूर्ति कराये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी है, जिसके लिए ई-निविदा नगर पंचायत खिमसेपुर जनपद फर्रुखाबाद में वर्ष 2024-25 में समस्त ठेकेदार/आपूर्तिकर्ताओं से ई-टेण्डर की वेबसाइट www.etender.up.nic.in के माध्यम से दिनांक 08.11.2024 समय प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 09.12.2024 को अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। टेण्डर मूल्य नगर पंचायत खिमसेपुर द्वारा संचालित खाता संख्या SB 041810210000036, IFS Code-BKIDOARYAGB आर्यावर्त बैंक खिमसेपुर में आर.टी.जी.एस./डी.डी. द्वारा जमा कर निविदा के साथ अपलोड करेंगें एवं निविदा की जमानत धनराशि एफ.डी.आर./एम.एस.सी.05 के रूप में जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत खिमसेपुर के पक्ष में बन्धक बनाकर अन्य आवश्यक अभिलेखों के साथ संलग्न कर निविदा के साथ अनलोड करने के पश्चात मूल अभिलेखों को लिफाफे में बन्द कर दिनांक 09.12.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत खिमसेपुर जनपद फर्रुखाबाद के कार्यालय में रखे टेण्डर बॉक्स में डाला जाना अनिवार्य हैं। ऑनलाईन निविदा दिनांक 09.12.2024 को समय अपरान्ह 04:00 बजे समिति एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष www.etender.up.nic.in पर कार्यालय नगर पंचायत खिमसेपुर में खोली जाएगी। किसी भी निविदा को स्वीकृति /अस्वीकृति करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी महोदय/अध्यक्ष नगर पंचायत खिमसेपुर में निहित है। विस्तृत शर्ते, विवरण एवं निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

| E-Bid Referance | /न0पं0खिम0/2024-25 |
|---|---|
| Publish and Start Date And Time For E-Bids | 08.11.2024 10:00 A.M. |
| Last Date Time For Submission of E-Bids | 09.12.2024 12:00 P.M. |
| Date And Time of Opening E-Bids | 09.12.2024 04:00 P.M. |
| Palace Of Opening of E-Bids | Executive Officer Nagar Panchayat Khimsepur, Farrukhabad |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत खिमसेपुर
फर्रुखाबाद।

अध्यक्ष
नगर पंचायत खिमसेपुर
फर्रुखाबाद।

# करहल विस उपचुनाव में पदाधिकारियों को मिली प्रचार की जिम्मेदारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सपा की मासिक बैठक सम्पन्न हुई। जिला संगठन के तमाम पदाधिकारियों के साथ पूर्व जनप्रतिनिधि ने भी भाग लिया। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि जिस प्रकार सपा पूरे जनपद में कार्य कर रही है, उससे भारतीय जनता पार्टी के कायाकल्पों की कलई खुल गई है। बैठक के मुख्य एजेंडे में गत माह की कार्रवाई की पुष्टि की गई। विधानसभा सदर व विधानसभा कायमगंज में बीएलए बनवाने के संबंध में विचार किया गया। 15 नवंबर तक नए वोट बनवाने पर विचार किया गया। 20 नवंबर को करहल विधानसभा उपचुनाव में जिला संगठन को सेक्टर नंबर 31 की जिम्मेदारी दी गई है। हर दिन प्रचार करने के संबंध में विचार किया गया। कार्यालय में दैनिक एवं मासिक खर्च हैं उस पर विचार किया गया। धान खरीद व खाद उर्वरक की कमी के संबंध में जो सरकार की नाकामयाबी है उस पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि आज भाजपा हर स्तर पर फेल हो चुकी है। यहां तक की किसानों को धान एवं खाद तक नहीं दी जा रही है, जिससे किसान परेशान है, परंतु बीजेपी को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने कहा भाजपा की सरकार में लूट, हत्या, बलात्कार जैसे जघन्य अपराध बढ़ गए हैं। सभी को निर्देश दिया कि वह 15 नवंबर तक अपने-अपने बूथ पर वोटों को बढ़ाने का काम हर हाल में कर ले। जिससे किसी भी मतदाता का नाम वोटर लिस्ट से छूट न जाए। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह यादव, जिला महासचिव इलियास मंसूरी, रमेश चन्द्र कठेरिया, नागेंद्र सिंह शाक्य, सौरभ कटियार, समीर यादव, बृजेश पाल, रोमित सक्सेना, चंद्रेश राजपूत, नरेंद्र सिंह यादव, मोहम्मद इजहार खान, मसरूर खान, सिराजुल अफाक मुन्ना, मोहम्मद चांद खान, रामू गुप्ता, रामपाल सिंह यादव ने अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर मनोज यादव, रूक्मंगल सिंह, नीलम सिंह चौहान, निजाम अंसारी, अश्वनी यादव, शिव शंकर शर्मा, संजीव मिश्रा, अरविंद यादव, मोहम्मद इजहार खान, संदीप यादव, जितेंद्र यादव, राजन यादव, देवेंद्र सिंह यादव, निरभान सिंह, विनीत परमार, अजय यादव, अंकुर शाक्य, रवि यादव, नंद किशोर दुबे, अनिल कुमार, बलराम सिंह यादव, पवन गौतम, विनय यादव, अरुण कठेरिया आदि लोग मौजूद रहे। संचालन इलियास मंसूरी ने किया।



मासिक बैठक में मौजूद पदाधिकारी

## कल्लू मिश्रा को दी गई नगर प्रभारी की जिम्मेदारी


**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने संजीव मिश्रा कल्लू को जिला सचिव मनोनीत किया। उसके साथ संजीव मिश्रा को फर्रुखाबाद नगर क्षेत्र का प्रभारी भी बनाया है। वह नगर क्षेत्र में बीएलए एवं वोट बढ़वाने का काम विधानसभा अध्यक्ष के साथ मिलकर करेंगे। इनके साथ शिव शंकर शर्मा को सदर विधानसभा का प्रभारी भी बनाया गया, वह भी विधान सभा अध्यक्ष का सहयोग करेंगे। किसानों को धान खरीद एवं खाद न मिलने पर चिंता जताते हुए जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने समीर यादव एवं सिराजुल अफाक मुन्ना को जिलाधिकारी को ज्ञापन देने हेतु प्रभारी नियुक्त किया है।

### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आतंकवाद निरोधी सम्मेलन-2024 में कहा

# केंद्र जल्द जारी करेगा आतंक निरोधक नीति

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को आतंकवाद निरोधी सम्मेलन-2024 में कहा कि केंद्र जल्द ही राष्ट्रीय आतंकवाद निरोधक नीति और रणनीति जारी करेगा। उन्होंने कहा कि कानून और व्यवस्था राज्य का विषय है लेकिन आतंकवाद कोई क्षेत्रीय सीमा नहीं जानता।



केंद्रीय गृह मंत्री ने दो दिवसीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में कहा कि गृह मंत्रालय ने आतंकवाद, आतंकवादियों और आतंकवाद के पारिस्थितिकी तंत्र से लड़ने के लिए जो सक्रिय दृष्टिकोण बनाया है, हम उसमें अगला कदम उठा रहे हैं।

उन्होंने कहा, हम कुछ महीनों में एक राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी नीति और रणनीति लेकर आएंगे लेकिन जैसा कि मैंने कहा, पुलिस राज्य का विषय है और लड़ाई राज्य पुलिस को ही करनी होगी। सूचना देने से लेकर कार्रवाई करने तक केंद्रीय सभी एजेंसियां आपका साथ देंगी।

▸ **एनआईए का उपयोग करके आतंक, नारकोटिक्स, हवाला और देश की सीमा, अर्थतंत्र व सुरक्षा को खतरे में डालने वाली गतिविधियों के खिलाफ लड़ने का मजबूत तंत्र बनाना होगा**

शाह ने कहा कि इतने बड़े देश में कानून और व्यवस्था को केंद्र नहीं संभाल सकता। जहां तक आतंकवाद से निपटने का सवाल है, राज्यों की अपनी सीमाएं हैं। राज्यों की भौगोलिक सीमाएं भी हैं, संवैधानिक सीमाएं भी हैं लेकिन आंतकवाद और आतंकवादियों की कोई सीमाएं नहीं हैं। वो अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र भी करते हैं। उन्होंने कहा कि इसके खिलाफ यदि हमें सटीक तरीके से रणनीति बनानी है तो एनआईए का उपयोग करके इस प्रकार के सम्मेलनों के माध्यम से आतंकवाद, नारकोटिक्स, हवाला और देश की सीमा, अर्थतंत्र और सुरक्षा को खतरे में डालने वाली गतिविधियों के खिलाफ लड़ने का मजबूत तंत्र बनाना होगा। केंद्रीय एजेंसियों द्वारा आरडीएक्स पकड़े जाने की खबरों को मीडिया में तरजीह नहीं दिये जाने पर शाह ने कहा कि जब आरडीएक्स बरामद होता है, तो उसे केवल दो कॉलम की जगह भी नहीं मिलती है लेकिन जब उसी आरडीएक्स से बने बम फटते हैं तो मीडिया में कई दिनों तक व्यापक कवरेज होती है।

**36,468 पुलिस कर्मियों ने अपने प्राणों की आहुति दी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आजादी के 75 साल बीत चुके हैं। अब तक देश की आंतरिक सुरक्षा और सीमाओं की सुरक्षा बनाए रखने के लिए 36,468 पुलिस कर्मियों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। शाह ने उन सभी को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के देश का प्रधानमंत्री बनने के 10 साल के भीतर भारत सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ ठोस रणनीति अपनाई। आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस के उनके आह्वान को आज भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया ने स्वीकार किया है। भारत के अंदर आतंकवाद से लड़ने के लिए एक मजबूत इकोसिस्टम तैयार हुआ है। हालांकि, अभी भी बहुत काम किया जाना बाकी है। अमित शाह ने कहा कि आतंकवादी हमले और उनकी साजिशें सीमाहीन और अदृश्य तरीके से हमारे खिलाफ हैं। अगर हमें इससे सटीक तरीके से निपटना है तो हमारे युवा अधिकारियों को उच्चतम तकनीक से लैस करना होगा, उन्हें प्रशिक्षित करना होगा। हम आने वाले दिनों में इसे प्रशिक्षण का अहम हिस्सा बनाएंगे। दो दिवसीय इस सम्मेलन का आयोजन राष्ट्रीय जांच एजेंसी, गृह मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है।

# धर्म से राजनीति चलती है, राजनीति से धर्म नहीं चलता : पं. धीरेंद्र शास्त्री

एजेंसी

**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा में बागेश्वर धाम के पं. धीरेंद्र शास्त्री ने अपनी पांच दिवसीय हनुमंत कथा के दूसरे दिन गुरुवार पत्रकारों से चर्चा के दौरान सनातन संस्कृति, हिंदू राष्ट्र, और समाज सुधार से संबंधित कई विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। शास्त्री ने कहा कि हर भारतीय का कर्तव्य है कि वह न केवल अपने परिवार बल्कि देश और सनातन संस्कृति की भी रक्षा करे। उन्होंने कहा, प्रत्येक भारतीय को अपनी संस्कृति के प्रति सम्मान और सुरक्षा के भाव के साथ माला और भाला अपने पास रखना चाहिए, ताकि समाज में आत्मरक्षा की भावना प्रबल हो।

बागेश्वर धाम के पं. धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि धर्म से राजनीति चलती है, राजनीति से धर्म नहीं चलता। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राजनीति में



धर्म का इस्तेमाल वोट बैंक के रूप में नहीं होना चाहिए।

शास्त्री ने इसे देश का दुर्भाग्य बताया कि राजनेता अपने फायदे के लिए धर्म का इस्तेमाल करते हैं। हिंदू राष्ट्र के मुद्दे पर शास्त्री ने कहा कि जैसे अन्य देशों में बहुसंख्यक समाज को प्रमुखता मिलती है, वैसे ही भारत में भी हिंदुओं को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि भारत ऐसा देश बने, जहाँ विदेशों से आने वाले हिंदू शरण ले सकें।

उन्होंने व्यंग्यात्मक टिप्पणी करते हुए कहा कि बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना पिछले कुछ समय से भारत में रह रही हैं, और भारत का यह स्वभाव है कि हम अपनी सीमाओं और मेहमानों को सुरक्षित रखते हैं। धीरेंद्र शास्त्री ने युवाओं से अपील की कि वे स्वयं की पहचान और शक्ति को पहचाने और समाज में आदर्श स्थापित करें।

**आदिवासी और असहाय बेटियों के लिए एक नई पहल**

धीरेंद्र शास्त्री ने समाज सेवा के कार्यों पर चर्चा करते हुए बताया कि अब तक वे 1000 से अधिक निर्धन और आदिवासी बच्चियों का विवाह करा चुके हैं, जिनके माता-पिता नहीं होते। उन्होंने बताया कि आगामी 26 फरवरी, 2025 को 251 जोड़ों के लिए एक सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन करेंगे, जिसमें विशेष रूप से उन बच्चियों को शामिल किया जाएगा जिनके परिवार नहीं हैं। प्रत्येक दलित दूल्हे की बिंदोरी निकाली जाएगी, और शास्त्री स्वयं इस समारोह में भाग लेकर व्यवस्था संभालेंगे।



पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने नई दिल्ली में 1966 में संसद भवन के बाहर गौ रक्षा आंदोलन में शहीद हुए गौ भक्त साधु संतों की याद में श्रद्धांजलि सभा को संबोधित किया।

## रेलवे ने काटे 242 हरे पेड़ हाईकोर्ट ने शपथ पत्र के साथ मांगा जवाब

**बिलासपुर।** बिलासपुर रेलवे जोन वंदेभारत ट्रेनों के मेंटनेंस के लिए डिपो के निर्माण और नई लाइन के काम के लिए हरे भरे पेड़ों को काट दिया। इस मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए हाईकोर्ट ने स्वत संज्ञान लिया है। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रमेश कुमार सिन्हा और न्यायाधीश बिभु दत्त गुरु की युगलपीठ में गुरुवार को सुनवाई हुई, जिसमें चीफ जस्टिस ने पेड़ कटाई को लेकर के नाराजगी जताई है। वहीं रेलवे के अधिकारियों से शपथ पत्र के माध्यम से जवाब भी मांगा है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि रेलवे के पास कोई विशेषज्ञता है क्या, जो पेड़ को काटें ? वंदेभारत ट्रेनों के मेंटनेंस के लिए डिपो का निर्माण किया जा रहा है। रेलवे ने जहां डिपो बनाने का निर्णय लिया है, वहां पूरी तरह हरियाली बिछी हुई है। पेड़ों की कटाई के लिए वन विभाग की अनुमति जरुरी है।

# उत्तर रेलवे ने त्योहारों पर महत्वपूर्ण स्टेशनों पर की विशेष व्यवस्था

समृद्धि न्यूज

**नई दिल्ली।** रेल से यात्रा करने वाले लोगों को त्योहारों के अवसर पर उनके अपनों से मिलाने हेतु भारतीय रेलवे द्वारा महत्वपूर्ण स्टेशनों पर विशेष व्यवस्था की गई थी। दीपावली व छठ पूजा के त्योहारों के अवसर पर भारतीय रेलवे द्वारा 7,663 विशेष गाड़ियां चलाई, जबकि पिछले साल 4,500 विशेष गाड़ियां चलाई गई थीं। उत्तर रेलवे ने इस वर्ष दिवाली और छठ पूजा त्योहार की भीड़ को प्रबंधित करने के लिए असाधारण काम किया है।

उत्तर रेलवे के दिल्ली डिवीजन द्वारा नई दिल्ली, आनंद विहार टर्मिनल, दिल्ली जंक्शन और हजरत निजामुद्दीन कुछ ऐसे स्टेशन हैं, जहां मण्डल द्वारा विशेष अतिरिक्त व्यवस्था की गई थी। यात्रियों के लिए अतिरिक्त अस्थायी पंडाल लगाए गए, इन पंडालों में रात में उचित रोशनी, पेडस्टल पंखे, पीने का पानी, शौचालय,

▸ **दीपावली व छठ के त्योहारों पर रेलवे ने चलाई 7,663 गाड़ियां**

टिकट और पूछताछ काउंटर आदि सहित सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान की गई। स्टेशनों के मौजूदा बुनियादी ढाँचे, जिसमें सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था, पंखे, एसी वेटिंग हॉल सहित प्रतीक्षालय आदि जैसी यात्री सुविधाओं, के सुचारू संचालन के लिए नियमित रूप से निगरानी की जा रही थी। पूर्व की ओर जाने वाली ट्रेनों को केवल पूर्व निर्धारित प्लेटफॉर्म पर ही खड़ा किया गया, साथ ही त्योहारों पर जाने वाले यात्रियों की आसान आवाजाही के लिए पूर्व निर्धारित प्रवेश द्वार बनाए गए। उत्तर रेलवे द्वारा अतिरिक्त त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की घोषणा की गई और कभी-कभी स्टेशन पर मौजूद भीड़ और अतिरिक्त रेक/कोच की उपलब्धता के आधार पर अघोषित अनिर्धारित रेलगाड़ियां चलाई गयी।

## खबरें एक नजर में

### सुएज इंडिया ने छठ पूजा पर चलाया स्वच्छता अभियान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** छठ पूजा के अवसर पर, वन सिटी वन ऑपरेटर, सुएज़ इंडिया ने नगर निगम के साथ मिलकर लखनऊ के विभिन्न इलाकों में, खासतौर पर श्रद्धालुओं द्वारा अर्घ्य देने वाले स्थानों पर साफ सफाई के कार्यों को पूरा किया। इस पहल का उद्देश्य श्रद्धालुओं को स्वच्छ वातावरण प्रदान करना था, ताकि वे पूजा को सुलभता शांतिपूर्वक और सुरक्षित रूप से संपन्न कर सके। सुएज इंडिया के परियोजना निदेशक राजेश मठपाल ने भी लोक-आस्था के महापर्व छठ पूजा की बधाई शहरवासियो को प्रेषित की एवं ये सुनिश्चित किया की छठ घाट जाने के दौरान किसी भी तरह का सीवर ओवरफ्लो सड़को पर न हो रहा हो। इसके लिए उन्होंने अपनी नेटवर्क टीम को सख्त दिशा निर्देश दिए। छठ पूजा का आयोजन सफल हो इसके लिए सुएज इंडिया की टीम नगर निगम एवं अन्य विभागों को अपना पूर्ण सहयोग प्रदान कर रही है।

### कारोबार में एकाधिकारवाद के खिलाफ हूं : राहुल

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा है भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उन्हें व्यवसाय विरोधी करार देना का प्रयास कर रही है लेकिन सच यह है कि वह कारोबार नहीं बल्कि व्यवसाय में एकाधिकारवाद के खिलाफ हैं। श्री गांधी ने आज वीडियो संदेश में कहा,फ़भाजपा ने मुझे व्यवसाय विरोधी के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया है लेकिन मैं साफ बता देना चाहता हूं कि मैं बिजनेस विरोधी नहीं हूं बल्कि बिजनेस में एकाधिकारवाद के खिलाफ हूं। मैं उस नीति का विरोधी हूं जिसमें एक दो तीन चार पांच लोग ही पूरी तरह से कारोबार पर प्रभावी रहें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया, मैं नौकरियों का समर्थक हूं, व्यवसाय का समर्थक हूं, नवप्रवर्तन का समर्थक हूं, प्रतिस्पर्धा का समर्थक हूं लेकिन मैं एकाधिकार विरोधी हूं। हमारी अर्थव्यवस्था तभी फलेगी-फूलेगी जब सभी व्यवसायों के लिए स्वतंत्र और निष्पक्ष स्थान होगा।

### निसान मोटर 9,000 कर्मचारियों की छंटनी करेगी

**लंदन।** दुनिया की प्रमुख ऑटो मोबाइल कंपनी निसान मोटर 9,000 कर्मचारियों की छंटनी करेगी। साथ ही अपने मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के मासिक वेतन में कटौती करने की घोषणा की है। द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, निसान मोटर ने आज कहा कि वह 9,000 नौकरियों की छंटनी कर देगी और अपनी वैश्विक उत्पादन क्षमता को 20 प्रतिशत तक कम करेगी। उल्लेखनीय है कि निसान अपने सभी मुख्य बाजारों में कमजोर बिक्री से जूझ रही है। कंपनी ने कहा कि जापानी ऑटो निर्माता के मुख्य कार्यकारी मकोतो उचिडा ने अपने मासिक वेतन में 50 प्रतिशत की कटौती पर सहमति जताई है। यह कदम निसान के परिचालन लाभ में भारी गिरावट के बाद आया है। यह चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में 90 प्रतिशत गिरकर 214 मिलियन डॉलर हो गया। इस अवधि के दौरान कंपनी के सभी प्रमुख उत्तरी अमेरिका, जापान और चीन के बाजारों में खुदरा बिक्री में गिरावट आई है।

### भारत ने फिर कहा, बांग्लादेश हिन्दुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करे

**नई दिल्ली।** भारत ने एक बार फिर बांग्लादेश से अपने यहां अल्पसंख्यक खासकर हिन्दुओं की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम करने का आग्रह किया है। भारत ने हाल ही में चटगांव में हिंदू समुदाय पर हुए हमले पर चिंता जाहिर की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में कहा कि हमारे संज्ञान में है कि सोशल मीडिया पर हिंदू धार्मिक संगठनों को निशाना बनाने वाली भड़काऊ पोस्ट के बाद चटगांव में हिन्दुओं की संपत्तियों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को लूटा गया है। समझा जाता है कि ऐसे पोस्ट और इन अवैध आपराधिक गतिविधियों के पीछे चरमपंथी तत्व हैं। इससे समुदाय के भीतर और तनाव पैदा होना तय है। उन्होंने कहा कि भारत एक बार फिर बांग्लादेश सरकार से हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और चरमपंथी तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कड़े कदम उठाने का आग्रह करता है।

### अभिनेता विक्रांत मेस्सी को मिली जान से मारने की धमकी

**मुंबई।** फिल्म अभिनेता सलमान खान को जान से मारने की धमकियों का सिलसिला अभी थमा नहीं है, अब एक और बॉलीवुड एक्टर को जान से मारने की धमकी मिली है। हिंदी सिनेमा में मशहूर हस्तियों को धमकियां मिलना आम बात हो गई है। यह एक गंभीर समस्या भी बन गई है। अभिनेता विक्रांत मेस्सी को जान से मारने की धमकी मिली है। विक्रांत ने इस बात का खुलासा हाल ही में अपनी आने वाली फिल्म द साबरमती रिपोर्ट के ट्रेलर लॉन्चिंग के मौके पर पत्रकार वार्ता के दौरान दी। फिलहाल विक्रांत मेस्सी अपनी आने वाली फिल्म द साबरमती रिपोर्ट के प्रमोशन में व्यस्त हैं। हाल ही में उनकी फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसे फैन्स ने पसंद किया है।

# जुगल किशोर ज्वैलर्स ने विजेताओं को दी बलेनो व थाईलैंड की ट्रिप

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी के प्रतिष्ठित आभूषण ब्रांड जुगल किशोर ज्वैलर्स बाय राजन रस्तोगी ने अपने ग्राहकों के लिए धनतेरस व दिवाली के खास मौके पर एक मेगा ड्रा का आयोजन किया, जिसमें विजेताओं को आकर्षक उपहार जीतने का अवसर मिला। मेगा ड्रा में लकी विजेताओं को पुरस्कार स्वरूप एक शानदार बलेनो कार और कपल के लिए थाईलैंड ट्रिप जैसे बड़े इनाम दिए गए।

इस विशेष आयोजन के प्रथम पुरस्कार में श्रीमती अंजू देवी जैन ने बलेनो कार जीतकर अपनी किस्मत का ताला खोला। वहीं, दूसरे पुरस्कार में श्रीमती नमृता सिंह को थाईलैंड ट्रिप का अवसर मिला। जुगल किशोर ज्वैलर्स की इस योजना को ग्राहकों से भारी समर्थन और प्रोत्साहन मिला। जुगल किशोर ज्वैलर्स बाय राजन रस्तोगी के प्रबंध निदेशक राजन



रस्तोगी ने इस अवसर पर कहा, हमारे लिए यह बहुत गर्व की बात है कि हम अपने ग्राहकों को इस पर्व के अवसर पर कुछ विशेष दे पा रहे हैं।

हमारे ग्राहकों का भरोसा और उनकी पसंद ही हमारे लिए सबसे बड़ा पुरस्कार है और दीपावली के शुभ अवसर पर हम उन्हें उपहार देकर उनकी खुशी में शामिल होना चाहते हैं। जुगल किशोर ज्वैलर्स के निदेशक श्री राघव रस्तोगी ने भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा, धनतेरस और दिवाली पर आयोजित इस मेगा ड्रा का उद्देश्य हमारे ग्राहकों के साथ जुड़ाव को और मजबूत करना था।

## बिहार कोकिला शारदा सिन्हा पंचतत्व में विलीन

**पटना।** बिहार कोकिला के नाम से विख्यात और प्रसिद्ध लोक गायिका शारदा सिन्हा आज यहां पंचतत्व में विलीन हो गईं। 72 वर्षीय शारदा सिन्हा का मंगलवार रात नई दिल्ली के भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में निधन हो गया था। नई दिल्ली से शारदा सिन्हा का पार्थिव शरीर बुधवार को राजेंद्र नगर स्थित उनके आवास पर लाया गया। आज सुबह बिहार की राजधानी के गुलाबी घाट में उनका राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। उनके पुत्र अंशुमान ने मुखाग्नि दी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने परिवार के सदस्यों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। श्रद्धासुमन अर्पित करने पहुंचे पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने कहा कि शारदा सिन्हा से लंबे समय से मधुर संबंध रहा। भाजपा नेता राम कृपाल यादव ने कहा कि शारदा सिन्हा देश का गौरव थीं। आज उनके ना रहने से संगीत जगत में खालीपन हो गया है।

# भारत-भूटान सीमा पर इमिग्रेशन चेक पोस्ट का उद्घाटन

एजेंसी

**तामुलपुर (असम)।** भारत और भूटान के बीच आपसी संबंधों को बढ़ावा देते हुए असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने गुरुवार को तामुलपुर जिले के दरंगा में आयोजित एक समारोह में भूटान के प्रधानमंत्री दासो शेरिंग तोबगे की मौजूदगी में दरांगा इमिग्रेशन चेक पोस्ट का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल आचार्य ने कहा कि यह भारत और भूटान के बीच आपसी मित्रता और सहयोग के लिए एक उपयुक्त समय है, जिसमें असम सभी गतिविधियों का केंद्र है। असम और भूटान की भौगोलिक निकटता को देखते हुए राज्य एक बड़ी भूमिका के लिए तैयार है और इसे भारत-भूटान द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने के लिए एक स्प्रिंग बोर्ड के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। उन्होंने सीमावर्ती बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, व्यापार और वाणिज्य की सुचारू आवाजाही को सुविधाजनक बनाने के प्रयासों और पहलों के लिए



केन्द्र सरकार को भी धन्यवाद दिया। राज्यपाल ने कहा कि यह चेक पोस्ट भारत और भूटान के बीच यात्रा को आसान बनाएगा।

यह व्यापार, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और रणनीतिक सहयोग को बढ़ावा देगा। हमारा रिश्ता अनोखा, साझा सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक संबंधों पर आधारित है। राज्यपाल ने प्रस्तावित रेल संपर्क सहित सीमा पार संपर्क पहलों के महत्व पर बल दिया तथा द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक ऊंचाई पर ले जाने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए दोनों देशों की सरकारों, अधिकारियों और नागरिकों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इस चेक पोस्ट का उद्घाटन हमारे दीर्घकालिक संबंधों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो क्षेत्रीय विकास और सहयोग के लिए नए अवसर खोलता है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार, केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्घेरिटा, असम सरकार के एक्ट ईस्ट नीति मामलों के मंत्री चंद्र मोहन पटवारी भी उपस्थित रहे और उन्होंने अपने विचार भी रखे। कार्यक्रम में सांसद दिलीप सैकिया, भारतीय भूमि बंदरगाह प्राधिकरण के अध्यक्ष आदित्य मिश्रा, सीमा प्रबंधन विभाग के सचिव डॉ. राजेंद्र कुमार, असम सरकार के अतिरिक्त सचिव डॉ. जेबी एक्का, भूटान में भारत के राजदूत सुधाकर दलेला लांग सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड को तीसरे वनडे में हराया



एजेंसी

**ब्रिजटाउन।** कैरेबियाई बल्लेबाज केसी कार्टी गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय शतक बनाने वाले सिंट मार्टेन द्वीप पर जन्मे पहले वेस्टइंडीज खिलाड़ी बन गए। उन्होंने यह उपलब्धि,बारबाडोस में इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय मैच में हासिल की। वेस्टइंडीज ने यह मैच आठ विकेट से जीता। इस जीत के साथ ही वेस्टइंडीज ने 3 मैचों की एकदिनी श्रृंखला 2-1 से जीत ली।

कार्टी ने 114 गेंदों पर नाबाद 128 रनों की पारी खेली, जिससे वेस्टइंडीज ने केंसिंग्टन ओवल में सात ओवर शेष रहते इंग्लैंड के 263/8 के स्कोर को सफलतापूर्वक हासिल कर लिया। यह कार्टी का वेस्टइंडीज के लिए 50वां अंतरराष्ट्रीय मैच था और उनका पहला शतक भी था, कार्टी ने अपनी पारी के दौरान 15 चौके और दो बड़े छक्के लगाए। मैच में टॉस जीतने के बाद वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड के खिलाफ क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया।

इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट (108 गेंदों पर 74 रन, 4 चौके और 1 छक्का) ने श्री लॉयन्स को शानदार शुरुआत दिलाई। विकेटकीपर-बल्लेबाज इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। मध्य क्रम में, मेहमान टीम साझेदारी बनाने में विफल रही और स्कोरबोर्ड पर केवल 263/8 रन ही बना सकी। मैथ्यू फोर्ड ने कैरेबियाई गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई की और 35 रन देकर तीन विकेट चटकाए। रन चेज के दौरान, ब्रैंडन किंग (117 गेंदों पर 102 रन, 13 चौके और 1 छक्का) और केसी कार्टी (114 गेंदों पर 128 रन, 15 चौके और 2 छक्के) ने शानदार प्रदर्शन किया और विंडीज को आठ विकेट से जीत दिलाई। रीस टॉपली और जेमी ओवरटन ही ऐसे गेंदबाज़ थे जो इंग्लैंड के लिए विकेट लेने में कामयाब रहे।

**भारत-अफ्रीका टी20 सीरीज के दौरान कई रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं सूर्यकुमार**

**नई दिल्ली।** भारत दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चार मैचों की टी20आई सीरीज के लिए तैयार है। इस सीरीज के दौरान भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव कई रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं। सूर्यकुमार ने 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ अपना टी20आई डेब्यू किया, उसके बाद उन्होंने 74 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और 169.48 की स्ट्राइक रेट से 2544 रन बनाए हैं। उनका औसत 42.40 है। 34 वर्षीय ने सबसे छोटे प्रारूप में चार शतक और 21 अर्द्धशतक लगाए हैं। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने आखिरी बार बांग्लादेश के खिलाफ टी20आई सीरीज में मेन इन ब्लू का नेतृत्व किया था, जहां उन्होंने तीन पारियों में 37.33 की औसत से 112 रन बनाए थे। आगामी 20 ओवर की सीरीज में, सूर्यकुमार को भारत-दक्षिण अफ्रीका टी20आई में अग्रणी रन बनाने वाले खिलाड़ी बनने के लिए 107 रनों की आवश्यकता है। वर्तमान में, भारतीय कप्तान ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सात टी20ड्ढ मैचों में 175.63 की स्ट्राइक रेट से 346 रन बनाए हैं। उन्होंने 20 ओवर के प्रारूप में प्रोटियाज के खिलाफ एक शतक और चार अर्धशतक लगाए हैं। इस बीच, डेविड मिलर 21 मैचों में 156.94 की स्ट्राइक रेट से 452 रन बनाकर शीर्ष स्थान पर हैं। भारत-दक्षिण अफ्रीका टी20आई में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बनने के अलावा, 34 वर्षीय सूर्यकुमार को टी20आई में सबसे तेज़ 150 छक्के लगाने का मौक़ा भी मिलेगा। 74 टी20आई मैचों और 71 पारियों में सूर्यकुमार ने 44 छक्के लगाए हैं। उन्हें यह उपलब्धि हासिल करने के लिए चार मैचों की टी20आई सीरीज़ में 6 छक्के लगाने होंगे। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच सीरीज़ 8 नवंबर को डरबन के किंग्समीड क्रिकेट स्टेडियम में शुरू होगी।

## उद्धव ठाकरे ने जारी किया शिवसेना (यूबीटी) का घोषणापत्र

**मुंबई।** शिवसेना यूबीटी के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने गुरुवार को मुंबई में विधान सभा चुनाव के लिए अपनी पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया है।उन्होंने कहा कि सूबे में महाविकास आघाड़ी की सरकार आने पर धारावी में एक नया अंतरराष्ट्रीय वित्तीय केंद्र स्थापित किया जाएगा। साथ ही ठाकरे ने घोषणा पत्र में सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाल करने का भी वादा किया है। शिवसेना यूबीटी के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने वरिष्ठ नेता सुभाष देसाई और पूर्व मंत्री अनिल परब मौजूदगी में कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए महाराष्ट्र विकास अघाड़ी (एमवीए) गठबंधन की ओर से एक संयुक्त घोषणापत्र सप्ताहांत तक जारी किया जाएगा। ठाकरे ने अपनी पार्टी का घोषणा पत्र जारी करते हुए कहा, हम अडानी को दिए गए धारावी पुनर्विकास परियोजना को रद्द कर देंगे। बढ़ती बेरोजगारी के कारण युवाओं के लिए रोजगार सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है। इसलिए सत्ता में आने के बाद रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए हम धारावी में एक अंतरराष्ट्रीय वित्त केंद्र का निर्माण करेंगे।

# डब्ल्यूबीबीएल टीम ऑफ द डिकेड के लिए 50 खिलाड़ियों की सूची में शामिल हरमनप्रीत कौर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कप्तान हरमनप्रीत कौर महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) की दशक की टीम के लिए तैयार की गई 50 खिलाड़ियों की सूची में भारत की एकमात्र खिलाड़ी हैं, जिसे गुरुवार को जारी किया गया। सूची में ऐसे क्रिकेटर शामिल हैं, जिन्होंने इस सीजन से पहले कम से कम 60 डब्ल्यूबीबीएल मैच खेले हैं। विशेषज्ञों के चयन पैनल द्वारा सार्वजनिक मतदान को ध्यान में रखते हुए सूची को 12 खिलाड़ियों तक सीमित किया जाएगा। बिग बैश ऐप पर 11-24 नवंबर के बीच सार्वजनिक मतदान खुला रहेगा। दशक की टीम डब्ल्यूबीबीएल के 10 साल के इतिहास के सबसे महान खिलाड़ियों को सम्मानित करेगी। चयन पैनल की अध्यक्षता क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के निदेशक क्ले स्मिथ कर रहे हैं, और इसमें मेल जोन्स, लिसा स्टालेकर, मैथ्यू मॉट, क्वेंटिन हल, लॉरा जॉली और एलिस्टेयर डॉब्सन



भी शामिल हैं।सार्वजनिक मतदान को समान महत्व दिया जाएगा और फिर पैनल उन वोटों की समीक्षा करेगा और अपने स्वयं के चयन के साथ मिलकर 12 खिलाड़ियों वाली टीम को अंतिम रूप देगा, जिसकी घोषणा 1 दिसंबर को डब्ल्यूबीबीएल 10 के फाइनल में की जाएगी। लीग के नियमों के अनुसार अंतिम एकादश में अधिकतम तीन विदेशी खिलाड़ी होंगे।

**दशक की डब्ल्यूबीबीएल टीम के लिए शॉर्टलिस्ट किये गए 50 खिलाड़ियों की सूची**

सारा एली, सामंथा बेट्स, सूजी बेट्स (अंतरराष्ट्रीय), एलेक्स ब्लैकवेल, निकोल बोल्टन, निकोला कैरी, लॉरेन चीटल, सारा कॉयटे, हन्ना डार्लिंगटन, सोफी डिवाइन (अंतरराष्ट्रीय), मिग्नॉन डू प्रीज़ (अंतरराष्ट्रीय), जेस डफिन, रेने फैरेल, एशले गार्डनर, हीथर ग्राहम, निकोला हैंकॉक, ग्रेस हैरिस, लॉरा हैरिस, राचेल हेन्स, एलिसा हीली, सैमी-जो जॉनसन, जेस जोनासेन, मारिजान कप्प (अंतरराष्ट्रीय), हरमनप्रीत कौर (अंतरराष्ट्रीय), डेलिसा किमिन्स, अलाना किंग, हीथर नाइट (अंतरराष्ट्रीय), मेग लैनिंग, लिजेल ली (अंतरराष्ट्रीय), कैटियन मैक, हेले मैथ्यूज (अंतरराष्ट्रीय), ताहलिया मैकग्राथ, टेगन मैकफर्लिन, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिस पेरी, रेचल प्रीस्ट (अंतरराष्ट्रीय), जॉर्जिया रेडमायने, एमी सैटरथवेट (अंतरराष्ट्रीय), मेगन शुट्ट, नताली साइवर-ब्रंट (अंतरराष्ट्रीय), मौली स्ट्रानो, एनाबेल सदरलैंड, स्टेफनी टेलर (अंतरराष्ट्रीय), डेन वैन नीकेर्क (अंतरराष्ट्रीय), एलीस विलानी, जॉर्जिया वेयरहैम, अमांडा-जेड वेलिंगटन, लौरा वोल्वार्ड्ट (अंतरराष्ट्रीय), डैनी व्याट-हॉज (अंतरराष्ट्रीय)।